आश्विन शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 5 अक्टूबर 2024
वर्ष 34, अंक 247, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पहली बार दुर्लभ वातावरण वाले बाहरी ग्रह की खोज 16

क्रिसमस पर रिलीज होगी आलिया की अल्फा 15

## 10 आरोपियों को सीबीआई कोर्ट ने किया दोषसिद्ध

**सीओ जियाउल हक हत्याकांड**

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रतापगढ़ के कुंडा में वर्ष 2013 में हुए सीओ जियाउल हक हत्याकांड मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने शुक्रवार को 10 आरोपियों को दोषसिद्ध करार दिया। कोर्ट ने दोषी करार दिए गए आरोपियों को हिरासत में लेने का आदेश दिया है। सजा पर कोर्ट 9 अक्टूबर को फैसला सुनाएगी।

कोर्ट ने फूलचंद यादव, पवन यादव, मंजीत यादव, घनश्याम सरोज, राम लखन गौतम, छोटेलाल यादव, राम आसरे, मुन्ना पटेल, शिवराम पासी और जगत बहादुर पाल उर्फ बुल्ले पाल को दोषी ठहराया है। उल्लेखनीय है कि 2 मार्च 2013 को सीओ जियाउल हक की प्रतापगढ़ के हथिगवां थाना क्षेत्र में हत्या कर दी गई थी। सीबीआई की फाइनल रिपोर्ट को सीओ की पत्नी परवीन आजाद ने सीबीआई कोर्ट में प्रोटेस्ट याचिका के माध्यम से चुनौती दी थी। जिस पर सीबीआई कोर्ट ने 8 जुलाई 2014 को पारित अपने आदेश में जांच पर गंभीर सवाल उठाए थे। साथ ही सीओ की पत्नी द्वारा दर्ज कराई एफआईआर की अग्रिम विवेचना के आदेश दिए थे व फाइनल रिपोर्ट को अस्वीकार कर दिया था। अग्रिम विवेचना के उक्त आदेश को सीबीआई ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

## मृतक आश्रित की आयु को ध्यान में रखते हुए हों नियमों में बदलाव

### मुख्यमंत्री योगी ने कहा, पुलिस अधिकारी के अच्छे कार्यों और गलतियों का ब्यौरा रखें, पुलिस कार्मिकों को 'ई-पेंशन' से जोड़ने के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि मृतक आश्रितों के प्रकरण में आश्रित की आयु को ध्यान में रखते हुए नियमों में बदलाव पर विचार हो। फिजिकल परीक्षण के नियम व्यावहारिक होने चाहिए। मृतक आश्रितों के प्रकरण का तय समय सीमा के भीतर निस्तारित होना सुनिश्चित करें। इसी कड़ी में उन्होंने पुलिस कार्मिकों को 'ई-पेंशन' से जोड़ने के निर्देश दिए। शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक स्तर के सभी अधिकारियों के साथ अपने



सरकारी आवास पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए मुख्यमंत्री योगी।

सरकारी आवास पर विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने एक- एक कर सभी एडीजी से उनकी वर्तमान पदस्थापना अवधि में किये गए कार्यों, अपनाए गए नवाचारों और उपलब्धियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी के अच्छे कार्यों और गलतियों का पूरा ब्यौरा उपलब्ध होना चाहिए। सभी को तय समय पर योग्यता अनुरूप पदोन्नति मिले। योग्यता और प्रतिभा के अनुरूप पदस्थापना मिले और सेवानिवृत्ति के समय देयकों का भुगतान समय से हो। कमांडो ट्रेनिंग और बेहतर करने की आवश्यकता है।

**सिपाही भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी करने की करें तैयारी :** मुख्यमंत्री के मुताबिक, यूपीपी सिपाही भर्ती परीक्षा का परिणाम इस माह के अंत तक जारी करने की तैयारी करें। रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाएं। परीक्षाओं की शुचिता को हर हाल में सुनिश्चित किया जाना है।

**क्षेत्र का दौरा करें, फाइल लंबित न रखें**

लखनऊ। वरिष्ठ अधिकारी समय पर कार्यालय आएं। किसी भी कार्यालय में कोई फाइल तीन दिन से अधिक लंबित न हो। किसी तरह की समस्या हो तो डीजीपी कार्यालय, गृह विभाग अथवा सीधे मुझसे समय लेकर मिल सकते हैं, लेकिन अनिर्णय की स्थिति में न रहें। क्षेत्र में भ्रमण बढ़ाएं, क्योंकि एडीजी स्तर के अधिकारी के जिलों में जाने से अच्छा अधीनस्थ पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। साइबर फ्रॉड के संबंध में भी जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने पुलिस फोर्स को आधुनिक उपकरण सौंपने और बेहतरीन प्रशिक्षण के लिए व्यवस्थाओं बेहतर करने के भी निर्देश दिए।

**रेलवे ट्रैक की घटनाओं पर लोकल इंटेलिजेंस हो मजबूत**

मुख्यमंत्री ने कहा, हाल के दिनों में रेलवे ट्रैक पर सिलेंडर, रॉड आदि चीजें मिली हैं। यह चिंताजनक है। इसके लिए जीआरपी, आरपीएफ, रेलवे प्रशासन और सिविल पुलिस को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। लोकल इंटेलिजेंस को और मजबूत किया जाना चाहिए। वीमेन पॉवर लाइन 1090 में जिन जिलों से कम फोन कॉल आ रहे हैं, वहां इसके बारे में जागरूकता बढ़ाएं।

## एक नजर

**बारूदी सुरंग में धमाका दो जवान हुए घायल**

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शुक्रवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास बारूदी सुरंग में धमाका होने से सेना के दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि उत्तरी कश्मीर जिले के त्रेहगाम इलाके में नियंत्रण रेखा के पास गश्त के दौरान तड़के बारूदी सुरंग में धमाका होने से सेना के दो जवान घायल हो गए। उन्हें द्रुगमुल्ला में सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**अभिनेता गोविंदा को अस्पताल से छुट्टी मिली**

मुंबई। अभिनेता गोविंदा को शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई जो रिवॉल्वर से दुर्घटनावश गोली चलने के कारण घायल हो गए थे। यह हादसा कैसे हुआ, सभी के मन में उठ रहे इस प्रश्न के उत्तर में उन्होंने अपनी चिरपरिचित मुस्कान के साथ कहा कि वो गिरी और चल पड़ी। मंगलवार को गोविंदा जब घर से रवाना होने वाले थे तभी उनकी रिवॉल्वर से गोली चल गई जिससे वह घायल हो गए।

**मिजोरम में 6.65 करोड़ की नशीली गोलियां बरामद**

आइजोल। असम राइफल्स ने मिजोरम के आबकारी और मादक पदार्थ रोधी विभाग के साथ संयुक्त अभियान में सियाहा शहर से 6.65 करोड़ रुपये मूल्य की मेथमफेटामाइन गोलियां जब्त की और म्यांमा के एक नागरिक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया।

## मिर्जापुर में बेकाबू ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली में मारी टक्कर, 10 की मौत

### तीन की हालत गंभीर, ट्रैक्टर से वाराणसी जा रहे थे मजदूर

- कछवा थाना क्षेत्र स्थित जीटी रोड पर हुआ दर्दनाक हादसा
- प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने जताई संवेदना

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** मिर्जापुर के कछवा बाजार थाना अंतर्गत बेकाबू ट्रक ने मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार 10 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ट्रक कब्जे में ले लिया जबकि उसका चालक फरार है।

मिर्जापुर के पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के अनुसार, मिर्जा मुराद थाना क्षेत्र के रामसिंहपुर और बीरबलपुर गांव के दर्जनों मजदूर भदोही के तिवारी गांव में छत की ढलाई का काम कर रात दो बजे के लगभग ट्रैक्टर-ट्रॉली से अपने घर मिर्जा मुराद जा रहे थे। इस बीच मिर्जापुर जिले के कछवा थाना क्षेत्र के कटका गांव स्थित नेशनल हाईवे पर औराई की तरफ से आ रहे एक ट्रक ने ट्रैक्टर के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। जिसमें 10 मजदूरों की मौत हो गई। तीन घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जिनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मृतकों में मिर्जा मुराद थाना क्षेत्र के रामसिंहपुर/ बीरबलपुर गांव निवासी भानु प्रताप (25), विकास कुमार (20), अनिल कुमार (35), सूरज कुमार (22), सनोहर (26), राकेश कुमार (25), प्रेम कुमार (42), राहुल कुमार उर्फ टूल्लू (28), नितिन कुमार (22) और रोशन कुमार (17) शामिल हैं। रामसिंहपुर/बीरबलपुर गांव के आकाश कुमार (18) पुत्र नंदलाल, जमुनी (26) पुत्र सहती व अजय सरोज (50) घायल हैं।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ट्रक और मौके पर मौजूद स्थानीय लोग।

**प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री ने की आर्थिक मदद की घोषणा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सड़क दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता राशि देने के निर्देश दिए। वहीं मिर्जापुर की सांसद और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने एक्स पर लिखा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति और शोक संतप्त परिवारों को इस कठिन समय में संबल दें।

**गोंडा में सड़क हादसे में चार युवकों की मौत**

इटियाथोक, गोंडा। रिश्तेदारी में जा रहे एक युवक और उसके तीन दोस्तों के लिए बोलेरो की तेज रफ्तार काल बन गई। इटियाथोक खरगूपुर मार्ग बेंदुली गांव के मोड़ पर बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में बोलेरो सवार चारों युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बोलेरो में फंसे युवकों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान अभिषेक साहू निवासी ठडक्की पट्टी, धर्म सिंह निवासी कंसापुर, राम बच्चन पांडेय निवासी तिवारी बाजार झंझरी व दीपू निवासी कचनापुर दुल्लापुर तरहर के रूप में हुई। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडे ने बताया ने घटना आधी रात की है। मुख्यमंत्री योगी ने परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## पुणे में 21 वर्षीया युवती से सामूहिक दुष्कर्म, मारपीट

- पुरुष मित्र को पेड़ में बांधकर की पिटाई

पुणे। महाराष्ट्र में पुणे शहर के बाहरी इलाके में 21 वर्षीय युवती के साथ तीन लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म और मारपीट की। उसके पुरुष मित्र की पेड़ से बांधकर पिटाई की। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि यह घटना गुरुवार रात करीब 11 बजे बोपदेव घाट इलाके की है। पुलिस ने दो संदिग्धों के स्केच जारी किए और उन्हें पकड़ने के लिए लोगों से मदद मांगी। पुलिस ने बताया कि घटना कोंढवा पुलिस थाना क्षेत्र की है।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रंजन कुमार शर्मा ने बताया कि युवती और उसका पुरुष मित्र देर रात बोपदेव घाट इलाके में गए थे, जहां तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उसके (युवती) साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि तीनों ने पहले महिला के पुरुष मित्र को अपराध स्थल पर एक पेड़ से बांध दिया और फिर बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। शर्मा ने बताया कि महिला अपने पुरुष मित्र के साथ पुणे शहर में महाराष्ट्र सरकार द्वारा संचालित ससून जनरल अस्पताल पहुंची। उन्होंने बताया कि आरोपियों का पता लगाने के लिए पुलिस की 10 टीम गठित की गई हैं।

## सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 30 नक्सलियों को मार गिराया

- भारी मात्रा में एके-47, एसएलआर सहित हथियार बरामद
- नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा पर अबूझमाड़ में हुई गोलीबारी

नारायणपुर (छत्तीसगढ़), एजेंसी

छत्तीसगढ़ में चल रहे अब तक के सबसे बड़े नक्सल ऑपरेशन में शुक्रवार को सुरक्षा बल के जवानों ने 30 नक्सलियों को मार गिराया जिसमें करीब 28 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। नारायणपुर और दंतेवाड़ा के सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में यह मुठभेड़ नेंदूर एवं थुलथुली गांव के जंगलों में हो रही थी। पुलिस तथा नक्सलियों के बीच दोपहर से ही मुठभेड़ जारी है, राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नारायणपुर-दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षाबल की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में 28 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। जबकि बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पी सुंदरराज ने मुठभेड़ में 30 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पी सुंदरराज ने दावा किया कि इस मुठभेड़ में शामिल सुरक्षा बलों के जवानों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। वहीं मौके से सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में एके 47, एसएलआर सहित कई अन्य हथियार भी बरामद किए हैं। यह मुठभेड़ नेंदूर और थुलथुली गांव के जंगलों में हो रही थी। बताया कि गुरुवार को डीआरजी और एसटीएफ की संयुक्त टीम नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले के थाना ओर्चा तथा बारसूर क्षेत्र के गांव गोवेल, नेंदूर एवं थुलथुली की ओर सर्च अभियान के लिए रवाना हुई थी। अभियान के दौरान शुक्रवार को दोपहर लगभग 12:30 से 1 बजे के बीच पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। सुरक्षा बलों द्वारा सर्च अभियान अभी भी जारी है।



**नक्सलवाद का खात्मा ही हमारा लक्ष्य : साय**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि जवानों को मिली यह बड़ी कामयाबी सराहनीय है। उनके हौसले और अदम्य साहस को नमन करता हूं। नक्सलवाद के खात्मे के लिए शुरू हुई हमारी लड़ाई अब अपने अंजाम तक पहुंचकर ही दम लेगी, इसके लिए हमारी डबल इंजन सरकार दृढ़ संकल्पित है। प्रदेश से नक्सलवाद का खात्मा ही हमारा लक्ष्य है।

## केजरीवाल ने मुख्यमंत्री आवास खाली किया

- आप सांसद अशोक मित्तल के बंगले में हुए शिफ्ट



नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित अपना सरकारी आवास खाली कर दिया, जहां वह पिछले नौ साल से रह रहे थे। इसके बाद वह लुटियन दिल्ली में स्थित आप के एक राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल को आवंटित आवास में रहने के लिए चले गए। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक पत्नी, बेटा, बेटी और माता-पिता के साथ दो वाहनों में मंडी हाउस के समीप 5, फिरोजशाह रोड स्थित आवास में रहने के लिए चले गए। केजरीवाल, उनकी पत्नी और बेटा एक कार में थे, जबकि उनके माता-पिता और बेटी दूसरी कार में थे। मुख्यमंत्री आवास खाली करने से पहले केजरीवाल परिवार को उनके पुराने आवास के कर्मचारियों ने भावुकतापूर्ण माहौल के बीच विदा किया।

## उत्तराखंड में वायरस से ठप हुआ सरकारी कामकाज

- 48 घंटों में ऑनलाइन और ई ऑफिस से जुड़े काम नहीं हुए

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड का आईटी सिस्टम पिछले 48 घंटे से पूरी तरह ठप है। राज्य के आईटी डिपार्टमेंट के एक्सपर्ट समेत केंद्रीय एजेंसी से जुड़े एक्सपर्ट भी सिस्टम में आए वायरस की जांच में जुटे हैं। ई सिस्टम में आए एक वायरस ने पूरे प्रदेश के सरकारी कामकाज को प्रभावित कर दिया है।

सचिवालय हो या तमाम दूसरे विभाग, कहीं भी ई ऑफिस से जुड़े काम नहीं हो पा रहे हैं। बड़ी बात यह है कि पिछले 48 घंटे से कामकाज ठप है। विशेषज्ञ इसे ठीक करने में जुटे हैं। दो दिन पहले आईटीडीए को सरकारी सर्वर में वायरस आने की जानकारी मिली थी। इसके बाद सुरक्षात्मक रुख अपनाते हुए राज्य के ई ऑफिस से जुड़े सभी एप्लीकेशंस को बंद कर दिया गया। जब इस नेटवर्क को डाउन किया गया तो राज्य भर में सभी ऑनलाइन काम पूरी तरह से रुक गए। आईटीडीए इसे साइबर अटैक नहीं मान रहा है। इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट एजेंसी (आईटीडीए) की निदेशक नितिका खंडेलवाल के अनुसार अभी इस वायरस के बारे में कुछ भी कहना मुश्किल है।

## तिरुपति लड्डू विवाद की अब स्वतंत्र एसआईटी करेगी जांच

- सुप्रीम कोर्ट ने किया पांच सदस्यीय टीम का गठन

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने तिरुपति लड्डू बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यीय स्वतंत्र विशेष जांच दल (एसआईटी) का शुक्रवार को गठन करने के साथ ही स्पष्ट किया कि वह अदालत का राजनीतिक युद्ध के मैदान के रूप में इस्तेमाल किए जाने की अनुमति नहीं देगा। यह आदेश इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त जांच दल उस एसआईटी का स्थान लेगा जिसका गठन आंध्र प्रदेश सरकार ने तिरुपति लड्डुओं को बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच के लिए 26 सितंबर को किया था। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि एसआईटी में सीबीआई और आंध्र प्रदेश पुलिस के दो-दो अधिकारियों के अलावा एफएसएसएआई (भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण) का एक वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होगा।

## तीसरी मंजिल से कूदे महाराष्ट्र विस उपाध्यक्ष

**महाराष्ट्र विस की घटना**

- धनगर को एसटी का दर्जा देने के विरोध में उठाया कदम
- एक अन्य विधायक और सांसद भी थे, जाल ने बचाई जान

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र विधानसभा के उपाध्यक्ष नरहरि झिरवाल सहित कुछ आदिवासी नेता धनगर समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिए जाने के विरोध में राज्य सचिवालय मंत्रालय की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। निचली मंजिल पर लगे सुरक्षा जाल पर गिरने के चलते उनकी जान बच गई। अधिकारियों ने बताया कि छह मंजिला मंत्रालय परिसर में हुई घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन कुछ समय तक स्थिति तनावपूर्ण रही।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक झिरवाल और किरण लहामाटे और भाजपा के आदिवासी सांसद हेमंत सवारा उन लोगों में शामिल हैं जो तीसरी मंजिल से दूसरी मंजिल पर लगे सुरक्षा जाल पर कूद गए जिसे 2018 में लगाया गया था। पुलिस ने बताया कि घटना दोपहर करीब 12:40 बजे हुई। इस घटना में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के दो विधायक और एक सांसद शामिल थे। जब पुलिस कर्मियों ने इन नेताओं को जाल से हटाया तब आदिवासी प्रतिनिधि मैदान में एकत्रित हो गए और धरना देने लगे। उनका आरोप था कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे आरक्षण पर चर्चा के लिए उनसे मुलाकात नहीं कर रहे हैं। पेशे से चरवाहा धनगर समुदाय एसटी का दर्जा देने की मांग कर रही हैं ताकि आरक्षण का लाभ मिल सके। लेकिन झिरवाल और अन्य आदिवासी नेता विरोध कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि इस तरह से विरोध प्रदर्शन क्यों किया, झिरवाल ने कहा कि मैं पहले आदिवासी हूं फिर विधायक और डिप्टी स्पीकर हूं। मुख्यमंत्री शिंदे को प्रदर्शनकारियों से मिलना चाहिए।



विधान परिषद के सदस्य एवं भाजपा नेता गोपीचंद पडलकर ने कहा कि झिरवाल एक संवैधानिक पद पर हैं और उन्हें ऐसा कदम उठाने की कोई जरूरत नहीं है।

## उच्च न्यायालयों के आदेश रद करने के मामले में बनेगा कानून

- सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान दी व्यवस्था



नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह खुली अदालतों में उच्च न्यायालयों द्वारा दिए गए अपने ही आदेशों को निरस्त किए जाने के मुद्दे पर कानून बनाएगा। शीर्ष अदालत के सामने एक ऐसा मामला आया है जिसमें मद्रास उच्च न्यायालय ने एक पूर्व आईपीएस अधिकारी के खिलाफ धनशोधन के मामले को रद कर दिया था और बाद में अपने निर्देश को संशोधित करते हुए मामले की फिर से सुनवाई की थी। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तमिलनाडु हाउसिंग बोर्ड के एक भूखंड के अवैध आवंटन के सिलसिले में पूर्व आईपीएस अधिकारी एमएस. जाफर सैत के खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले की कार्यवाही पर रोक लगा दी। अगली सुनवाई 22 नवंबर को होगी।

सुप्रीम कोर्ट पूर्व आईपीएस अधिकारी सैत की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। उन्होंने दलील दी थी कि मामले में कार्यवाही रद करने की उनकी याचिका स्वीकार करने के कुछ दिनों के भीतर उनके मामले की फिर से सुनवाई की गई।

## केंद्र की 10 वर्षों में 75 हजार मेडिकल सीट बढ़ाने की योजना

अहमदाबाद। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अगले 10 वर्षों में देश भर में और 75 हजार मेडिकल सीट बढ़ाने की योजना बना रहा है। शाह ने शहर के पास अडालज गांव में एक न्यास द्वारा संचालित अस्पताल 'हीरामणि आरोग्यधाम' का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छता अभियान शुरू किया, जो बीमारियों को खत्म करने का अभियान था।

**हौसले को सलाम** विदेशियों को दे रहीं प्रशिक्षण, मन की बात में प्रधानमंत्री से की थी बात, सीतापुर की रहने वाली सुनीता को दिया था ड्रोन दीदी का नाम

## पीएम की ड्रोन दीदी ने 3 हजार महिलाओं को दिया रोजगार

जीशान कदीर, सीतापुर

**अमृत विचार :** किसानों के लिए जैविक खेती का नुस्खा बताने वाली सुनीता ने देश-दुनिया में ड्रोन दीदी के नाम से पहचान बना ली है। स्वयं प्रधानमंत्री इन्हें ड्रोन दीदी का खिताब देकर सम्मानित कर चुके हैं। वर्तमान में ड्रोन दीदी सीतापुर जिले की करीब 3 हजार से भी अधिक महिलाओं को रोजगार दे चुकी हैं और अब वे सोशल मीडिया के जरिए विदेशियों को भारत की पारंपरिक खेती की दीक्षा दे रही हैं। मछरेहटा इलाके के गोंडा गांव में जन्मीं सुनीता देवी ने बीए तक शिक्षा हासिल की। वो बताती हैं कि विवाह होने के बाद पति संतोष वर्मा की नौकरी भी छूट गई। तब उन्होंने ठान लिया कि कुछ करके दिखाना हैं।



ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण देतीं ड्रोन दीदी सुनीता।

सुनीता वर्ष 2017 में एक एनजीओ से जुड़ीं, जहां गाय के गोबर और मिट्टी से सामान बनाना सीखा, फिर 2019 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कृषि विज्ञान केंद्र कटिया में जैविक उपज प्रशिक्षण लिया। इसके बाद स्वयं का ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह बनाया। सीतापुर से जुड़ी बिसवां, महमूदाबाद, मिश्रिख और लहरपुर तहसील के 100 गांव में जा-जाकर महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया। तीन वर्ष के भीतर 3000 के करीब महिलाओं को गोवंश के गोबर से लक्ष्मी-गणेश, शुभ-लाभ, दीपक, प्राकृतिक रंग, चरण आदि बनाना सिखाया। अधिकतर महिलाएं इन सामानों को बेचकर रोजगार कर रही हैं। इसी वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात में सुनीता से बातचीत कर चुके हैं। वो कहती हैं कि फेस-बुक और एक्स पर अमेरिका, इंग्लैंड समेत कई विदेशी लोग भी उनसे प्रशिक्षण पा रहे हैं।

**मुफ्त राशन योजना से पलता है उनके परिवार का पेट**

ड्रोन दीदी सुनीता ड्रोन के माध्यम से महीने में सिर्फ 10-15 हजार रुपये कमा लेती हैं। जिससे बेटे आदित्य और अनुभव की पढ़ाई-लिखाई और बिसवां में कमरे का किराया हो जाता है। बाकी सरकार की मुफ्त राशन योजना से उनका, पति, बच्चों और मां अनीता और सास सुमित्रा का पेट पलता है। गांव में कच्चा घर गिर जाने के कारण अब सास और मां भी सुनीता के पास ही रहती हैं।

## एक नजर

### बंधक बनाकर मारपीट का आरोप, सात पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** नगर के मोहल्ला महुआटोला में युवक को बंधक बनाकर मारपीट करने का वीडियो वायरल हो गया। घायल की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला महुआटोला निवासी घायल युवक मोहित का वीडियो सोशल मीडिया पर शुक्रवार को वायरल हो रहा था। जिसका संज्ञान लेकर कोतवाली पुलिस ने घायल की तहरीर पर मोहल्ला महुआ टोला निवासी शिवम, राजीव, अमित पुत्रगण पालू और पवन पुत्र सुनील सहित तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### कार में फंस कर डिवाइडर से टकराया युवक, घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** हाईवे पर एलआईसी के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। बाइक सवार कार में फंसकर घसिटता हुआ डिवाइडर से जा टकराया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल हालत में शाहाबाद कोतवाली पुलिस ने बाइक सवार को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला वाजिद के निवासी साजिद 26 वर्ष पुत्र नवाब अली शुक्रवार की दोपहर बाइक से अल्लाहपुर की ओर जा रहा था। पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे साजिद कार में फंस गया और डिवाइडर से जा टकराया, गंभीर रूप से घायल हो गया।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बालामऊ जंक्शन से सीतापुर रेलवे ट्रैक पर युवक मालगाड़ी की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। शव की दूसरे दिन शिनाख्त हो सकी। बालामऊ जीआरपी चौकी ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। गुरुवार की देर रात जीआरपी को बालामऊ जंक्शन से सीतापुर को जाने वाले रेलवे ट्रैक पर 24 वर्षीय युवक का शव पड़ा होने की जानकारी हुई। शव की शिनाख्त जैविक तिवारी पुत्री वेद शर्मा तिवारी निवासी मुराउ टोला कस्बा बेनीगंज के रूप में की गई।

### ट्रैक्टर-ट्राली बिजली के पोल से टकराई, कई लोग घायल

**हरदोई।** मुण्डन संस्कार के लिए शंखेश्वर मंदिर साखिन जा रही ट्रैक्टर-ट्राली बिजली के पोल से टकरा गई, जिससे उस पर सवार कई लोग घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। एक युवक को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। शुक्रवार को टड़ियावां थाने के भौता कमालपुर निवासी सोमनाथ के के तीन वर्षीय पुत्र का मुण्डन संस्कार कराने के लिए ट्रैक्टर-ट्राली से साखिन जा रहे थे।

# नैमिषारण्य धाम जाने वाला मार्ग नेवादा में बदहाल

- हर दिन करीब 50 हजार राहगीरों का होता है आवागमन
- लखनऊ-हरदोई रोड से माल-नेवादा होते हुए सीतापुर के नैमिषारण्य धाम को जाता है मार्ग

संवाददाता, अतरौली, हरदोई



नेवादा बाजार में बदहाल मलिहाबाद-कोथावां मुख्य मार्ग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खंड भरावन के अंतर्गत नेवादा मुख्य बाजार में मलिहाबाद-कोथावां मार्ग पर जलभराव से सैकड़ों राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत कर समस्या दूर कराने की मांग की है।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामचंद्र शुक्ल बाबूजी ने बताया कि मलिहाबाद-कोथावां मार्ग लखनऊ-हरदोई मार्ग से 51 शक्ति पीठ में से एक नैमिषारण्य धाम को जोड़ता है। इस मार्ग से रोजाना लगभग 50 हजार लोगों का आवागमन रहता है। नेवादा मुख्य बाजार में जलभराव से राहगीरों का निकलना दूभर है। यहां से कोथावां, गोड़वा, बहेरिया, अतरौली, भरावन, मिश्राखेड़ा सहित माल व मलिहाबाद के लिए बड़े पैमाने पर यातायात होता है। लखनऊ-हरदोई सड़क बनने के दौरान पिछले एक साल से इस मार्ग पर बड़े वाहनों का आवागमन कई गुना बढ़ गया है। लोग हरदोई से लखनऊ जाने के लिए इसी मार्ग से होकर जाते हैं। कोचिंग संचालक गौरव दीक्षित का कहना है कि मुख्य मार्ग पर जलभराव से छात्र-छात्राओं को निकलने में समस्या होती है। जलभराव के कारण सड़क में गहरे गड्ढे हो गए हैं। जिसमें अक्सर बच्चे साइकिल लेकर गिर जाते हैं। निकलते समय कोई वाहन निकलने से बच्चों की ड्रेस खराब हो जाती है। व्यापारी पंकज शुक्ला का कहना है कि मुख्य बाजार में जलभराव से व्यापार चौपट हो रहा है। आए दिन हादसे होते रहते हैं। अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से कह कर थक चुके हैं। प्रधानाचार्य जयनारायण पांडे ने बताया कि नेवादा में सप्ताह में तीन दिन हॉट बाजार लगता है। मिश्राखेड़ा बाजार जाने का रास्ता भी यहीं से है। नरियाखेड़ा में बड़ी पशु बाजार सप्ताह में दो बार लगती है। नेवादा से भटपुर होते हुए सीतापुर हाइवे को भी यह मार्ग जोड़ता है। इस मार्ग से काफी आवागमन रहता है, लेकिन जलभराव से सड़क पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। गड्ढों में गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं। अधिकारियों को इस ओर ध्यान देकर जल्द मार्ग दुरुस्त करना चाहिए।

सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बाजपेई ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा समस्या से अवगत कराया गया है। जलभराव की वजह से सड़क में गहरे गड्ढे हो गए हैं। समस्या के निराकरण के लिए अधिकारियों से बात करेंगे।



रामचंद्र शुक्ल।
पूर्व जिला पंचायत सदस्य



गौरव दीक्षित।



पंकज शुक्ला।



जयनारायण पांडेय।
प्रधानाचार्य



नरेंद्र बाजपेई
सांसद प्रतिनिधि

# डॉ. भीमराव और बुद्ध की मूर्ति का किया अनावरण



लालपुर में मूर्ति का अनावरण करते मंत्री पुत्र आदि तिवारी।

संवाददाता, शाहाबाद हरदोई

**अमृत विचार।** शाहाबाद ब्लॉक के ग्राम लालपुर में डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा बुद्ध की मूर्ति का अनावरण प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री एवं शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रजनी तिवारी के प्रतिनिधि और पुत्र आदि तिवारी ने किया।

इस मौके पर आदि तिवारी ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और महात्मा बुद्ध जी के बताए हुए मार्गों का हम सभी को अनुसरण करना चाहिए। दोनों महापुरुषों ने जीवन पर्यंत दूसरों की सेवा की और समाज को एक नई दिशा दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत, नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष सुधीर श्रीवास्तव, सतपाल राजपूत एवं सुशील राजपूत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बुखार व दस्त से पीड़ित बच्ची की मौत, कई बच्चे बीमार

## टड़ियावां क्षेत्र के गांव में बुखार ने पसारे पांव, जिला अस्पताल सहित चिकित्सालयों में उमड़ रही मरीजों की भीड़

संवाददाता, टड़ियावां, हरदोई



मेडिकल कालेज में मरीजों की लगी कतार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बदलते मौसम के चलते संक्रामक बीमारियों के साथ ही सामान्य बुखार व पेट दर्द जैसी बीमारियां जोर पकड़ रही हैं। टड़ियावां में बुखार और दस्त के चलते तीन साल की बच्ची को सीएचसी ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। बच्ची टड़ियावां थाने के सोहासा गांव की थी, उस गांव में और भी तमाम बच्चे बुखार में तप रहे है, जिनका निजी हास्पिटल में इलाज चल रहा है।

टड़ियावां थाने के सोहासा निवासी अखिलेश सक्सेना की तीन वर्षीय पुत्री अंकिता को बुखार आ रहा था, उसके घर वाले उसे सीएचसी टड़ियावां लेकर पहुंचे। वहां उसका इलाज शुरू होता, इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। अखिलेश ने बताया कि उसकी पुत्री को कुछ दिनों से बुखार के अलावा दस्त भी आ रहे थे। उसने अंकिता का काफी इलाज कराया, लेकिन उसे कोई फायदा नहीं हुआ। बच्ची की मौत की खबर सुनते ही उसके घर में कोहराम मच गया। अखिलेश का कहना है कि उसके गांव में इसी तरह से और भी बच्चे बीमार हैं, जिनका निजी हास्पिटल में इलाज कराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग को जल्द ध्यान देकर बीमारियों से बचाव के उपाय करना चाहिए, ताकि अन्य बच्चों की जान बच सके।

### अक्टूबर में भी उमस कर रही परेशान

**हरदोई, अमृत विचार।** मौसम के बदलाव को लेकर लोग परेशान हैं। अक्टूबर (क्वार) का महीना शुरू हो चुका है। इसके बावजूद तापमान में कमी नहीं आ रही है। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्शियस रहा। इस समय जहां ठंडापन आ जाना चाहिए था, वहीं इस तरह की गर्मी बीमारियों को भी बढ़ावा दे रही है। गांव से लेकर शहर तक बुखार व अन्य रोगों से लोग पीड़ित हैं। जिले के लोग अभी भी दोपहर में तेज धूप व गर्मी से निजात नहीं पा रहे हैं। दोपहर में गर्म मौसम जहां लोगों को परेशान कर रहा है, वहीं रात को हल्की ठंडक का अहसास भी होता है। मौसम के इस रुख से बीमारियों को बढ़ावा मिल रहा है। मेडिकल कालेज में मरीजों की लंबी कतारें लग रही हैं। गांव से लेकर शहर तक इन दिनों चिकित्सकों के यहां मरीजों की बढ़ी हुई संख्या देखी जा सकती है। मौसम के इस बदले रुख से किसान भी चिंतित हैं। अभी धान की फसल पकने योग्य नहीं है, लेकिन फिर भी गर्म मौसम फसल को प्रभावित कर रहा है।

### पेट दर्द होने पर नींबू-पानी पीकर सोये युवक की बिस्तर पर ही हो गई मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** रात में खाना खाने के बाद सोए युवक के आधी रात में पेट दर्द होने लगा, छोटे भाई ने उसे नीबू पानी दे कर सुला दिया, लेकिन सुबह उसी युवक का शव बिस्तर पर पड़ा मिला। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे कुछ बताया जा सकता है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात में कासिमपुर थाने के असही आज़मपुर निवासी कुलदीप (25) खाना खाने के बाद सो गया। आधी रात में पेट दर्द होने पर छोटे भाई विपिन ने बदहज़मी समझकर कुलदीप को नीबू-पानी पिलाया और कुछ देर बाद कुलदीप सो गया। अगले दिन सुबह शुक्रवार को काफी देर बाद भी कुलदीप नहीं जागा तो उसकी मां आशा देवी उसे जगाने पहुंची। आवाज़ देते हुए उसने कई बार कुलदीप को हिलाया-डुलाया, लेकिन वह नहीं उठा। इसका पता होने पर उसके आस-पड़ोसी भी पहुंच गए। बाद में उसे देखा गया तो उसकी मौत हो चुकी थी। इसका पता होते ही घर में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### तालाब में डूबकर महिला की हुई तौत

**हरदोई, अमृत विचार।** अपने भांजे के घर आई उसकी मौसी सुबह घर से निकली और वहीं घर से कुछ दूरी पर तालाब में डूब गई। काफी देर से उसकी तलाश की जा रही थी, उसी बीच उसका शव तालाब में उतराता हुआ देख कर वहां हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। पाली थाने के गौरिया उदयपुर मजिदा चक की 49 वर्षीया सोनकली पत्नी सोनपाल का भांजा प्रदीप कोतवाली शहर के कुतुआपुर में रहता है। सोनकली मंगलवार को उसके घर आई हुई थी। बताते है कि शुक्रवार की सुबह सोनकली अपने भांजे के घर से निकली हुई थी, फिर उसके बाद वापस नहीं लौटी। प्रदीप और उसके घर वाले उसे तलाशने में जुट गए, उसी बीच पता चला कि वहीं कुछ दूरी पर तालाब में शव उतरा रहा है। वहां पहुंचे प्रदीप ने शव की शिनाख्त मौसी सोनकली के रूप में की है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। सोनकली के बारे में बताया गया कि उसके कोई बच्चे नहीं थे। वह अक्सर अपने भांजे के घर आती-जाती रहती थी।

# गाय को मिले राष्ट्रमाता का दर्जा

संवाददाता, सवायजपुर, हरदोई



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते बजरंग दल के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने तथा गौ हत्या के लिए राष्ट्रीय कानून बनाने की मांग को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी सवायजपुर के माध्यम से प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन भेजा।

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि गौध्वज स्थापना भारत यात्रा निकाल रहे हैं जो 26 अक्टूबर तक चलेगी। इस यात्रा को अरुणांचल, नागालैंड, मेघालय और मिजोरम की सरकारों ने अपने प्रदेशों में घुसने नहीं दिया। इसको लेकर बजरंग दल कार्यकर्ता आक्रोशित हैं। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन में गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने तथा गौ हत्या को राष्ट्रीय कानून बनाने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष रामानंद शुक्ला, जिला कार्यध्यक्ष उदयवीर भदौरिया, जिला महामंत्री विकास मिश्रा चन्दन, जिला मंत्री रोहित सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुशील जादौन, जिला गौसेवा प्रमुख अभिषेक शर्मा व शिवदत्त मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### गंगा आरती के साथ कार्यक्रम का समापन

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला गंगा समिति ने बिलग्राम के राजघाट पर स्वच्छता ही सेवा के तहत मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक की माता विमला देवी, विशिष्ट अतिथि अशोक सिंह अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक एवं सदस्य, प्रदेश कार्यकारी समिति, भाजपा अर्चना रावत उपप्रभागीय वनाधिकारी, संडीला एवं दीपा विश्वास, नगर उपाध्यक्ष, बिलग्राम भाजपा रहीं।

# गल्ला आढ़ती से 14.30 लाख की हुई धोखाधड़ी

संवाददाता, हरदोई

**रिपोर्ट दर्ज**
- हरियाणा की एक पोल्ट्री फर्म ने खरीदा था धान और सरसों






**अमृत विचार।** पुलिस ने नवीन गल्ला मण्डी की एक फर्म से खरीदे गए धान और सरसों का लाखों रुपये हड़प करने का मामला दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी है। हरियाणा की पोल्ट्री फर्म ने की गई खरीददारी का 14 लाख 30 हज़ार 701 रुपये का भुगतान नहीं किया, मांगने पर उल्टे आढ़ती को धमकाया गया।

कोतवाली शहर के लक्ष्मीपुरवा निवासी संजीव कुमार गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी नवीन गल्ला मण्डी में जय मां लालते ट्रेडिंग कंपनी के नाम से फर्म है, उसकी फर्म के नाम से धान और सरसों की थोक बिक्री की जाती है। संजीव ने बताया कि 6 मार्च, 12 मार्च और 18 मार्च 2024 को फर्म सुनैना पोल्ट्री रोधन थाना तोशाम ज़िला भिवानी हरियाणा को 28 लाख 5 हज़ार 443 रुपये का धान और सरसों बेंची थी। संजीव ने बताया कि फर्म के मालिक सुमित चौधरी ने उसका 14 लाख 30 हज़ार 701 रुपये का भुगतान रोक लिया। मांगने पर सुमित चौधरी ने उल्टे उसे धमकाते हुए अभद्रता की। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल निलंबित

**हरदोई, अमृत विचार।** एसपी ने कोबरा मोबाइल पर रात की चेकिंग ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है। एसपी नीरज कुमार जादौन ने सीओ बघौली अवधेश पाण्डेय की रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की है। कछौना कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबल अरविंद और कांस्टेबल योगेंद्र की 3 अक्टूबर को कोबरा मोबाइल पर रात चेकिंग ड्यूटी/गश्त पर ड्यूटी थी। लेकिन दोनों ने लापरवाही बरती। सीओ बघौली अवधेश पाण्डेय की जांच रिपोर्ट पर दोनों को निलंबित कर दिया गया है। बताते चलें कि एसपी ने 28 जुलाई को जारी रात की चेकिंग स्कीम के बारे में सभी जोनल/सेक्टर/अल्फा चेकिंग अधिकारियों को कड़ी चेकिंग के निर्देश जारी किए थे।

## सार-संक्षेप



रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

### रामलला के जन्म का हुआ सजीव मंचन

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** श्री रामलीला मेला मंच मोहल्ला पठकाना में राजा दशरथ के पुत्र राम जन्म समेत चारों भाइयों की जन्म की लीला का सफल मंचन देख दर्शक भाव विभोर हुए। महिलाओं ने बाल रूपी राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के दर्शन कर पात्रों की भूमिका अदा कर रहे कुशल कलाकारों प्रशंसा की। इस वर्ष पठकाना के मंच पर आयोजित 88 वें बर्ष की रामलीला महोत्सव में कलाकारों ने श्री राम जन्म की लीला का मंचन किया। राम जन्म का मंचन देख दर्शकगण भाव विभोर हो गए। वृंदावन के कलाकारों ने सजीव मंचन कर दिखाया कि राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के जन्म के बाद अयोध्या में किस प्रकार से खुशियां मनाई गईं। भये प्रगट कृपाला दीनदयाला कौसल्या हितकारी। हरषित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी। रामलीला मैदान में चारों ओर खुशियां छाईं रहीं। दर्शकों सहित मेला समिति के कार्यकर्ता ऋषि कुमार मिश्रा, आशीष मोहन तिवारी आदि बहुत से लोगों ने राम जी की आरती कर पुण्य कमाया।

### शराब सेल्समैन से लूटपाट करने वाले तीन गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर शराब सेल्समैन से दो बार हुई लूट सहित अन्य घटनाओं का खुलासा किया है। कोतवाली पुलिस ने गुरुवार रात गुलाम साबिर निवासी टुमुरकी थाना मझिला, सलमान निवासी जमुरा थाना मझिला, रिजवान निवासी मलकापुर कोतवाली शाहाबाद को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से लूट गए मोबाइल मोबाइल, 2400 रुपए की नकदी और मोटरसाइकिल बरामद हुई है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार तीनों अभियुक्त शातिर चोर और लुटेरे हैं। क्षेत्र के मिश्रीपुर निवासी शराब सेल्समैन से हुई कठमा छिनैती में तीनों का हाथ रहा है। 21 सितंबर को गिरफ्तार गुलाम साबिर ने सलमान के साथ मिलकर आंझी रेलवे स्टेशन के निकट एक व्यक्ति का मोबाइल जेब से चुरा लिया था। 23 सितंबर को गिरफ्तार गुलाम साबिर ने क्षेत्र के बहरमा के निकट रिक्शे वाले का मोबाइल चुराया था। दोनों मुकदमे कोतवाली में पंजीकृत हैं। सेल्स मैन के साथ हुई लूट में दो अभियुक्त पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। शुक्रवार को दो बजे तीनों अभियुक्तों को जेल भेजा गया है।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए परिवहन विभाग ने विशेष अभियान चलाया। अभियान में वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने संबंधी जानकारी दी गई। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन ने बताया कि शुक्रवार को बस, ट्रक, ऑटो, ई-रिक्शा तथा टैक्सी चालकों तथा उनके यूनियन के पदाधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# अवैध शराब पर रोक लगाने को बनीं विशेष टीमें

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** त्योहारों पर अवैध शराब के प्रयोग से कोई अनहोनी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना है। अवैध शराब की बिक्री निर्माण व तस्करी रोकने के लिए पुलिस व आबकारी विभाग द्वारा 13 अक्टूबर तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी ने टीमों का गठन किया है।

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि टीम संख्या 01 में प्रशासन की ओर से उप जिलाधिकारी सदर/तहसीलदार सदर, आबकारी से आबकारी निरीक्षक सदर एवं समस्त स्टाफ तथा पुलिस की ओर से क्षेत्राधिकारी सदर/सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य होगे। इसी प्रकार टीम संख्या 02 में प्रशासन की ओर से उप जिलाधिकारी शाहाबाद/तहसीलदार शाहाबाद, आबकारी से आबकारी निरीक्षक शाहाबाद एवं समस्त स्टाफ तथा पुलिस की ओर से क्षेत्राधिकारी शाहाबाद/सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य होगे। टीम संख्या 03 में प्रशासन की ओर से उप जिलाधिकारी सण्डीला/तहसीलदार सण्डीला, आबकारी की ओर से आबकारी निरीक्षक सण्डीला एवं समस्त स्टाफ तथा पुलिस की ओर से क्षेत्राधिकारी सण्डीला/सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य होगे। टीम संख्या 04 में प्रशासन की ओर से उप जिलाधिकारी बिलग्राम/तहसीलदार बिलग्राम, आबकारी की ओर से आबकारी निरीक्षक बिलग्राम एवं समस्त स्टाफ तथा पुलिस की ओर से क्षेत्राधिकारी बिलग्राम/सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य है तथा टीम संख्या 05 में प्रशासन की ओर से उप जिलाधिकारी सवायजपुर/तहसीलदार सवायजपुर, आबकारी की ओर से आबकारी निरीक्षक सवायजपुर एवं समस्त स्टाफ तथा पुलिस की ओर से क्षेत्राधिकारी सवायजपुर/सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य होंगे।

### किसी भी दशा में अवैध मदिरा की तस्करी न हो

जिलाधिकारी ने कहा कि यह टीमें अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त माफिया/तस्करों की जो सूची तैयार उपलब्ध कराई गई है, उनके विरुद्ध आवश्यकतानुसार गैंगस्टर/गुण्डा एक्ट की कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित करेंगी। संदिग्ध वाहनों की सघनता एवं सूक्ष्मता से चेकिंग कराई जाये। जिन आबकारी दुकानों पर उक्त नम्बरों को अंकित नहीं कराया गया है, तत्काल उन दुकानों पर उक्त नम्बरों का अंकन सुनिश्चित किया जाये। किसी भी दशा में अवैध मदिरा की तस्करी न होने पाये। उन्होने कहा कि उक्त टीमें प्रत्येक दिवस दबिश करेंगी। प्रभावी कार्य हेतु उपरोक्त गठित टीमें सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन, राज्य कर अधिकारी, प्रभागीय वन अधिकारी, क्षेत्रीय प्रबन्धन परिवहन निगम अधिकारी से भी समन्वय स्थापित करते हुए प्रवर्तन कार्य में यथावश्यक सहयोग प्राप्त करेंगे।



पिहानी में आतिशबाजी की दुकानों का निरीक्षण करतीं एसडीएम दीक्षा जोशी।

### आतिशबाजी की दुकानों का किया निरीक्षण

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** एसडीएम दीक्षा जोशी ने पिहानी नगर क्षेत्र में थाना प्रभारी सुशील कुमार दुबे के साथ नगर क्षेत्र की समस्त आतिशबाजी की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मानक के अनुरूप दुकानों का संचालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्टॉक रजिस्टर, बालू, पानी और फायर ब्रिगेड द्वारा उपलब्ध सिलेंडर की जांच भी की। दीपावली का पर्व नजदीक आ रहा है। आतिशबाजी की दुकानों पर बड़ी मात्रा में आतिशबाजी का व्यापार शुरू हो गया है। बरेली में एक मकान में पटाखा बनाते समय हुए विस्फोट की घटना के बाद प्रशासन काफी चौकन्ना है। इसी सिलसिले में एसडीएम दीक्षा जोशी, प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार दुबे ने शुक्रवार की शाम नगर क्षेत्र की दुकानों का निरीक्षण किया।

**तृतीय चंद्रघंटा**



मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। देवी चंद्रघण्टा पूजा से शुक्र ग्रह का प्रभाव बढ़ता है। बीज मंत्र- ऐं श्रीं शक्तयै नमः।

# घरों से लेकर मंदिरों में पूजी गईं माता ब्रह्मचारिणी देवी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप ब्रह्मचारिणी देवी की पूजा अर्चना की गई और जयकारे लगाकर भक्ति का वातावरण बनाया गया। घरों से लेकर मंदिरों में माता की भक्तों की धूम रही।

शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन घरों से लेकर देवी माता के मंदिरो में विधिवत पूजा अर्चना की। रोली, सुपारी, पान, पुष्प, मिष्ठान, धूप दीप आदि से माता रानी की पूजा की और जयकारे लगाए। घरों से लेकर मंदिरों में दुर्गा सप्तशती पाठ का जाप किया गया और फिर महा आरती का गुणगान करते हुए भक्ति का वातावरण बनाया गया। अंबे तू है जगदंबे मैया जय काली मां खप्पर वाली... की आरती पर भक्ति झूम उठे। पूरे दिन उपवास रखकर शाम को एक बार फिर से देवी माता के श्री चरणों में शीश नवाया और महा आरती का गुणगान किया। शहर के प्रमुख देवी मां के मंदिरों में भक्तों की धूम रही। श्री श्रवण देवी मंदिर, फूलमती देवी मंदिर, श्री दुर्गा देवी मंदिर, श्री काली माता मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा।



फूलमती देवी मंदिर में पूजन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

## पंडाल में अग्निशमन यंत्र रखने के दिए निर्देश

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** गुरुवार देर शाम बेनीगंज कोतवाली का औचक निरीक्षण करने पहुंचे एएसपी मार्तंड प्रकाश सिंह ने नगर भ्रमण करते हुए रावण दहन स्थल का निरीक्षण किया, जिसके बाद नगर में आयोजित 14वें दुर्गा पूजा नवरात्रि महोत्सव में पहुंच कर माता रानी की महाआरती का प्रसाद ग्रहण किया और साथ ही कार्यक्रम स्थल में अग्निशमन यन्त्रों के रखें जाने के दिशा निर्देश दिये।



पूजा पंडाल का निरीक्षण करते एएसपी मार्तंड प्रकाश सिंह। अमृत विचार



नव दुर्गा पूजन महोत्सव पंडाल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

## पंडाल में प्रथम रात्रि भजन संध्या संपन्न

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मां दुर्गा पूजन महोत्सव पंडाल में प्रथम दिवस प्रात: कालीन बेला में पूजन समिति के महामंत्री बसंत गुप्ता द्वारा सपत्नीक पूजन अर्चन हवन किया गया। सांय कालीन बेला में महामाई जगत जननी मां दुर्गा जी की व मां ज्वाला जी की ज्योति की भव्य आरती माता रानी के भक्तों द्वारा की गई। प्रसाद वितरण के बाद स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सेजल गुप्ता, सुरेंद्र प्रकाश पांडे, राम जी, बिंदुल मिश्रा आदि कलाकारों ने सुंदर भजन प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

## परिजनों के मोबाइल छीनने व डांटने पर छात्रा ने दे दी जान

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** मोबाइल फोन को लेकर बच्चों और युवाओं में दीवानगी ऐसी है कि न मिलने पर आत्महत्या जैसा कदम उठा ले रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में कक्षा 9वीं की पढ़ाई कर रही छात्रा का शव उसके घर में फांसी फर लटका हुआ देखा गया। जैसा कि बताते है कि छात्रा के घर वालों ने उसे मोबाइल को लेकर डांटा-डपटा और मोबाइल छीन लिया था, उसी से खफा हो कर उसने ऐसा कदम उठाया, जबकि पुलिस का कहना है कि वह मानसिक तौर पर बीमार रहती थी। फिलहाल जांच की जा रही है। सुरसा थाने के मझिला मजरा हुंसियापुर निवासी विनय कुमार निजी नौकरी करता है। उसके 4 बेटे और 3 बेटियां थी। 16 वर्षीय बेटी प्रियंका 9 वीं की पढ़ाई कर रही थी। गुरुवार को उसे मोबाइल के लिए डांटा-डपटा और मोबाइल छीन लिया। उसी से खफा प्रियंका ने उसी दिन रात में घर के अंदर फांसी लगा ली, शुक्रवार की सुबह उसका शव देख कर चीख-पुकार मच गई। पुलिस का कहना है कि प्रियंकामानसिक तौर पर बीमार रहती थी और उसी के चलते उसने ऐसा कदम उठाया।

## एक नजर

### डॉ. सतेंद्र गौतम बने सीएचसी बिलग्राम के इंचार्ज

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** सीएमओ डॉ रोहताश्व कुमार ने गुरुवार की शाम बिलग्राम सीएचसी में निस्चेतक के पद पर तैनात डॉ. सतेंद्र गौतम को बिलग्राम सीएचसी की जिम्मेदारी सौपी है। शुक्रवार की सुबह डॉ. सतेंद्र गौतम ने बिलग्राम सीएचसी पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया। नवागंतुक सीएचसी इन्चार्ज ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि स्वास्थ्य व्यवस्था में और सुधार हो। उप केंद्रों और हेल्थ एंड बेलनेस सेंटर का लगातार निरीक्षण कर खामियों को दूर किया जाएगा। डॉक्टर, स्टाफ समय से स्वास्थ्य केंद्र पहुंचें। शासन की योजनाओं का मरीजों को लाभ मिले, इसके लिए वो पूरा प्रयास करेंगे। इस मौके पर शिव शंकर यादव मौजूद रहे।

### दुर्घटना में बुजुर्ग घायल

**टोंडरपुर, हरदोई, अमृत विचार।** हरदोई-शाहजहांपुर हाईवे मार्ग पर टोंडरपुर से निजामपुर खेत की रखवाली करने साइकिल से जा रहे किसान को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। मामला बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के घायल बुजुर्ग सैदपुर निवासी रघुवीर (73) निजामपुर खेत की रखवाली करने जा रहे थे, निजामपुर मोड़ पर पीछे से आ रहे चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। बुजुर्ग को हरदोई के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### साहित्य महोत्सव आज से

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** द विश्वास फाउंडेशन संस्था द्वारा मल्लावां साहित्य महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन एक गेस्ट हॉउस में किया जा रहा है। आयोजक आदर्श विश्वास ने बताया कि आयोजन का प्रारम्भ पांच अक्टूबर को होगा एवं समापन छह अक्टूबर को पैगाम - ए - मोहब्बत मुशायरे से होगा।

### आरोप- शिकायत लेकर पहुंचे बाढ़ पीड़ित किसान से बोले कानूनगो

# भाग जाओ नहीं तो जूतों से मारेंगे

संवाददाता, हरदोई, सवाययजपुर

**अमृत विचार।** सरकार ने बाढ़ की मार से बर्बाद हो चुके किसानों को राहत पहुंचाने का वादा किया है। उसी के लिए बड़े जोर शोर से फीडिंग की जा रही है। सवायजपुर तहसील के बाढ़ पीड़ित किसानों का आरोप है कि लेखपाल फीडिंग के नाम 500-500 रुपये वसूल रहा है। शिकायत एसडीएम के पास पहुंची तो उन्होंने बाढ़ पीड़ित किसानों को कानूनगो के पास भेज दिया। कानूनगो ने बाढ़ पीड़ित किसानों के साथ न सिर्फ गाली-गलौज की, बल्कि जूते से मारने की धमकी तक दे डाली। कानूनगो ने जो भी बोला, उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



बाढ़ पीड़ित किसान को धमकी देते कानूनगो।

**एसडीएम के कहने पर कानूनगो के पास पहुंचे थे बाढ़ पीड़ित किसान**

**बाढ़ राहत की फीडिंग में 500-500 की वसूली का आरोप**

सवायजपुर तहसील के बेड़ी ज़ोर के बाढ़ पीड़ित नन्ही, बब्लू, सोमवती, नारायण वीर, सोनू, दानवीर, संतोषी, सत्येंद्र, शिखा, बलवान सिंह, विजय बहादुर व किरन ने बताया कि बाढ़ राहत के लिए लेखपालों को फीडिंग की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। बाढ़ पीड़ित किसानों का आरोप है कि लेखपाल रुपये की वसूली कर रहा है, जो रुपये नहीं दे रहा है, उसकी फीडिंग नहीं की जा रही है। गुरुवार को बाढ़ पीड़ित किसान अपनी शिकायत ले कर एसडीएम के पास पहुंचे और उनसे वसूली की शिकायत की। शिकायत सुनने के बाद एसडीएम ने किसानों को कानूनगो के पास भेज दिया। उधर कानूनगो पर आरोप लगाया गया है कि उसने शिकायत करने पहुंचें किसानों को पहले तो गाली-गलौज और फिर उन्हे वहां से भगाते हुए जूतों से मारने तक की धमकी दे डाली। उन्ही किसानों ने मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में कानूनगो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

इस संबंध में जानकारी के लिए जब उप जिलाधिकारी का फोन मिलाया गया तो उनका सीयूजी स्विच ऑफ बता रहा था।

# फरियादी को बुलाकर बोले थानेदार पाकिस्तान बना है, वहीं चले जाओ

संवाददाता, हरदोई, अतरौली

**अमृत विचार।** चबूतरे को लेकर गांव में हुए झगड़े की शिकायत करने वाले फरियादी को थानेदार ने थाने पर बुलाया और फटकार लगाते हुए कहा...पाकिस्तान बना है, वहीं चले जाओ। थानेदार ने जो बोला, फरियादी ने उसका ऑडियो बनाकर एसपी को सौंप दिया है। पुलिस अधीक्षक ने सीओ सण्डीला से मामले की जांच कराई, जिसमें अतरौली थानेदार को दोषी पाया गया है। उसके बाद थानेदार पर आगे की कार्रवाई के लिए आला अधिकारियों को चिट्ठी लिखी गई है।

मामला अतरौली थाने का है, उसी थाने के महिंगवां गांव निवासी कफील का कहना है कि उसके मकान के सामने एक चबूतरा है, उसी को लेकर गांव निवासी राजवर्धन झगड़ा करता है। कफील ने थाने में तहरीर दी, उसके बाद थानेदार ने उसे थाने बुला कर न सिर्फ डांटा-फटकारा बल्कि इतना तक बोल गए कि पाकिस्तान बना है, वहीं चले जाओ। थानेदार की बात सुनकर उनके मातहत तक सन्न रह गए। कफील ने उसका आडियो बनाया और एसपी को सौंप दिया। एक थानेदार का ऐसा बोलना लोगों को काफी अखर गया। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के निर्देश पर सीओ सण्डीला ने मामले की जांच की, जिसमें अतरौली थानेदार को दोषी पाया है। थानेदार के खिलाफ आगे की कार्रवाई के लिए आला अधिकारियों को चिठ्ठी भेजी गई है।

**कार्रवाई की तैयारी**

- फरियादी ने थानेदार का ऑडियो बना कर एसपी को सौंपा
- सीओ सण्डीला ने जांच में अतरौली थानेदार को पाया दोषी

**पहले भी सुर्खियों में रह चुके अतरौली थानेदार**

पाकिस्तान जाने की सलाह देने वाले अतरौली थानेदार पहले भी सुर्खियों में रह चुके है। वहां थाने में तैनात महिला कांस्टेबल ने थानेदार के ऊपर कई संगीन आरोप लगाए थे, तत्कालीन एसपी ने उसकी जांच के आदेश दिए, लेकिन तत्कालीन एसपी के जाते ही चल रही जांच फाइलों में ही दबा दी गई। उसके बाद अतरौली थानेदार के खिलाफ दूसरा मामला सामने आया है।

# एंटी रोमियो स्क्वॉयड को मिलेगी विशेष जैकेट

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए हरदोई पुलिस ने एंटी रोमियो स्क्वॉयड को दोबारा सक्रीय करने का फैसला किया है। शुक्रवार को एसपी नीरज कुमार जादौन ने इस दल में तैनात पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन में मीटिंग करके दिशा निर्देश दिए है। अधिकारियों ने तय किया है कि इस अभियान के सदस्यों को विशेष जैकेट दी जाएगी। जिसको लेकर तैयारियां शुरू हो गयी है। मिशन शक्ति के विशेष अभियान के तहत महिलाओं के लिए गुलाबी रंग के लेटर बॉक्स स्कूल और कॉलेजों के बाहर लगाए जाएंगे, ताकि वे अपने नाम का खुलासा किए बगैर कोई भी शिकायत पुलिस तक पहुंचा सके।

बताते चलें कि मनचलों पर लगाम कसने के लिए एंटी रोमियो स्क्वॉयड शुरू किए गए थे। इधर काफी दिनों से इस दल में शामिल पुलिसकर्मी निष्क्रिय थे। इस बात की जानकारी सामने आते ही एसपी ने सभी की मीटिंग बुलाई और सभी को दिशा निर्देश दिए। एडिशनल एसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने बताया कि जहां तक संभव होगा एक महिला सब-इंस्पेक्टर टीम का नेतृत्व करेगी। इसबार एंटी रोमियो स्कवॉयड में आधी से ज्यादा महिला पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। पूरे जिले में 130 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। एसपी ने बताया कि जिले के सभी थानों के लिए एंटी रोमियो दल का गठन पहले से ही किया जा चुका है। उसे पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है। क्षेत्रों को देखते हुए थानों में दो- दो, तीन-तीन एंटी रोमियो दल तैनात रहेंगे। बताया इस दल का मकसद सिर्फ लड़कियों और महिलाओं की सुरक्षा करना है। बताया कि स्कूल, कालेज या सार्वजनिक स्थलों पर स्क्वायड सक्रिय रहेगा। कहा कि पूरी कोशिश रहेगी कि अवांछित तत्व या शोहदें जो लड़कियों और महिलाओं को परेशान करते हैं तो उन्हें टोका जाए और जरूरत पड़े तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। मसलन, किसी कालेज के पास कोई बेवजह घूमते मिलता है तो ये दल उससे पूछताछ करेगा, उसकी आइडी देखने और जवाब से संतुष्ट होने के बाद उसे जाने दिया जाएगा। अगर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाता है तो उसे थाने ले जाया जाएगा। इस दौरान उसके माता-पिता या परिजनों को भी बुलाकर काउंसिलिग की जाएगी। वहीं इस दौरान अगर कोई लड़की शिकायत करती है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।



पुलिस लाइन में एंटी रोमियो दल को दिशा निर्देश देते एसपी नीरज कुमार जादौन। अमृत विचार

# दो पक्षों में जमीन को लेकर विवाद, पुलिस पिकेट लगी

संवाददाता, हरदोई

**सतर्कता**

- अधिवक्ता हत्याकांड के घटनास्थल के पास का मामला
- पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को किया पाबंद

**अमृत विचार।** वरिष्ठ अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा की हत्या के बाद पुलिस प्रशासन काफी फूंक कर कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में अधिवक्ता हत्याकांड से कुछ दूर एक और जमीनी विवाद तूल पकड़ रहा है, जिसको लेकर पुलिस काफी सतर्क है। दोनों पक्षों के बीच कई दिनों से झड़प हो रही है। मामले को बढ़ता देख पुलिस ने दोनों पक्षों को पाबंद कर दिया है और पिकेट ड्यूटी लगा दी है।

शहर के सिनेमा चौराहे पर फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा की करीब दो माह पूर्व जमीनी विवाद को लेकर सरेशाम गोलीमार की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में काफी तूल पकड़ा था, वहीं इस बिल्डिंग से चंद दूरी पर दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद को लेकर बीते कई दिनों से झगड़ा फसाद हो रहा है। मामला अदालत तक पहुंच गया है। आए दिन होने वाले इस झगड़े को लेकर पुलिस विभाग और प्रशासन पूरी तरीके से अलर्ट हो गया है। इस मामले में पुलिस प्रशासन अब जमीनी विवाद को लेकर काफी फूंक कर कदम रख रहा है। जिसके चलते मामला तूल पकड़ने पर दोनों पक्षों को पुलिस ने पाबंद कर दिया है और वहां पर पुलिस की ड्यूटी लगा दी है।

इस मामले को लेकर शहर कोतवाल तेज नारायण कुशवाहा ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों को पाबंद किया गया है।

## सार-संक्षेप



सड़क पर मौजूद बंदरों का झुंड।

### बंदरों के आतंक से दुकानदार व राहगीर परेशान

**सुरसा, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खण्ड क्षेत्र मे इन दिनों गांव से लेकर कस्बे तक बंदरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। जिसके कारण दुकानदार व राहगीर स्कूल जाने वाले बच्चे भी होते हैं। परेशान थाने से लेकर ब्लॉक तक दर्जनों की संख्या में बंदर एक झुंड होकर रोड पर घूमते रहेते हैं।लोगों का निकलना भी मुश्किल हो जाता है। मिष्ठान विक्रेता की जरा सी नजर चूकते ही उठा ले जाते हैं। कीमती सामान काट कर इधर उधर फेंक देते हैं। फल विक्रेता महेंद्र गुप्ता ने बताया कि बंदर अब तक सैकड़ों रुपये का नुकसान कर चुके हैं। राहगीर अपने हाथ में खाने पीने की सामग्री लेकर जा रहे होते उसी दौरान बंदर की नजर पड़ते ही छीन कर भाग जाते हैं इसी डर से राहगीर चुटहिल हो जाते है और गांव में छत के ऊपर सूखने के लिए फैलाए गये कपड़े को भी फाड़ देते हैं। इसी के चलते बंदरों के आतंक से ग्रामीण क्षेत्र में दहशत बनी हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग को प्रार्थना पत्र देकर समस्या से निजात दिलाने की मांग की।

### रोगी के इलाज के लिए उपलब्ध कराई सहयोग राशि

**हरदोई, अमृत विचार।** एसएसएन जनकल्याण समिति परिवार ने शुक्रवार को एक बेहद गरीब परिवार जिनकी 4 बेटियां और 3 बेटे हैं जिसमें सबसे छोटा बेटा श्रेयांश जिसकी आयु लगभग एक वर्ष है जिसका इलाज एक नर्सिंग होम में हो रहा है। बच्चों के पिता का भी 12 दिन पहले स्वर्गवास हो गया है। समिति को जब इसकी जानकारी लगी, तब समिति के सदस्यों ने वहां पहुंच कर बीमार बच्चे की दवा के लिए नगद आर्थिक सहयोग दिया। साथ ही इस मुसीबत की घड़ी में पूरे परिवार को हिम्मत बंधाई और भविष्य में लगातार सहयोग का दावा किया। इस मौके पर मौजूद संस्थापक अरविन्द कुमार सिंह एडवोकेट, श्रद्धा मिश्रा, प्रियंका सिंह, पूनम सिंह, पंकज सिंह पिंकी यादव, प्रियंक तिवारी आदि लोग रहे।

### प्रधानाचार्य ने सिंगापुर में सेमिनार में लिया हिस्सा

**हरदोई, अमृत विचार।** सिंगापुर में देश के विभिन्न प्रमुख शिक्षा जगत से जुड़े विशेषज्ञों के लिए तीन दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस शैक्षिक सेमिनार में देश के विभिन्न प्रमुख स्कूलों के प्रबंधक / प्रधानाचार्य ने शिरकत की। जिले के सेंट जेवियर्स स्कूल की प्रधानाचार्य मौसमी और अध्यक्ष नारायण चटर्जी ने इस सेमिनार में शिरकत करके अपने विचार साझा किया। इन्होंने दि हार्ट ऑफ़ टीचर एजूकेशन विषय पर आयोजित सेमिनार में अपने विचार साझा किया। सेमिनार में विशेषज्ञ जिमी टन व चान बी बोन ने अपने विचारों से लोगों को विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां दी। स्कूल लीडरशिप पर विशेष जानकारियां दी। इस प्रसिद्ध और वृहद स्तर पर हुए सेमिनार में भाग लेने गई प्रिंसिपल मौसमी की शिक्षा जगत के लोगों ने जमकर प्रशंसा की।



सिंगापुर में आयोजित सेमिनार में बोलतीं हरदोई के सेंट जेवियर्स स्कूल की प्रधानाचार्य मौसमी चटर्जी।

**जागरूकता** संविलियन विद्यालय बघौली की छात्राओं ने किया बघौली थाने का भ्रमण

# कन्या शक्ति समूह ने समझे कानूनी पहलू

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** संविलियन विद्यालय बघौली की छात्राओं ने कन्या शक्ति समूह के तहत बघौली थाने का भ्रमण कर कानूनी पहलुओं को परखा और छात्राओं के संवेदीकरण के बिंदुओं के बारें में बहुत कुछ समझा। छात्राओं ने जाना कि पाक्सो एक्ट क्या होता है, प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) की क्या प्रक्रिया है।

संविलियन विद्यालय बघौली ब्लाक अहिरोरी की छात्राओं ने छात्राओं के संवेदीकरण के बारे में बहुत कुछ जाना। एसएचओ दृगपाल सिंह गौर ने उन्हें कानून के बारे तमाम जानकारी दी। छात्राओं को बाल अपराधों से जुड़ी जानकारी दी गई, कब कौन सा हेल्पलाइन नंबर इस्तेमाल करें? उसकी जानकारी दी गई। एसएचओ ने छात्राओं को कानून से जुड़ी तमाम जानकारियां दी। इस बीच बीईओ उदय भान यादव व विद्यालय के प्रधानाध्यापक आशीष कुमार श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। संविलियन विद्यालय बघौली के कन्या शक्ति समूह में कक्षा 7 की सानिया, रीतू गौतम, शिवानी, चांदनी के अलावा कक्षा 8 की समीक्षा, हिमांशी, शिवानी और चांदनी शामिल रहीं।



थाने पर कानून की जानकारी लेती स्कूली छात्राएं। अमृत विचार



छात्राओं को जागरूक करते थाना प्रभारी इंद्रेश यादव। अमृत विचार

### मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

**टोडरपुर, हरदोई, अमृत विचार।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के उमरौली उच्च प्राथमिक विद्यालय व कस्तूरबा आवासीय विद्यालय से छात्र-छात्राओं को शासन द्वारा मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान के प्रति जागरूक किया गया। महिला कांस्टेबल अर्चना ने एफआईआर लिखने का तरीका व पुलिस भर्ती प्रक्रिया के बारे में समझाया। शासन-प्रशासन द्वारा महिला उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं के साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन उपयोग के बारे में बताया। कहा कि वह अपनी आत्मरक्षा स्वयं करें। अगर उन्हें कोई परेशान करता है, तो वह इसकी जानकारी महिला पुलिस व संबंधित थाना पुलिस को दें। थाना प्रभारी इंद्रेश यादव ने कहा कि सरकार की ओर से महिला सुरक्षा के लिए कई कानून बनाये गये हैं, इसका सभी प्रयोग करें। अगर उनके साथ कोई अपराध होता है तो स्वजन व पुलिस से न छिपाएं।

## एक नजर

### ई-श्रम कार्ड के लिए करें आवेदन

**महोली, सीतापुर :** तहसील क्षेत्र महोली के पूर्ति निरीक्षक अवधेश पाण्डेय ने बताया है कि ई-श्रम कार्डधारकों को सूचित किया जाता है कि वर्तमान में उच्चतम न्यायालय के आदेश एवं शासन के निर्देशों के आधार पर पूर्व प्रचलित राशनकार्ड में ई-श्रम कार्डधारकों के नाम जोड़कर उनको राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित किया जा रहा है। इसके लिए तहसील स्थित उप जिलाधिकारी कार्यालय एवं आपूर्ति कार्यालयों में अपना ऑनलाईन फार्म ई-श्रम कार्ड एवं आधार कार्डों की छायाप्रतियों सहित जमा कर सकते हैं।

### छत से गिरा बालक, गंभीर

**महमूदाबाद , सीतापुर :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भट्ठा निवासी जियान (3) पुत्र इस्माईल शाम छत पर खेल रहा था। तभी छत से अचानक नीचे गिर गया। परिजनों द्वारा घायल मो. जियान को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायल को लखनऊ स्थित ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

### हादसे में बालिका की मौत

**तालगांव, सीतापुर :** विकास क्षेत्र परसेंडी के ग्राम मेहंदी पुरवा में नवरात्र के अवसर पर गांव में दुर्गा जागरण का कार्यक्रम सड़क के किनारे कराया जा रहा है। गांव की ही रिया वर्मा (11) पुत्री उत्तम भी देवी जागरण को देखने घर से जा रही थी। तभी सड़क पार करते समय बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के दौरान सीएचसी में उसकी मौत हो गई। कोतवाली तालगांव प्रभारी दीपक कुमार राय ने बताया कि बाइक सवार को हिरासत में लिया गया है।

### किसान मजदूर मेला आज से

**सीतापुर :** शहर के चुंगी के समीप एक गेस्ट हाउस में आज यानी शनिवार से किसान मजदूर मेले का आयोजन होगा। इस मेले में विभिन्न प्रकार के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाएगा। जिसमें किसान मजदूरों को उनके अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी संगतिन संस्था की ओर से दी गई।

### थानगांव में दिया गया चिकित्सीय परामर्श

**थानगांव :** बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों में बढ़ते संक्रमण को लेकर चिकित्सक ने टीम सहित लोगों को चिकित्सीय परामर्श के अलावा प्राथमिक उपचार भी किया। विकास क्षेत्र रेउसा के राजपुर चौराहे पर कुशाग्र हेल्थ केयर सेंटर में चिकित्सक डॉ. अम्बुज पांडे ने दूर-दराज से आने वाले मरीजों को चिकित्सीय परामर्श दिया।

# राजघाट में मिला अध्यापक का शव

## लखनऊ के इन्दिरानगर सी ब्लॉक का निवासी शिक्षक कई दिनों से था लापता

संवाददाता, नैमिषारण्य, सीतापुर

**सनसनी**

▸ परिजनों ने गाजीपुर थाने में दर्ज कराई थी गुमशुदगी

**अमृत विचार :** नैमिष तीर्थ क्षेत्र के राजघाट के समीप झाड़ियों में शव मिलने से सनससनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जानकारी जुटाई तो मालूम चला कि यह शव परसेंडी ब्लॉक के खासी जूनियर विद्यालय के शिक्षक अनुज अग्रवाल का है, जो मूलरूप से लखनऊ के निवासी थे। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

लखनऊ के इन्दिरानगर सी ब्लॉक निवासी शिक्षक अनुज के बेटे काव्यांश अग्रवाल ने शव की पहचान अपने पिता के रूप में की। वहीं बेटे ने यह भी बताया कि उसके पिता बीते दिनों से लापता थे। काफी खोजबीन के बावजूद सुराग न मिलने के कारण लखनऊ के ही गाजीपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी।

वहीं थाना प्रभारी राजीव तिवारी ने बताया कि मृतक शिक्षक के परिजनों से वार्ता हुई है। वह भी पहुंच रहे हैं। शीघ्र ही पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। प्रभारी ने यह भी बताया कि मृतक के परिजनों की ओर से अभी कोई भी आरोप या आशंका नहीं जाहिर की गई। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### झाड़ियों में क्षत-विक्षत मिला अधेड़ का शव

**संवाददाता, पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** नूरपुर-अगैया मार्ग के समीप चकमार्ग के किनारे खाईं की झाड़ियों में अधेड़ का शव पड़ा मिला। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव की पहचान के प्रयास में जुटी है। महमूदाबाद कोतवाली के नूरपुर-अगैया मार्ग से उत्तर खेतों को जाने वाले चकमार्ग के किनारे खंती में झाड़ियों के बीच शव पड़ा मिला। पुलिस ने अधेड़ की उम्र 50 वर्ष आंकी है। मृतक के शरीर पर लाल रंग की टी-शर्ट, और लंगोट और तूली रंग का गमछा पड़ा था। सूचना पर निरीक्षक अपराध सुरेश यादव मयफोर्स मौके पर पहुंचे और शव के शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। निरीक्षक ने बताया कि शव आठ से 10 दिन पुराना लग रहा है। शव के शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। चेहरा भी खराब हो चुका है, ऐसे में शिनाख्त में मुश्किल हो रही है फिर भी प्रयास किए जा रहे हैं।

# बीमार कांग्रेस महासचिव से स्वास्थ्यकर्मी बोला-खुद खरीदकर ले आओ यूरीन कैथेटर

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर

**नाराजगी**

▸ मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की

**अमृत विचार:** कस्बे में रहने वाले कांग्रेस के जिला महासचिव की अचानक तबीयत बिगड़ी तो वह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे। उनका आरोप है कि बड़ी मुश्किल से तो एक स्वास्थ्यकर्मी मिला, जिसने यूरीन कैथेटर खुद के पैसे से खरीदकर लाने के लिए कहा। इस पर नाराज महासचिव कैथेटर मेडिकल स्टोर से खरीदकर लाए और उन्होंने अपना इलाज कराया। अब उन्होंने मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की है।

घटना 25 सितंबर की देर रात की है। कस्बे के रहने वाले कांग्रेस पार्टी के ज़िला महासचिव अयूब अहमद उर्फ डंपी को अचानक यूरीन संबंधी परेशानी बढ़ गई। बढ़ती दर्द के बीच परिजन उन्हें किसी तरह सीएचसी लाए। मगर इमरजेंसी वार्ड में उपचार के लिए दो अप्रेंटिस छात्र ही मिले जबकि चिकित्सक नदारद मिले। वहीं एक वार्डबॉय ने सजगता दिखाते हुए इलाज शुरू किया और यूरीन कैथेटर को मेडिकल से मंगाकर उपचार किया। वहीं महासचिव ने वार्डबॉय की सराहना करने के साथ नाराजगी जताते हुए उस रात इमरजेंसी में नदारद चिकित्सक की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर करके उनसे कार्यवाही की मांग की है।

वहीं इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक, डॉ. आशीष ने बताया कि मैंने शुक्रवार को महासचिव को आफिस बुलाया था। उन्होंने कहा कि उन्हें कोई भी समस्या नहीं है। शिकायत क्यों की गई इस पर बहस करना ठीक नहीं समझा। अब मामला खत्म हो गया है। उधर कांग्रेस महासचिव अयूब अहमद का कहना है कि अधीक्षक के बुलाने पर मैं उनके दफ्तर गया, उन्होंने कहा कि जो भी गलती हुई उसे माफ किया जाए। आगे से ऐसी समस्याएं नहीं होंगी। हालांकि मैंने उन्हें चेतावनी दी है।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, दो दर्जन से अधिक लोग घायल

संवाददाता सेउता, सीतापुर

▸ मुंडन संस्कार से लौटते वक्त मवेशी को बचाने में हुआ हादसा

**अमृत विचार :** रेउसा थाना क्षेत्र में मवेशी को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गयी। जिससे दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। आनन फानन सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से तीन को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के छेला गांव निवासी राजीव तिवारी अपने बेटे का मुंडन संस्कार कराने के लिए सेवता के से सोनासरी देवी मंदिर गए हुए थे। उनके अलावा उनके पारिवारिक चरणों समेत गांव से दो दर्जन महिलाएं बच्चे भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। मुंडन संस्कार के बाद सभी ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर घर लौट रहे थे। तभी तंबौर रेउसा मार्ग पर एक ईंट भट्ठे के पास अचानक ट्रैक्टर के सामने मवेशी आ गया। जिस पर ट्रैक्टर चालक ने ब्रेक लगाया तो ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। मौके पर की चीख-पुकार मच गई। उनके शोर से स्थानीय लोग भी घटना स्थल पर पहुंच गए। घटना की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई। सभी घायलों को रेउसा सीएचसी ले आया गया। जहां पर गायत्री 50 कृष्णा (8) कलावती (56) साधना (46) रीता (32) निधि (28) अनुराग (07)ज्योति (12) पूनम (28) मीना (22) सीता (26) का इलाज चल रहा है। जबकि लीला (55) रीता (08) मीणा (50) को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अन्य घायल जिनको हल्की-फुल्की चोट लगी थी उन्हें सीएचसी से ही दवा देकर घर भेज दिया गया।

### सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर कार पलटी, सात लोग घायल

**हरगांव, सीतापुर :** कार के सामने अचानक भैंस आ जाने से कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार सात लोग घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया गया। हरगांव थाना क्षेत्र में सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर कल्यानपुर काली मंदिर के समीप कार के सामने अचानक भैंस आ गई। अचानक ब्रेक लगाने से कार अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गयी। चीख पुकार पर स्थानीय लोगों और राहगीरों ने कार को सीधा कर घायलों को बाहर निकाला। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पंहुची पुलिस ने सभी को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी भिजवाया। बता दें कि घायलों में अंकुल वर्मा, सोनम वर्मा, आदर्श, रूबी निवासी भूरहा थानानीमगांव जनपद लखीमपुर हैं।ये लोग लखनऊ से अपने घर जा रहे थे तभी यह हादसा हुआ।

# शिक्षकों की लड़ाई में कूदीं छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



स्कूल के बाहर हंगामा करतीं छात्राएं। अमृत विचार

▸ शहर के आर्य कन्या इंटर कॉलेज का मामला

▸ सड़क पर निकलकर कार्रवाई को लेकर किया हंगामा

**अमृत विचार :** शहर के आर्य कन्या इंटर कॉलेज में शिक्षकों के बीच चल रही अनबन अब सड़क तक आ गई है। इसमें छात्राओं ने भी मोर्चा संभाल लिया है और शिक्षिकाओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए सड़क पर हंगामा किया। आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और छात्राओं को शांत कराया। कॉलेज की प्रधानाध्यापक ने बताया कि एक शिक्षक ने छात्राओं को उकसाया, अन्य आरोप निराधार हैं।

आर्य नगर में संचालित आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राएं शुक्रवार को कॉलेज के बाहर सड़क पर निकलकर हंगामा करने लगीं। देखमे-देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। छात्राओं ने कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल मनोरमा शर्मा और प्रिंसिपल ज्ञानवती पर घर का काम कराने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। हंगामा बढ़ता देख नगर कोतवाली और महिला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। छात्राओं को समझाने की कोशिश हुई। हालांकि नायब तहसीलदार अतुल सेन ने छात्राओं को मामले की जांच कराके आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया तब जाकर छात्राओं का गुस्सा शांत हुआ। कॉलेज की प्रधानाचार्य ने स्वयं व मनोरमा शर्मा पर लगे आरोपों को खारिज कर शिक्षक और कंट्रोलर अनिल परिहार को हंगामें का जिम्मेदार ठहराया और आरोप लगाया कि अनिल ने ही छात्राओं को उकसाया है।

वहीं मामले में कॉलेज की प्रधानाध्यापक ज्ञानवती ने कहा है कि अनिल परिहार जब से कंट्रोलर बने हैं तब से आए दिन प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल को परेशान कर रहे हैं। छात्राओं को न पढ़ाकर उन्हें अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रति उकसाते हैं। इसकी लिखित शिकायत की गई है।

वहीं इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक देवी सहाय तिवारी ने कहा कि उनके पास मामला संज्ञान में आया है। छात्राओं को शिक्षा के बजाय उकसाना या गुमराह और प्रताड़ित करना अशोभनीय हैं। किसी न किसी की गलती जरुर है, निश्चित तौर पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क नहीं बनी तो भूख हड़ताल पर बैठ गए ग्रामीण



भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीण। अमृत विचार

**संवाददाता, सदरपुर,सीतापुर, अमृत विचार :** 15 वर्षों के इंतजार के बाद भी नहीं बनी सड़क तो ग्रामीण नाराज होकर भूख हड़ताल कर धरने पर बैठ गए। करीब पांच घंटे के बाद पहुंचे ग्राम सचिव ने रास्ते बनवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद भी ग्रामीणों ने धरना खत्म नहीं किया। वहीं ग्राम प्रधान ने कहा की जब वोट नही दिया तो रास्ता भी नही बनवाऊंगा। विकास खंड महमूदाबाद की ग्राम पंचायत पहाड़ापुर मजरे तकिया निवासी ग्रामीण शुक्रवार को गांव के बाहर भूख हड़ताल कर धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे ग्रामीणों की माने तो उनके गांव तकिया से सरकारी विद्यालय तक जाने वाला रास्ता करीब 15 वर्षो से टूटा और गंदे पानी और कीचड़ से भरा हुआ है। गांव वासी गन्दे पानी में होकर गुजरने को मजबूर हैं। सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट है।आरोप है कि रास्ते को बनवाने के लिए गांव वालों ने कई बार ग्राम प्रधान से कहा लेकिन प्रधान राम खेलावन ने कहा कि वोट नही दिया इसलिए रास्ता भी नही बनेगा। ग्रामीणों का कहना है कि धरने पर बैठने के पांच घंटे बाद ग्राम सचिव अर्जुन गुप्ता धरना स्थल पहुंचे ,लेकिन उन्होंने कोई संतोष जनक जवाब नही दिया है।

# आंगनबाड़ी केंद्र बंद होने से बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

संवाददाता सकरन, सीतापुर

**अमृत विचार:** ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आंगनबाड़ी केन्द्र की शिकायत की है। साथ ही ग्रामीणों ने डीएम से समस्या का निराकरण करने का मांग की है।

विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत अदवारी के ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप है कि ग्राम पंचायत में बना केन्द्र हमेशा बंद रहता है। दावा है कि केन्द्र बंद रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। परेशानी ग्रामीण ऊषा राजपूत, अनिल सिंह, मनीष, शिवानी, मोतीलाल, किरन आदि ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आंगनबाड़ी केन्द्र खोलवाए जाने की मांग की है।


**सूचना**

सूचित हो कि मैं **बृजेश चंद्र सैनी पुत्र रमेश चंद्र सैनी निवासी-मोहल्ला- वीरमपट्टी, कस्बा-बावन, थाना- लोनार, तहसील व जिला हरदोई,** मेरे तीन सगे भाई क्रमशः प्रदीप कुमार सैनी व श्रीमती राधा सैनी पत्नी प्रदीप कुमार सैनी व राजेश कुमार व श्रीमती आरती सैनी पत्नी राजेश कुमार व सर्वेश कुमार सैनी व श्रीमती शिवानी पत्नी सर्वेश कुमार सैनी से तथा बहन ऊषा सैनी पत्नी विकास सैनी से अपने परिवार सहित अपने तीनों भाइयों से अलग रहता है। व उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। अब मेरा व मेरे परिवार से उपरोक्त तीनों भाइयों व उनकी पत्नियों व बहन ऊषा सैनी से कोई वास्ता व सरोकार नहीं रह गया है। अपने कृत्यों के उपरोक्त तीन भाई व उनकी पत्नियों व बहन स्वयं जिम्मेदार होंगे। यहकि भविष्य में हमसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य के शान्तिपूर्ण जीवन में उपरोक्त तीनों भाई व उनकी पत्नियों एवं बहन द्वारा किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप न किया जाये।


# पुलिस के हत्थे चढ़े दो चोर, आभूषण बरामद



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** क्षेत्राधिकारी लहरपुर सुशील कुमार यादव के नेतृत्व में थाना लहरपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर चोरी/नकबजनी घटनाओं में शामिल रियाज पुत्र जलील निवासी समोदी डीह थाना तम्बौर , हलीम पुत्र रसूल अहमद निवासी नई बस्ती मजरा समोदीडीह थाना तम्बौर को पोंगलीपुर नहरपुल के पास से गिरफ्तार किया। जिनसे चोरी किए गए आभूषण बरामद किए हैं। गिरफ्तारी की टीम में विजय शंकर पाण्डेय, नरेन्द्र सिंह, हे.का. सुभाष मौर्या, शिवम यादव, जितेन्द्र तेवतिया, ओमेन्द्र, विनय कुमार शामिल रहे।

**खूनी संघर्ष में इलाज के दौरान एक की मौत, हरगांव, सीतापुरः** हरगांव थाना क्षेत्र के सहदेव पुरवा गांव में करीब दो हफ्ते पूर्व स्पीड ब्रेकर को लेकर दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में घायल मोतीलाल की लखनऊ के एक निजी अस्पताल में बृहस्पतिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई थी। हरगांव पुलिस ने मृतक मोतीलाल की पत्नी रामकली की तहरीर पर गांव के अनुज, अनूप, कपिल, अरविंद और राम सागर पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष अरविंद पांडेय ने बताया कि नामजद आरोपियों की तलाश में टीम दबिश दे रही है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि मै मो0 हन्ज़ाला, पुत्र मो0 इरफान, निवासी-म.नं बी-4, सेक्टर-ए, महानगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, पिन-226006 का है, मेरे आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम मो0 इरफान (MOHD IRFAN) अंकित है कि जबकि मेरे हाई स्कूल व इन्टर मिडियट में त्रुटिवश मो0 इफरान (MOHD IFRAN) हो गया है। मेरे पिता मो0 इफरान (MOHD IFRAN) के स्थान पर मो0 इरफ़ान (MOHD IRFAN) मेरे स्कूल अभिलेखों में अंकित किया जाय।

**सूचना**

मैं **मुश्ताक अहमद खान पुत्र अब्दुल रफीक, निवासी-ग्राम-किठावां पो0-ढेका, पखनपुर जनपद-सुलतानपुर** मेरी पुत्री फिजा बानो आपके विद्यालय में कक्षा 09 की छात्रा है पुत्री के विद्यालय अभिलेखों में पिता का नाम MUSTAK AHMAD KHAN अंकित है जबकि फिजा बानो के पिता के आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम MUSHTAQUE AHMAD KHAN अंकित है जो कि सही एवं सत्य है। अतः फिजा बानो के विद्यालय अभिलेखों में पिता का नाम MUSTAK AHMAD KHAN के स्थान पर MUSHTAQUE AHMAD KHAN अंकित किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि कि मैं **उमेश कुमार कौशल पुत्र शम्भूनाथ कौशल, निवासी- 593, रूद्र नगर, जनपद सुलतानपुर** मेरा पुत्र मानस कौशल (MANAS KAUSHAL) आपके विद्यालय में कक्षा-9A का छात्र है के विद्यालय अभिलेखों में मेरा नाम उमेश कौशल (UMESH KAUSHAL) अंकित है, जबकि मेरा वास्तविक नाम उमेश कुमार कौशल (UMESH KUMAR KAUSHAL) है। इसी प्रकार विद्यालय के अभिलेखों में पुत्र की माता का नाम डिम्पल रानी कौशल (DIMPLE RANI KAUSHAL) अंकित है, जबकि उनका वास्तविक नाम डिम्पल रानी (DIMPLE RANI) है। अतः पुत्र के विद्यालय अभिलेखों में मेरा नाम उमेश कौशल (UMESH KAUSHAL) के स्थान उमेश कुमार कौशल (UMESH KUMAR KAUSHAL) व मेरी पत्नी/छात्र की माता का नाम डिम्पल रानी कौशल (DIMPLE RANI KAUSHAL) के स्थान पर डिम्पल रानी (DIMPLE RANI) अंकित किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपनी पुत्री का नाम AISHA से बदल कर AISHA HATIB रख दिया है इसी नाम से जाना जाय - D/o-SYED AHMAD HATIB S/o SYED MOHAMMAD, IDRIS 347/274 OLD TIKAITGANJ, BAZAR KHALA-LKO-226017

**सूचना**

सूचित हो कि मै **काजल गुप्ता पिता विनोद गुप्ता निवासिनी- मकान संख्या 502/39 अंबेडकर नगर निराला नगर लखनऊ, मोबाइल नंबर- 7080411752,** मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट (रोल नंबर 1221012257) इंटरमीडिएट की मार्कशीट (रोल नंबर 2245884269) दिनांक - 28/09/2024 को वास्तव में खो गयी है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **पंकज कुमार वर्मा पुत्र श्री रामजी वर्मा निवासी ग्राम जफरापुर, जयसिंहपुर, सुलतानपुर** (उ0प्र0) मेरे पुत्र के विद्यालय रिकार्ड के अनुसार छात्र का नाम शशांक वर्मा लिखा गया है जबकि छात्र का सही नाम शशांक कुमार वर्मा है। तथा पिता का नाम पंकज वर्मा लिखा गया है जबकि पिता का सही नाम पंकज कुमार वर्मा है। अतः विद्यालय रिकार्ड में मेरे पुत्र का सही नाम शशांक कुमार वर्मा एवं पिता का सही नाम पंकज कुमार वर्मा अंकित किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **राजकुमारी पत्नी बाबू लाल मिश्रा निवासिनी म0नं0 143-अ चन्द्र नगर, कानपुर नगर उ0प्र0- 208007,** मेरे बैंक खाते में मेरा नाम राज कुमारी मिश्रा अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड में नाम राज कुमारी अंकित है। जोकि सत्य व सही है। अतः मेरे आधार कार्ड के अनुसार मेरा नाम बैंक खाते में राजकुमारी अंकित किया जाय।



## क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

### जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

**कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं?** जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

**दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये - आयुर्वेद अपनायें**

VACHAK **वाचक आयुर्वेद®**

**आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश**

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**

उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**

उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**

उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**

उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**

उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**

उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**

उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**

उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**

उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**

उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



**डॉ. ओम प्रकाश वर्मा**
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

**अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें -**

**7080239313**
**7570060266**

**आलमबाग**

पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी

परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**

पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस

परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

**रविवार सांय अवकाश**

## एक नजर

### हत्या के मामले में दो दोषियों को उम्रकैद

**सीतापुर :** थाना रामकोट पर पंजीकृत मु.अ.सं 188/12 की गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन से मुकदमे की प्रभावी पैरवी के के कारण शुक्रवार को न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं.-02 सीतापुर में दोषसिद्ध अभियुक्त देवी शंकर पुत्र गोपेश्वर और मोनू पुत्र राजेन्द्र नाथ उर्फ पुत्तन निवासीगण हाता कप्तान हबीबपुर थाना रामकोट को धारा 302 व 25(1-बी) आर्म्स एक्ट में आजीवन कारावास एवं 50,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। इन दोनों अभियुक्तों ने युवक की गोली मारकर हत्या की थी।

### केंद्रों पर धान खरीद की हुई शुरुआत

**सीतापुर :** जिला खाद्य विपणन अधिकारी रतन कुमार शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार को खाद्य विभाग के धान क्रय केन्द्र सीतापुर मण्डी प्रथम पर किसान आनन्द दीक्षित निवासी ग्राम बम्हौरा तहसील सीतापुर से लगभग 90 क्विंटल की तौल करके धान खरीद का शुभारम्भ किया गया। दीक्षित का माला पहनाकर स्वागत किया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 हेतु न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य रूपया 2300 प्रति क्विंटल (कामन) एवं रुपया 2320 प्रति क्विंटल (ग्रेड ए) के आधार पर धान का क्रय किया जाएगा। 31 जनवरी तक धान की खरीद होगी। जिले में इस बार 150000.00 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य है।

### 31 तक कर सकते हैं ओबीसी छात्र आवेदन

**सीतापुर :** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रवि शंकर गिरि ने बताया कि ओबीसी आदि छात्रों के आवेदन भरे जाने की तिथि पुन: विस्तारित कर 31 अक्टूबर कर दी गयी है। उन्होंने जनपद में संचालित शिक्षण संस्थान निर्देशित किया है कि उपरोक्त प्रक्रियात्मक कार्यवाही का विवरण का संज्ञान लेते हुए ससमय कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

### 144 आरक्षियों का स्थानांतरण

**सीतापुर :** लंबे से पुलिस लाइन और जनपद के विभिन्न थानों में तैनात पुलिस कर्मियों के लिए शुक्रवार का दिन राहत भरा रहा। एसपी चक्रेश मिश्रा ने गश्ती जारी कर दी है। आरक्षी सतीश कुमार राय, समीर सिंह, अनिल कुमार यादव और मो0 मशीर खां की डायल 112 से संबंद्धता निरस्त की गई।

# चपरासी कर रहा बाबूगिरी, हुई शिकायत

संवाददाता, सीतापुर, बिसवां,

**लापरवाही**

▸▸ **स्थानीय नागरिक ने मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत, ईओ ने कहा-नहीं हुई पदोन्नति**

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद में एक चपरासी से बाबूगिरी कराई जा रही है। करों के अलावा जमीन संबंधी काम भी लिए जा रहे हैं। जबकि शासन की ओर से इस चपरासी को कोई पदोन्नति नहीं दी गई। अब मामले की शिकायत की गई।

मुख्यमंत्री से की गई शिकायत में मोहम्मद नूर ने बताया कि नगर पालिका में स्थानीय निकाय के शासनादेश का उल्लंघन किया जा रहा है। पालिका में तैनात काशिफ अरशद की नियुक्ति चपरासी के तौर पर है जबकि उन्हें पालिका के जिम्मेदारों ने गृहकर, जलकर और दाखिल खारिज के पटल की संपूर्ण जिम्मेदारी सौंप दी है। काशिफ को इस तरह दी गई पदोन्नति की चर्चा न सिर्फ कार्यालय में है बल्कि क्षेत्र में भी सुगबुगाहट है।

**जानिए क्या है नियम:** एक शासनादेश के मुताबिक किसी सरकारी कार्यालय में किसी की कोई पदोन्नति शासनादेश के बिना नहीं की जा सकती। संबंधित कर्मचारी को वेतनमान उतना ही मिलेगा जो उसका मूल पद है।

**क्या बोले जवाबदेह**

इस मामले में अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी का कहना है कि काशिफ अरशद की शिकायतें मिली है, रिपोर्ट डीएम को भेजी गई है। स्टाफ की कमी के कारण पटलों पर काम लिया जा रहा है, इसके लिए उन्हें अलग से कोई वेतन नहीं दिया जा रहा न ही पदोन्नति है।

# बीत गया डेढ़ साल, नहीं बनी पानी की टंकी

संवाददाता हरगांव, सीतापुर


निर्माणाधीन पानी की टंकी। अमृत विचार

▸▸ **हरगांव विकास खण्ड के सेलूमऊ ग्राम पंचायत का मामला**

**अमृत विचार:** विकास खंड हरगांव के सेलूमऊ ग्राम पंचायत में हर घर जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन योजना के तहत बनवाई जा रही पानी की टंकी का निर्माण डेढ़ वर्ष गुजर जाने के बाद भी शून्य है। कार्यदायी संस्था अभी तक केवल बाउंड्रीवॉल ही बनवा पाई है। टंकी का निर्माण कार्य तो अभी शुरू भी नहीं हो सका है। निर्माण में देरी से ग्रामीणों में रोष है। लोगों का कहना है कि संस्था की सुस्ती से गांव की लगभग 10 हजार की आबादी को पेयजल परियोजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

सेलूमऊ ग्राम पंचायत के करीब दस हजार की आबादी को पेयजल मुहैया कराने के लिए टंकी का निर्माण कार्य करीब डेढ वर्ष पहले शुरू हुआ था। लेकिन अभी तक कार्यदायी संस्था सिर्फ बाउंड्री ही बनवा पाई है। निर्माण में देरी से लोगों को शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा। ग्रामीणों का कहना है कि एक साल बीतने के बाद सिर्फ बाउंड्रीवॉल बन पाया है। कब टंकी बनेगी और कब पानी उनके घरों तक पहुंचेगा, यह जिम्मेदारों द्वारा बताया ही नहीं जा रहा। वहीं भीषण गर्मी में ग्रामीण पानी की समस्या से लगातार जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने जिले के उच्चाधिकारियों से पेयजल परियोजना का कार्य जल्द पूरा कराने की मांग की है।

वहीं खंड विकास अधिकारी आत्म प्रकाश रस्तोगी ने कहा है कि अवर अभियंता से इस संबंध में बात करके जल्द ही कार्य शुरू कराया जाएगा। जिससे लोगों को पेयजल की व्यवस्था सुचारू रूप से मिल सके।

# बाढ़ से 12 गांवों की 500 बीघा फसल जलमग्न

## रामपुर मथुरा इलाके में चौका नदी की बाढ़ से पिछले पांच दिनों के भीतर हुआ नुकसान

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर

**अमृत विचार:** चौका नदी की बाढ़ ने किसानों की समस्या बढ़ा दी है। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र की 12 ग्राम पंचायत और उससे जुड़े मजरों में 500 बीघा के करीब लगी धान की पकी फसल को नुकसान हुआ। ऐसे में तहसील प्रशासन की ओर से सर्वे का कार्य शुरू हो गया है। महमूदाबाद की उपजिलाधिकारी का कहना है कि 33 फीसद से अधिक फसल के नुकसान पर किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

चौका नदी के बढ़े जलस्तर ये ये मुसीबत एक सप्ताह के भीतर आई है। पानी खेतों में भर गया। बाकी बचा नुकसान बारिश ने कर दिया। तेज हवाओं ने धान की फसल को गिरा दिया। जिससे 12 ग्राम पंचायतों में करीब 500 बीघा खड़ी फसल नष्ट हो गई। उधर किसान बबलू का कहना है कि किसानों के सामने बीच हुई फसल को जल्दी काटने की मजबूरी है, नहीं तो धान बेकार हो जाएगा और जमने लगेगा। गिरा हुआ धान काटने के लिए अधिक मजदूरों की आवश्यकता होती है। ऐसे में लागत बहुत ज्यादा आ रही है।


बबलू गुप्ता।


दिनेश कुमार।


धान के खेत में भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार


रामपुर मथुरा में खेत में गिरी धान की फसल। अमृत विचार

किसान दिनेश कुमार का कहना है कि मजदूर जल्दी मिलते नहीं है, मजदूरी भी ज्यादा देनी पड़ती है। जिससे लागत बहुत आ रही हैं, गिरा हुआ धान काटने में काफी समय लगता है। जिन किसानों के धान की फसल में पानी भरा हुआ है, वह ऊपर-ऊपर बाली काट रहे हैं, किनारे लाकर सुखाते हैं। फिर मशीन में काटकर गीला धान रोड पर फैलाकर सुखाते हैं, जिससे लागत बहुत अधिक आ रही है। किसान प्रमोद का कहना है कि जिन खेतों में चौका नदी का पानी भर गया है। उन किसानों को सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता दे दी जाए, तो कुछ सहूलियत हो जाएगी।

> जिन किसानों के खेतों में 33 प्रतिशत से ऊपर फसल का नुकसान हुआ है। सर्वे की प्रक्रिया खत्म होने के बाद उन्हें मुआवजा दिया जाएगा।
> –शिखा शुक्ला, एसडीएम।

### हरियाणा से घर को चला मजदूर लापता पुलिस से की गई शिकायत

**संवाददाता, सकरन, सीतापुर, अमृत विचार :** हरियाणा से घर के लिए चला मजदूर संदिग्ध परिस्थितियों में रास्ते से लापता हो गया। घटना की सूचना पीड़ित पक्ष ने पुलिस को दे दी है। सकरन थाना क्षेत्र के धनपुरिया गांव निवासी बैजनाथ उर्फ गुल्लऊ (50) पुत्र श्यामलाल हरियाणा में एक प्राइवेट कम्पनी में मजदूरी करता था। 22 सितम्बर को वो हरियाणा के झज्जर नया बस स्टैंड से घर के लिए बस से शाहजहांपुर तक आया। इसी के बाद वो लापता हो गया। पीड़ित पक्ष ने सकरन पुलिस को सूचना दी है। मामले की जानकारी होने पर पुलिस मजदूर की खोजबीन कर रही है।

### 7 से शुरू होगी डायरेक्टर चुने जाने की प्रक्रिया

**संवाददाता सीतापुर:** 7 अक्टूबर से डायरेक्टर चुने जाने की प्रक्रिया आरंभ होगी। इसी के बाद मतदाता सूची का प्रदर्शन किया जाएगा। 8 को आपत्तियां ली जाएंगी। 9 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। 10 अक्टूबर को पर्चा दाखिला की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच होगी। 14 अक्टूबर को पर्चा वापसी है। 16 अक्टूबर को मतदान और मतगणना होगी।

# बीते 15 दिन में पांच बार की शिकायत, नतीजा शून्य

संवाददाता, इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर



हरगांव स्थित लाइफ केयर हॉस्पिटल।

▸▸ **भटक रहे मृतक बच्चे के परिजन नहीं हो रही कोई सुनवाई**

**अमृत विचार:** इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के कबीरपुर गांव निवासी सत्येंद्र मिश्रा के सात वर्षीय बेटे का गलत इलाज करने से मौत हो जाने का एक निजी अस्पताल पर आरोप लगा है। इकलौते बच्चे की मौत के बाद टूट चुका पीड़ित पिता न्याय की गुहार लगा रहा है, लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी कहीं पर भी उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है और पांच बार शिकायत किए जाने के बाद मामले में नतीजा सिर्फ शून्य ही रहा है।

थाना इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के कबीरपुर गांव निवासी सत्येंद्र मिश्रा के सात वर्षीय इकलौते बेटे के 17 सितंबर को बुखार आ गया। इसके बाद सत्येंद्र ने अपने पुत्र को इलाज के लिए हरगांव थाना क्षेत्र के कस्बा हरगांव में तीर्थ रोड स्थित लाइफ केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। आरोप है कि हॉस्पिटल में मौजूद डॉक्टर ने सत्येंद्र मिश्रा से इलाज के नाम पर 6 हजार रुपये जमा कराए और इलाज शुरू कर दिया। मृतक बच्चे के पिता ने यह आरोप लगाया है कि इलाज कर रहे डॉक्टर ने दस घंटे के भीतर ही करीब आठ बोतल ग्लूकोज की चढ़ा दी। जिससे उनके बेटे के शरीर में सूजन आ गई। इसी के बाद उसकी मौत हो गई। मृतक बच्चे के पिता ने यह आरोप लगाया है कि कम समय ही ग्लूकोज की अधिक बोतलें चढ़ाने, गलत दवायें देने व हॉस्पिटल के स्टाफ की मनमानी से उनके इकलौते बच्चे की मौत हो गई। जिसकी शिकायत उन्होंने हरगांव थाने में लिखित प्रार्थना पत्र देकर की है। इसके साथ ही पीड़ित पिता ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत पत्र देकर तथा मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी पोर्टल सहित अन्य माध्यमों पर ऑनलाइन माध्यम से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। लेकिन करीब 15 दिन बीत जाने के बाद भी पीड़ित पिता न्याय पाने के लिए दर- दर भटक रहा है।

**क्या बोले जिम्मेदार**

जब मामले में सीएचसी अधीक्षक हरगांव डॉ. नीतेश वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमें इसकी जानकारी नहीं है कि बच्चे का इलाज कैसे हुआ। फिलहाल मामले की जांच अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनूप श्रीवास्तव कर रहे हैं, वही बेहतर जानकारी दे पाएंगे।

# महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर


रैली को हरी झंडी दिखाते एसपी प्रकाश कुमार। अमृत विचार

▸▸ **एसपी ने मिशन शक्ति अभियान रैली को दिखाई हरी झंडी**

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र के निर्देशन में शारदीय नवरात्र के पर्व पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान "मिशन शक्ति फेज-5" के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार ने पुलिस ऑफिस से महिला पुलिसकर्मियों की मिशन शक्ति अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति अभियान रैली पुलिस ऑफिस से लालबाग चौराहा, थाना कोतवाली नगर, जीजीआईसी, तरणताल होते हुए महिला थाना पर समाप्त हुई। माध्यम से महिलाओं/बालिकाओं एवं आमजनमानस को महिला संबंधी अधिकारों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस मौके पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र, उ.नि. मधु यादव, प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ, उ.नि. अर्चना शुक्ला, प्रभारी एंटी रोमियो, उ.नि. रुचि गंगवार, प्रभारी एएचटीयू उ.नि. पूजा यादव एवम् अन्य महिला पुलिसकर्मी शामिल हुई। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक शिवबालक वर्मा, प्रभारी निरीक्षक यातायात फरीद अहमद मौजूद रहे।

**शोहदों को मिली पुलिस की चेतावनी, सीतापुर:** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के तहत जनपद के समस्त थानों को नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं नारी सम्मान के लिए विशेष अभियान चलाकर बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। शारदीय नवरात्र पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी और कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रकाश कुमार के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं, बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे हेल्पलाइन नंबरों 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि तथा गुड टच, बैड टच के विषय में चौपाल लगाकर जागरूक किया गया। सार्वजनिक स्थानों पर घूम रहे शोहदों को चेतावनी देकर छोड़ा गया।

# कांग्रेसियों की मांग, अत्यधिक भूजल दोहन पर लगे रोक



समस्या को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार:** नगर में संचालित गाड़ियों की धुलाई के लिए दबंगों द्वारा अत्यधिक बर्बाद किए जा रहे पानी से गर्मियों में वॉटर लेवल कम होने से कांग्रेसियों ने नाराजगी जताई है। भूजल बचाने को लेकर कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम की अनुपस्थिति में तहसीलदार अनिल कुमार को सौंपा।

उन्होंने कहा कि गाड़ी की धुलाई के लिए प्रेशर पंपों पर पानी की बर्बादी की जा रही है। पानी की अत्याधिक निकासी से वाटर लेवल घटता जा रहा है। गर्मियों में छोटे नालों में पानी न आने से नगर के लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। इस मौके पर जिला महासचिव अय्यूब अहमद, एजाजुद्दीन अंसारी, मुजाहिद हुसैन आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### सदस्यता अभियान की हुई समीक्षा



बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर संगठन सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक हुई। जिला प्रभारी नीरज सिंह व क्षेत्रीय मंत्री विमल सिंह ने जिले के सभी मंडलों में चल रही सदस्यता की समीक्षा की गई। सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष व जिला पदाधिकारीयों को सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने के लिए आग्रह कर अधिक से अधिक जनमानस को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाने की अपील की गई। इस मौके पर करुणा शंकर त्रिपाठी, नैमिष रत्न तिवारी, विश्राम सागर राठौर, रमेश भार्गव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गुणवत्ता का रखा जाएगा ध्यान

**नैमिषारण्य, सीतापुर, अमृत विचार :** तीर्थ नगरी को जबसे अयोध्या की तर्ज पर लाए जाने का प्रयास आरंभ किया गया है। वहां तेजी से परिवर्तन हो रहे हैं। नैमिषारण्य में यात्रियों के लिए नए भोजनालय का आरंभ हुआ। होटल संचालक विजय कश्यप एवं रामनरेश ने पूजन-अर्चन कर इसकी शुरुआत की। होटल संचालक का कहना है कि शासन की मंशा के अनुरूप श्रद्धालुओं की सेहत को दृष्टिगत रख गुणवत्ता का खास ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर राजपाल कश्यप,ज्ञानमूर्ति पांडे, मन्नू, अतुल कश्यप, जयप्रकाश, कमलेश, सुशील, सुरेश मितुल कश्यप और अखिलेश इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### संतुलित उर्वरकों का करें उपयोग

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी मनजीत कुमार ने बताया किसान अपनी फसलों में संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करें, संतुलित उर्वरकों का इस्तेमाल करने से फसल उत्पादन में कई तरह से फायदे होते हैं। पौधों को हर विकास चरण में जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं इससे पौधे मजबूत और स्वस्थ होते हैं। ऐसे उर्वरकों का इस्तेमाल करने से पौधे के अंकुरण में तेजी आती है और जड़े तेजी से विकसित होती हैं।

### मातारानी के जयकारों से गूंजा पंडाल


जागरण के दौरान उपस्थित श्रद्धालु। अमृत विचार

**कमलापुर सीतापुर, अमृत विचार :** कस्बे के शिवाला प्रागंण में द्वितीय देवी जागरण में मां के भजनों और झांकियां देखकर उपस्थित श्रोता भावविभोर होकर नाचने और झूमने लगे। वैभव गुप्ता, सागर गुप्ता, हर्षित तिवारी धूप दीप नैवेद्य अर्पित कर आरती उतारी। उसके पश्चात जागरण पार्टी के रिंकू पंडित के चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है भजन पर पूरा पंडाल मातारानी के जयकारों से गूंज उठा। श्रोता भावविभोर होकर नाचने लगे। भगवान राम दरबार, मां काली, भक्त हनुमान की सजीव झांकियो का प्रस्तुतीकरण कर लोगों मन मोह लिया।

**आस्था** — केसरीगंज स्थित देवी मठिया मंदिर से चलकर जोशीताल चुंगी होते हुए खत्रियाना चौराहा पहुंची यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

# शोभायात्रा में जय श्रीराम के उद्घोष, सजीव झांकियों का हुआ प्रस्तुतिकरण

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर


मातारानी की वेशभूषा में झांकी निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नवरात्र पर्व के दूसरे दिन दुर्गा जागरण समिति केसरी गंज के तत्वावधान में तहसील क्षेत्र के ग्राम रायपुरगंज स्थित मठिया वाली देवी माता मंदिर प्रांगण से क्षेत्र का प्रसिद्ध सूर्य कुंड मन्दिर तक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। गाजे - बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में जय श्रीराम के नारे लगाए गए। इस दौरान सजीव झांकियों का प्रस्तुतिकरण किया गया।

शोभायात्रा केसरीगंज स्थित देवी मठिया मंदिर से चलकर जोशीताल चुंगी होते हुए खत्रियाना चौराहा पहुंची। रास्ते में भक्तों ने शोभायात्रा का स्वागत किया और मातारानी की वेशभूषा में झाकियों के दर्शन करके उनकी पूजा-अर्चना की। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद द्वारा शोभायात्रा में शामिल भक्तगणों को फल वितरण किया। शोभायात्रा ठठेरी टोला होते हुए मुख्य प्रवेश द्वार से बिसवां मार्ग होते हुए ग्राम अकबरपुर के निकट स्थित प्रसिद्ध सूर्यकुंड मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में पुरुषों, महिलाओं व बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, ब्लॉक प्रमुख उमाशंकर वर्मा, शिव शंकर गुप्ता, रामनरेश त्रिवेदी, महेश गुप्ता, सुधाकर मिश्रा, महेंद्र अवस्थी, राजेश्वर रस्तोगी, वीरेंद्र पुरी, मनोज गुप्ता, मिंटू गुप्ता, आशीष शुक्ला, अजय गुप्ता, सभासद मनीष शुक्ला, अश्वनी कुमार, प्रखर रस्तोगी, कन्हैया गुप्ता, योगेश मिश्रा, विशाल गुप्ता, सुमित वैश्य, अभिनव त्रिवेदी, डॉ. एसके मौर्य, शोभित मिश्रा, ओमेंद्र वर्मा, प्रदीप जैन, सर्वेश, प्रवेश, विपिन गुप्ता सहित भारी संख्या में भक्त गण मौजूद रहे।

**कलश यात्रा में उड़े अबीर-गुलाल, महमूदाबाद, सीतापुर:** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर वृहस्पतिवार को मां दुर्गा के प्रथम रूप शैलपुत्री की भक्तों ने पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न देवी मंदिरों में माता के भक्तों का ताता लगा रहा।

सुबह से ही भक्तों के द्वारा माता के दर्शन का जो सिलसिला शुरू होता है। स्टेशन रोड स्थित मां दुर्गा मंदिर, कल्याणी देवी मंदिर, पूर्णा देवी धाम सहित ग्रामीण अंचलों में भी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। मंदिर जाने वाले विभिन्न मार्ग पर लगी दुकानें माहौल को भक्ति में बना रही हैं। रंग- बिरंगी चुनरी नारियल के गोले, फूल, मिठाई, ध्वजा सहित अन्य पूजन सामग्री की बड़ी बड़ी दुकानें लगाई गई है। माता की जयकारों से पूरा माहौल गुंजायमान है। नगर के श्री संकटा देवी धाम, दुर्गा मंदिर, बुढ़िया माता मंदिर, काली मंदिर, पूर्णा गिरी मंदिर सहित विभिन्न मंदिरो के आलावा बेहटा छावनी, रमुवापुर, बेहटी, शहजानी सहित विभिन्न जगहों पर दुर्गा पूजा पंडाल में भक्तो की काफी भीड़ रही।

### कलश स्थापना के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा दुर्गा नवरात्र महोत्सव


पंडाल में माता की प्रतिमा का पूजन करते भक्त। अमृत विचार

**संवाददाता पहला, सीतापुर अमृत विचार :** विकास खंड पहला अंतर्गत चौधरी चरण सिंह पार्क सरैंया राजा साहब में नवरात्र के पावन अवसर पर मां दुर्गा, भगवान गणेश, भगवान कार्तिकेय, मां लक्ष्मी व मां सरस्वती की प्रतिमांओं की नव दिन के लिए स्थापना की गई। आचार्य अवधेश शुक्ला द्वारा वैदिक विधान के साथ पूजा यज्ञमान जितेन्द्र वर्मा व मंजू वर्मा द्वारा पूजन करवाकर नव दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई। आयोजक विनीत यादव ने बताया कि आयोजन के लिए कुछ श्रद्धालुओं को साथ लेकर श्री नवदुर्गा सेवा समिति नाम से एक समिति बनाई गई है। पंडाल में प्रतिदिन सुबह शाम सामूहिक आरती होती है। अष्टमी को सामूहिक हवन के बाद कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर त्रिलोकी नाथ मौर्य, पुजारी हनुमान प्रसाद पम्मू चौहान, महेश यादव, रमाकांत रस्तोगी, राजेंद्र प्रसाद, हिमांशु, रामप्रकाश वर्मा, अनिल यादव, विशाल वर्मा, सुरेश, काशी राम सुरेंद्र वर्मा प्रधान प्रतिनिधि वर्मा नंदू अंकित गुप्ता तेजभान सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### हनुमान मंदिर को अर्पित किया चांदी का मुकुट

**सुबेहा, अमृत विचार :** आदर्श नपं सुबेहा के शनि बाजार स्थिति राजेश्वरी मन्दिर में मां दुर्गा व विजयी हनुमान मन्दिर में हनुमान जी को मां राजेश्वरी समिति के अध्यक्ष उमेश कुमार वैश्य ने चांदी का मुकुट अर्पण किया। इस मौके पर चेयरमैन सुबेहा देवीदीन रावत, समाजसेवी हुमांयू हुसैन कमेटी के पदाधिकारी शिव प्रसाद वैश्य, राजेन्द्र तिवारी, महेन्द्र मौर्य, पुनीत वैश्य, प्रदीप सोनी, पवन मौर्य, देशराज गुप्ता, अशोक वैश्य, कमलेश वैश्य, जियालाल रावत आदि मौजूद रहे।

### शिविर में 195 मवेशियों की हुई जांच, दी गईं दवाएं

**जैदपुर, अमृत विचार :** हरख ब्लॉक की ग्राम पंचायत गोठियां में गुरुवार को बहुदेशी शिविर लगाया गया। इस मौके पर पशुचिकित्सक डॉ. सुनील कुमार ने शिविर में आए 195 मवेशियों की जांच पड़ताल करने के बाद उन्हे कीढ़े व बाझपन सहित कई बीमारियों की दवा दी। इस मौके पर डॉ. सुनील कुमार ने पशु पालकों को पशुओं में होने वाली बीमारियों के बारे में जागरुक किया। इस मौके पर पशुधन प्रसार अधिकारी राम प्रवेश पटेल, अनिल कुमार, संतोष शर्मा चौधरी वसीम अहमद चौधरी गाजी हसन, चौधरी इरशाद विल्का चौधरी,अब्दुल रहमान दिलीप सहित कई लोग मौजूद रहे।

### अधिवक्ता के पिता के निधन से शोक की लहर

**फतेहपुर, अमृत विचार :** अधिवक्ता के पिता के निधन पर उनके अंतिम संस्कार में काफी संख्या में अधिवक्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। बार सभागार में शोकसभा का आयोजन किया गया। बार संघ के अध्यक्ष प्रदीप कुमार निगम ने बताया कि अधिवक्ता बृजेश कुमार मिश्रा के पिता रामनरेश मिश्रा का गुरुवार की शाम चार बजे निधन हो गया।

# दूसरे दिन हुई मां ब्रह्मचारिणी की आराधना, उमड़े भक्तजन

## सुबह से रात तक पूजा पंडालों में दिखी आस्था, हुए धार्मिक आयोजन



मां का किया गया भव्य श्रृंगार।



शहर के बड़ी देवी माता मंदिर में दर्शन-पूजन करते भक्त। अमृत विचार

**शारदीय नवरात्र**

▸▸ **मंदिरों को फूलों व ओम के प्रतीकों से सजाया गया**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** नवरात्रि के दूसरे दिन मां भगवती के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी देवी की आराधना की गई। घरों में कलश पूजन के साथ ही दुर्गा सप्तशती पाठ किया गया। आदिशक्ति के मंदिरों फतेहपुर के उजली देवी, शहर के बड़ी व छोटी देवी समेत अन्य देवी मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ रही।

विल्व निमंत्रण और आह्वान के साथ ही अखंड ज्योति जलाकर सनातनधर्मियों ने कहीं दुर्गा शप्तसती तो कहीं सहस्त्रनाम के पाठ शुरू किए। घरों से लेकर देवी मंदिरों तक नवरात्र की आराधना के लिए भक्तों का उत्साह देखने लायक रहा। मंदिरों में घंटे-घडियाल के साथ दिन भर मंत्रोच्चार गूंजते रहे। शारदीय नवरात्रि की द्वितीया पर देवी के दूसरे स्वरूप की आराधना की गई। अधिकतर सनातनी परिवारों में कलश स्थापना होने की वजह से कई पुरोहितों को तीन से चार यजमानों के यहां मां दुर्गा का आह्वान कराना पड़ा। घरों में भी महिलाओं द्वारा नौ दिन का व्रत रखकर कलश स्थापना की गई है। भय बाधा से मुक्ति के लिए नवरात्र के अनुष्ठानों की इस बार होड़ मची है। सुबह ही फूलों, रंगोलियों और तरह-तरह के हल्दी-चंदन के स्वास्तिक और ऊं के प्रतीकों से मंदिरों को सजाया गया है। मां को लाल चुनरी और तरह-तरह का भोग अर्पित किया जा रहा है। पूरे शहर में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। घरों में कलश की स्थापना भी की गयी है। पहले दिन फतेहपुर कस्बे महादेव तालाब स्थित उजली माता के मंदिर को भव्य के साथ सेवादारों द्वारा सजाय गया था। देर शाम हो रही आरती भी भारी संख्या में श्रद्धालु अपनी हाजिरी लगा रहे हैं। इनमें बच्चों से लेकर वृद्धजन तक शामिल हैं। मां ब्रह्मचारिणी को संयम की देवी भी कहा जाता है।

माना जाता है कि देवी के इस रूप की पूजा करने से मनुष्य में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम की प्राप्ति होती है। मां ब्रह्मचारिणी के दाएं हाथ में माला और बाएं हाथ में कमंडल है। वहीं दूसरी ओर पूजा पंडालों में स्थापित की गईं मां दुर्गा की उपासान भक्तों द्वारा की जा रही है। सुबह आरती पूजन के बाद शाम को देर रात तक जागरण, जवाबी कीर्तन, भजन आदि के साथ प्रतियोगिताएं भी आयोजकों द्वारा कराई जा रहीं हैं।

# सगरा के नाम से प्रसिद्ध है शीतला माता मंदिर

## हैदरगढ़ के ठाकुरद्वारा वार्ड में स्थित है मां का मंदिर, करीब 100 वर्ष पूर्व हुई थी स्थापना

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचारः** नगर के ठाकुरद्वारा वार्ड में स्थित शीतला माता मंदिर की स्थापना लगभग 100 वर्ष पूर्व कस्बा निवासी स्व. हजारीलाल अग्रवाल की पत्नी बीबी रामदुलारी द्वारा अपनी निजी भूमि पर कराई गई थी।

लगभग चार बीघा भूमि पर स्थित इस मंदिर की स्थापना के विषय में उनके वंशज तेज नारायण, महेश नारायण एवं उदय नारायण अग्रवाल बताते हैं कि इस मंदिर की स्थापना से पहले बीबी रामदुलारी बिना संतान के थीं क्योंकि जन्म लेने के बाद ही संतानों की मौत हो जाती थी। धार्मिक प्रवृत्ति की बीवी रामदुलारी के सपने में आई माता शीतला ने मंदिर की स्थापना कराने की बात कही। जिसके बाद उन्होंने अपनी लगभग चार बीघा भूमि पर शीतला माता मंदिर की स्थापना कराई इस मंदिर में शीतला माता के अलावा काली माता एवं दुर्गा माता की भी मूर्तियां स्थापित हैं। मंदिर के परिसर में ही एक सगरा है जिसका स्रोत एक कुएं से जुड़ा हुआ है।



नगर के ठाकुरद्वारा वार्ड स्थित शीतला माता का मंदिर। अमृत विचार

वर्ष के 12 महीने इस सगरा में पानी बना ही रहता है। इसी सगरा की वजह से शीतला माता मंदिर को सगरा मंदिर भी कहा जाता है। पिछले लगभग 30 वर्षों से पुजारी के रूप में सुबह शाम पूजा अर्चना करने वाले पंडित कृष्ण कुमार मिश्रा बताते हैं कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर यहां पर श्रद्धालुओं द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया जाता है। जबकि दोनों नवरात्रियों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु माताजी के दर्शन पूजन के लिए पहुंचते हैं। वही शीतला अष्टमी के अवसर पर विशाल मेले जागरण एवं भंडारे का कार्यक्रम भी किया जाता है। परिसर में स्थित कुएं पर शादी विवाह में कस्बा वासी कुंआ पूजन के लिए भी पहुंचते हैं। यहां पर मुंडन संस्कार भी होते हैं। ऐसा माना जाता है कि यहां सच्चे मन से आने वाले भक्तों की हर मुराद मातारानी अवश्य पूरा करती हैं। श्रद्धालुओं का यहां मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।

# क्रेडिट कार्ड से 82 हजार रुपये उड़ाए

**बाराबंकी, अमृत विचारः** शहर में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है। मोबाइल से काल कर एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से 82 हजार रुपये उड़ा दिए गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के लखपेड़ाबाग में पायनियर चौराहा के निकट रहने वाले लोकनाथ तिवारी ने बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर अज्ञात व्यक्ति ने काल करके धोखाधडी से उनके बैंक ऑफ बड़ौदा के क्रेडिट कार्ड से बयासी हजार रुपये की निकासी कर ली जिसकी जानकारी उन्हें बाद में हुई। इसको लेकर साइबर सेल में एफआईआर भी कराई जा चुकी है।

# चिकित्सकों ने छात्रों के स्वास्थ्य की जांच की

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम के तहत बीपी शुक्ला इंटर कॉलेज त्रिलोकपुर में सीएचसी रामनगर की टीम ने शिविर लगाकर विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांचा। कार्यक्रम के दौरान दौड़ स्पर्धा का भी आयोजन किया गया और बाल विकास विभाग द्वारा पोषण संबंधी स्टॉल लगाया गया।

शुक्रवार को डॉ. सुनील कुमार की अगुवाई में स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों के टीकाकरण करने के साथ हीमोग्लोबिन नेत्र परीक्षण सहित अन्य जांचे की गई। एलटी अंजू के द्वारा 80 बच्चों के हीमोग्लोबिन की जाँच की गयी। इस दौरान डॉ.दिव्या सिंह के द्वारा छात्र-छात्राओं को चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य कर्मी बिंदु रावत व अखिलेश ने 105 विद्यार्थियों की बीएमआई निकाली। साकेत बाजपेई, और रविकांत ने 65 बच्चों का नेत्र परीक्षण किया। एनम शिव कुमारी ने 110 किशोरियों को टिटनेस की वैक्सीन लगाई। इसके बाद अवधेश शुक्ला और प्रभात सिंह के द्वारा बालिकाओं की 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें प्रथम स्थान मानसी, द्वितीय सारिका, तृतीय शिवानी ने प्राप्त किया। इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नन्हे सिंह ने विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया। रामा अनुज के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में यशपाल सिंह, शिक्षक सूर्यवीर सिंह धीरेंद्र प्रताप सहित भारी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।



शिविर में मौजूद सीएचसी रामनगर की टीम। अमृत विचार

# प्रतियोगिता के लिए तीन हजार बच्चों का पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** 55वीं शारदीय नवदुर्गा पूजा महोत्सव को और भव्यता देने को शुक्रवार को नगरपालिका हाल में यूथ एसो. परिवार की बैठक सभापति बृजलाल सावलानी की अध्यक्षता में हुई। महासचिव पंडित राजन शर्मा ने अब तक हो चुकी तैयारी के बारे में चर्चा की। कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने नए सदस्यों के बारे में जानकारी दी। प्रतियोगिता सचिव अजय शुक्ला एवं रामेंद्र दीपक ने बताया अब तक करीब तीन हजार बच्चों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है जो पूजा महोत्सव में संपन्न होने वाली 16 प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे।

मीडिया प्रभारी दिलीप श्रीवास्तव ने बताया मां की प्रतिमाएं नगरपालिका हाल में पहुंच चुकी हैं। सभापति सावलानी ने बताया कि सात अक्टूबर को मां की प्रतिमाओं की स्थापना होगी तथा रात्रि में सुंदर कांड पाठ के उपरांत मां का दरबार भक्तों के लिए खुल जाएगा। बैठक में पंकज गुप्ता, अर्पित, रविनंन खजांची, मनोज जायसवाल, सुशील गुप्ता, पन्नालाल, महिला सदस्यों में सरिका गुप्ता, सीमा शर्मा, दर्शिका गुप्ता, तान्या भारद्वाज आदि उपस्थित थे।

# आयुष प्रथम, दिवाकर द्वितीय व प्रज्ञा तृतीय

## राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के तहत हुई ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचारः** पूर्व मावि नरौली के प्रांगण में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय क्विज स्पर्धा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत के बाद विधायक दिनेश रावत ने जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में प्रकाश डाला।

प्रधानाध्यापक आशीष त्रिवेदी व प्रावि गोतौना के प्रधानाध्यापक मदन मोहन वर्मा ने निपुण भारत मिशन, मध्यान्ह भोजन योजना आदि के बारे में प्रकाश डालते हुए बच्चों को निर्धारित निपुण लक्ष्य प्राप्त करने को प्रेरित किया। स्पर्धा में चयनित शीर्ष 25 बच्चों में साक्षात्कार के माध्यम से प्रथम स्थान पूर्व मावि विद्यालय बरावां के आयुष, द्वितीय पूर्व मावि बरगदहा के दिवाकर, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान बहरामपुर के प्रज्ञा व अंशिका, पंचम चौबीसी की चांदनी मौर्य ने प्राप्त किया। 68वीं माध्यमिक प्रादेशिक हैंडबाल स्पर्धा में बालिका वर्ग में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाली पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवपुरा की टीम के सदस्यों अनुराधा, आयुषी मिश्रा, नंदनी, सलोनी, कोच प्रेमराज, व्यायाम शिक्षक राजेंद्र किशोर पाण्डेय, भावना मिश्रा सहित क्विज प्रतियोगिता के शीर्ष पांच विद्यार्थियों को विधायक दिनेश रावत ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ ने समापन उद्बोधन के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख राज नारायन तिवारी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम देव सिंह, युवा भाजपा नेता सौरभ मिश्रा, अनुदेशक संघ के प्रदेश प्रवक्ता लवकुश पाण्डेय, इस्माइल, सत्यदेव सिंह, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, मुबीन अहमद, धर्मेन्द्र मिश्रा, महेंद्र प्रताप सिंह, वेद बाजपेई, प्रदीप मिश्रा, अंजनी मिश्रा और रवि प्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे।




विजेताओं के साथ विधायक दिनेश रावत व बीईओ सुनील कुमार गौड़। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### एसपी ने ली परेड की सलामी, कराई दौड़



निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के बाद परेड का निरीक्षण किया और संबंधित को दिशा-निर्देश दिए। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने परेड ग्राउंड में शुक्रवार को परेड की सलामी ली। इसके बाद परेड में शामिल पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ कराई। वहीं पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल की कार्यवाही कराई। यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित को मानकों के अनुसार समस्त उपकरणों को अपने पास रखने व रिस्पांस टाइम को और बेहतर करने को लेकर वार्ता की। एसपी ने पुलिस लाइन परिसर, मेस, बैरक, व्यायामशाला, सीपीसी कैंटीन, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, आवासीय परिसर आदि का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी लाइन हर्षित चौहान, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### बैठक में निर्देश, तय रेट से ऊपर न बेची जाए खाद



बैठक में मौजूद उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार व व्यापारी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** रबी फसलों की बुवाई के दृष्टिगत उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण एवं निर्धारित दर पर बिक्री के सम्बन्ध में समस्त थोक उर्वरक विक्रेताओं एवं उर्वरक प्रदाता कम्पनी की बैठक उप कृषि निदेशक के कार्यालय में हुई। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि रबी 2024-25 में डीएपी का कुल लक्ष्य 31434 मीट्रिक टन तथा एनपीके का कुल लक्ष्य 70822 मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष वर्तमान समय में लगभग 6000 मीट्रिक टन डीएपी तथा लगभग 19000 मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार ने थोक विक्रेताओं को निर्देश दिया कि तय रेट से अधिक में खाद न बेचें।

### रामबारात निकलने वाले मार्ग के भरने लगे गड्ढे



भरे जा रहे सड़क के गड्ढे। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** रामलीला कोठी से शनिवार को नगर भ्रमण के लिए निकलने वाली राम बारात में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर नगर प्रशासन द्वारा भी तैयारियां तेज कर दी गई है। बारात मार्ग की साफ सफाई के साथ-साथ गड्ढामुक्त करने का कार्य जोर-जोर से जारी है। रामलीला कार्यक्रम के छठवें दिन शनिवार को राम बारात नगर के प्रमुख मार्गों से निकलेगी। इसको लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी एवं अधिशासी अधिकारी अशोक खरवार ने बारात मार्ग को गड्ढा मुक्त करने और नालियों और रास्तों की साफ सफाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद अभियान चला कर रास्तों को गड्ढा मुक्त किया जा रहा है साथ ही मार्ग की साफ सफाई और नालियों की साफ सफाई कर कूड़े और कचरे को हटाया जा रहा है। साथ ही ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी कराया जा रहा है। गड्ढों को न भरे जाने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

# भू माफिया बाबा पठान पर एक और मुकदमा दर्ज

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचारः** भू माफिया बाबा पठान पर एक और पीड़ित ने शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा दिया है। माफिया ने उसकी जमीन व सरकारी नाली को पाटकर रास्ता बना दिया। विरोध करने पर जानलेवा हमला कर दिया।

ग्राम सफेदाबाद के दानियालपुर में रहने वाले रमेश चंद्र बैसवार ने तहरीर में कहा उसकी पत्नी केतकी देवी संक्रमणीय भूमिधर व काबिज दाखिल है। इस गाटा के उत्तर छोर पर सरकारी नाली अभिलेख में दर्ज है। उसकी भूमि की इसी दिशा में करीब सात मीटर चौड़ा व 70 मीटर लंबाई में अवैध रास्ता अबू बकर कमरुद्दीन खान उर्फ बाबा पठान व शाहिद मुख्तार आदि ने निकाल दिया। यही नहीं सरकारी नाली को भी पाटकर रास्ता बना दिया गया। जानकारी होने पर अपनी भूमि पर रास्ता पाटने से मना किया तो पांच जुलाई को साथियों संग उसके घर सफेदाबाद पहुंचकर जानलेवा हमला किया।

# महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**बाराबंकी, अमृत विचारः** स्वैच्छिक संस्था महिला खादी ग्राम्य सेवा संस्थान द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को नाबार्ड की एलईडीपी के अंतर्गत वस्त्र परिधान पर टाई डाई व स्क्रीन प्रिंटिंग का प्रशिक्षण दिया गया। एमई डीपी के तहत वाशिंग पाउडर, रेडीमेड गारमेंट्स और अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया गया ताकि वे अपना उत्पाद आसानी से बेच सकें। अब स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अपने उत्पाद की बिक्री के लिए दर-दर भटकना नहीं पड़ेगा। महिला सशक्तीकरण की दिशा में यह अनोखी पहल नाबार्ड और महिला खादी ग्राम्य सेवा संस्थान संयुक्त रूप से कर रहा है।

# गन्ना कार्यालय में गरजे रोजगार सेवक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** रोजगार सेवकों को उच्च गुणवत्ता बाले मोबाइल फोन के साथ ही मनरेगा श्रमिकों को भुगतान के लिए ग्राम पंचायत का डोंगल दिया जाए, समेत दस सूत्रीय मांगों को लेकर जिले भर के रोजगार सेवकों ने गन्ना कार्यालय में प्रदर्शन किया। सीएम को संबोधित मांगपत्र उपायुक्त श्रम रोजगार को सौंपा।

संगठन के जिला महामंत्री दिलीप यादव ने उपस्थित रोजगार सेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा की आज से तीन वर्ष पूर्व लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रोजगार सेवकों के सम्मेलन में उनकी समस्याओं का निदान करने के साथ साथ मानदेय बढ़ोत्तरी करने , ईपीएफ की धनराशि खाते में भेजनें, रोजगार सेवकों की सेवा समाप्ति उपायुक्त श्रम रोजगार की सहमति से करने एवं मानव संसाधन नीति को लागू करने जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं की थी लेकिन इतना समय व्यतीत हो जाने के बाद भी अधिकारियों ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं को पूरा नहीं किया। जिससे प्रदेश भर के रोजगार सेवकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। वर्तमान सरकार ने हम सभी का मानदेय 10 हजार रूपये करने का वादा किया जिसको उनके आदेश के तुरंत बाद पूरा भी किया गया लेकिन इसके साथ कुछ अन्य घोषणाएं भी मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी जिसे अधिकारियो ने लागू नही किया। जिला उपाध्यक्ष राम सजीवन यादव ने कहा कि मनरेगा कार्यों पर ऑनलाइन हाजिरी लेने के लिए रोजगार सेवकों को उच्च गुडवत्ता के मोबाइल फोन दिलाए जाए साथ ही मनरेगा मजदूरी भुगतान के लिए ग्राम पंचायत का डोंगल भी दिया जाए क्योंकि ग्राम पंचायत की मजदूरी के भुगतान के लिए ब्लाक के कई चक्कर लगाने पड़ते हैं। जिला प्रभारी जमनेश कनौजिया ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं को अगर शीघ्र लागू नहीं किया जाता तो जिले भर का रोजगार सेवक लखनऊ में आंदोलन को बाध्य होगा। धरना प्रदर्शन में विनोद, रवि प्रताप, अमित, पवन, दिलदार, सचिन, अनोज, नीलम आदि रहीं।



डीसी मनरेगा को ज्ञापन सौंपते रोजगार सेवक।

# केडी सिंह ने बनाया हॉकी को राष्ट्रीय खेलः गोप

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** केडी सिंह बाबू ने देश में खेल की बुनियाद रखी। केडी सिंह बाबू को पढ़ना चाहिए, जानना चाहिए क्योंकि यही वह लोग थे जिन्होंने हॉकी को भारत का राष्ट्रीय खेल बनाया। ये बात गांधी भवन में खेल जगत से जुड़ी प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने कहीं। उन्होंने पूर्व आलंपिक खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों को केडी सिंह बाबू खेल सेवा अवार्ड से सम्मानित किया। उन्होंने बाबू सोसाइटी लखनऊ से जुड़े पूर्व ओलंपिक खिलाड़ी सुजीत कुमार, एमए शाह, खुर्शीद अहमद, इमरान अहमद, आशुतोष पांडेय, सैय्यद अली, सिराज अहमद, डीआर सिंह, संजय चौधरी को केडी. सिंह बाबू स्मृति सेवा अवार्ड से सम्मानित किया। विभिन्न खेलों को बढ़ावा देने वाले केडी सिंह बाबू शताब्दी समिति के संरक्षक अरविंद सिंह गोप को ट्रस्ट द्वारा केडी सिंह बाबू स्मृति सेवा अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर इमरान किदवई, विनय सिंह, शिवशंकर, अशोक, मुजीब व महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब के पदाधिकारी मौजूद रहे।



पूर्व खिलाड़ियों के साथ सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह गोप। अमृत विचार

**टीम सी और टीम ए ने जीते मैचः** महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा बंकी खेल मैदान में तीन दिवसीय हॉकी स्पर्धा चार टीमों ए, बी, सी और डी के बीच खेला गया। टीम सी और टीम ए ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। टीम सी ने 3-0 से मैच जीता। वहीं टीम ए ने 2-1 से मैच अपने नाम किया।

# टैक्सी स्टैंड की भूमि हुई कब्जामुक्त

सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचारः** नगर पंचायत व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा शुक्रवार को नगर पंचायत की सरकारी जमीन से कब्ज़ा को मुक्त कराया। टीम के द्वारा चेतावनी भी दी गई है कि यदि दोबारा कब्जा करने की कोशिश की गई तो मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

नगर पंचायत सतरिख में टैक्सी स्टैंड के लिए आरक्षित जमीन पर कुछ लोगों के द्वारा कई वर्षो से बाउंड्री वॉल का निर्माण करा लिया गया और गेट लगा कर जमीन पर कब्ज़ा लिया गया था। जिससे टैक्सी स्टैंड बनने में बाधा आ रही थी और टैक्सी स्टैंड का निर्माण नहीं हो पा रहा था। शुक्रवार को नायब तहसीलदार सतरिख प्रियंका शुक्ला, ईओ आलोक वर्मा की संयुक्त टीम के द्वारा मौके पर पहुंचकर बाउंड्री वॉल गिराकर जमीन को कब्जे से मुक्त कराया गया। अब नगर पंचायत वासियों को टैक्सी स्टैंड का तोफाह मिलेगा। जिससे जाम की भी निज़ात मिलेगी। नायब तहसीलदार सतरिख प्रियंका शुक्ला ने कहा है कि यदि दोबारा कब्जा करने की कोशिश की गई तो मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। टीम में जलकल पर्यवेक्षक मिथिलेश कुमार,भूपेंद्र सिंह, प्रकांतशील, राजस्व निरीक्षक सुरेश कुमार, लेखपाल कमल कुमार वर्मा आदि लोग शामिल थे।



अवैध निर्माण हटाता बुलडोजर। अमृत विचार

# ट्रेन से कटकर दो सगी बहनों की गयी जान

## शुक्रवार की दोपहर हुआ हादसा, मांगलिक कार्यक्रम के बाद खेल-खेल में पहुंचीं थीं रेलवे लाइन पर

सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचारः** शुक्रवार की दोपहर बड़ा हादसा हो गया। खेलते-खेलते रेल पटरी पर पहुंचीं दो बहनें अचानक आई ट्रेन की चपेट में आ गईं। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। दोनों अपने पिता के साथ मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं। हादसा देख पिता विचलित हो गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

सतरिख थाना क्षेत्र में शुक्रवार को संदौली गांव के मोहन प्रजापति अपनी दोनों बेटियों जानवी पांच व कीर्ति तीन वर्ष के साथ गांव में ही दीपक प्रजापति के घर पर आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। दीपक के घर पहुंचकर मोहन अन्य कामों में उलझ गया। इस बीच बहनें खेलते-खेलते कुछ ही दूरी से गुजरी रेलवे लाइन पर पहुंच गईं। अभी वह पटरी पर पहुंची ही थीं कि अचानक ट्रेन आ गई। ट्रेन से कटकर दोनों की मौत हो गई। उधर से गुजर रहे ग्रामीणों ने क्षत-विक्षत शव देखा तो द्रवित हो उठे। पिता को भी घटना की जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि शवों को पीएम के लिए भेजा गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सूरतगंज, अमृत विचार :** पीएम विश्वकर्मा योजना में ट्रेनिंग निपटाकर बाराबंकी से वापस आ रहे बाइक सवार युवक को विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को राहगीरों ने डायल 108 एंबुलेंस की मदद से तत्काल सूरतगंज सीएचसी सूरतगंज भिजवाया। यहां से जिला अस्पताल फिर लखनऊ रेफर किए गए युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के सूरतगंज मौसड़ा गांव निवासी आकाश शर्मा पुत्र जगजीवन उम्र 25 वर्ष का बाराबंकी आना जाना रहता था। गुरुवार की देर रात वह मोटरसाइकिल से घर वापस आ रहा था, तभी रामनगर सूरतगंज रोड स्थित रानीगंज देशी शराब ठेके के सामने विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे आकाश रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से घायल युवक को एंबुलेंस के माध्यम से सूरतगंज सीएचसी पहुंचाया गया, जहां पर हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल के बाद लखनऊ में एक हॉस्पिटल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

## एसडीएम ने किया पटाखों की दुकानों का निरीक्षण

**बाराबंकी, अमृत विचारः** शुक्रवार को एसडीएम आर जगत साईं व सीओ हर्षित चौहान ने कस्बा जैदपुर में लगने वाली आतिशबाजी की दुकानों का जायजा लिया। अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम ने भी अब्दुल्लापुर जाने वाले मार्ग पर लगने वाली अतिशबाजी की दुकानों का निरीक्षण किया। टीम ने व्यापारियों के लाइसेंस व अभिलेखों की जांच की। पटाखा बनाने वाले गोदामों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था परखी। अग्निशमन विभाग की टीम की ओर से दुकानों व गोदामों में आग से बचाव की व्यवस्था का जायजा लिया गया साथ ही दिशा-निर्देश दिए गए।



शिविर में लोगों की जांच करती सीएचसी की टीम। अमृत विचार

### शिविर में 106 लोगों का हुआ डेंगू टेस्ट, नहीं मिला केस

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** मौसम में बदलाव से संक्रामक बीमारियों की रफ्तार बढ़ गई है। इस साल एक दिन में सर्वाधिक मरीजों की डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव पूरे कोट गांव में आई है। अन्य मरीजों में मलेरिया की भी पुष्टि हुई थी। संक्रामक रोगों को लेकर स्थानीय सीएचसी अलर्ट है। शुक्रवार को सीएचसी के डॉक्टरों की टीम ने क्षेत्र में कैंप लगाकर डेंगू की जांच की लेकिन कोई भी पॉजिटिव नहीं पाया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमरेश वर्मा बे बताया कि मौसम बदलने से लोगों में वायरल बुखार भी शुरू हो गया है। लोगों में डेंगू बुखार की जांच के लिए शुक्रवार को रामसनेहीघाट इलाके के पूरे संतोषी गांव में कैंप लगाया गया जिसमें 106 लोगों का टेस्ट किया गया। वहीं वायरल के कुछ लोगों को दवाइयां दी गईं।

## महिला समेत दो को उम्रकैद की सजा

**बाराबंकी, अमृत विचारः** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने हत्या के मामले में महिला समेत दो को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोनों पर 25-25 हजार का अर्थदंड भी लगाया।

अभियुक्त रीता व अजय कुमार गोस्वामी निवासी अमौली कीरतपुर रामनगर को न्यायाधीश ने दोषसिद्ध करते हुए प्रत्येक को आजीवन कारावास व 25-25 हजार अर्थदंड लगाया। संक्षिप्त विवरण के अनुसार 30 जुलाई 2018 को थाना रामनगर क्षेत्र के तहत निवासिनी संगीता पत्नी रम्मन गोस्वामी निवासी अमोली कीरतपुर ने अपने पति की हत्या करने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था।

## केवट संवाद, नाव नवैया लीला का मंचन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** पितृ आज्ञा का पालन करते हुए राम अपने अनुज लक्ष्मण व पत्नी सीता के साथ वनगमन करते हैं। वह मंत्री सुमंत्र को वापस भेज देते हैं। तमसा नदी पर निवास के बाद श्रीराम शृंगवेरपुर के राजा निषाद राज से भेंट करते हैं फिर गंगा किनारे केवट के पास पंहुचे। नगर के धनोखर सरोवर पर केवट संवाद व नाव नवैया की लीला संपन्न हुई। आगे के प्रसंग में गंगा पार करने के लिए राम ने केवट से नाव मांगी लेकिन वह नाव लेकर नहीं आता। इस दौरान केवट श्रीराम से कहता है कि मैं तुम्हारा भेद जानता हूं तुम्हारे चरण कमल की धूल के लिए सब लोग कहते हैं कि वह मनुष्य बना देने वाली कोई जड़ी है जिसके छूते ही पत्थर की शिला सुंदर स्त्री हो गई है। मेरी नाव तो काठ की है मेरी नाव भी स्त्री हो जाएगी जिससे मेरी रोजी भी खत्म हो जाएगी। केवट कहता है प्रभु यदि तुम उस पार जाना चाहते हो तो मुझे पहले अपने चरण कमल पखारने दो यानि की चरण कमल धोने दो। केवट के प्रेम से बंधे हुए अटपटे वचन सुनकर प्रभु राम, जानकी और लक्ष्मण को देखकर हंस देते हैं। वह केवट से कहते हैं भाई तू वही कर जिससे तेरी नाव न जाए जल्दी पानी ला और पैर धो ले देर हो रही है। पांव पखारने के बाद केवट श्रद्धा एवं भाव से श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण को अपनी नाव पर चढ़ाते हैं। गंगा नदी भी प्रभु की इस लीला को देख हर्षित हो जाती हैं। इस दौरान देवता पुष्प वर्षा करते हैं।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

### नुक्कड़ नाटक से दिया सशक्तीकरण का संदेश

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कालेज में शुक्रवार को मिशन शक्ति फेज-5 के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या नंदिता सिंह, मीना पाल, मनोज कुमार जिला समन्वयक चाइल्ड लाइन, महिला आरक्षी कामिनी, दीपशिखा ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। छात्राओं ने नुक्कड नाटक के माध्यम से नारी सशक्तीकरण का संदेश दिया। मसौली प्रतिनिधि के अनुसार दुर्गा पण्डाल ग्राम बिन्दौरा में मिशन शक्ति फेज 5 के तहत थाना प्रभारी यशकांत सिंह के नेतृत्व में महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

## सार-संक्षेप

### 31 छात्राओं को दी जाएगी फेलोशिप



कार्यक्रम में मौजूद ताराश्री फाउंडेशन की संस्थापक विभा व अतिथिगण।

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** ताराश्री फाउंडेशन द्वारा उदयन शालिनी फेलोशिप प्रोग्राम के द्वितीय बैच का उद्घाटन बीबी गोयल, पूर्व प्रमुख अभियंता यूपी पावर कारपोरेशन व दिल्ली उदयन केयर से अंजली कार्यकारी निर्देशक के स्वागत संग किया। पहले बैच की मेंटर मानसी ने बताया कि चुनी हुई 31 छात्राओं को पांच वर्ष तक फेलोशिप मिलेगी। 2008 बैच की फेलो रहीं सपना ने अपने सफर को छात्राओ से साझा करते हुए फेलोशिप के कारण उनमें आए परिवर्तन को बताया। फाउंडेशन की संस्थापक विभा ने अन्य गतिविधियों के बारे में बताया। पिछले बैच की छात्रा रितिका सैनी व सायना बानों द्वारा अपनी कहानी के माध्यम से फेलोशिप के लाभ से अवगत कराया। विनीता मिश्रा ने स्वयं सिद्धा कविता द्वारा छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। संस्था के फाउंडर राजीव गुप्ता द्वारा चयनित 31 छात्राओं तथा उनके अभिभावकों का धन्यवाद किया गया। उन्होंने बताया कि 315 छात्राओं ने आवेदन किया था। कार्यक्रम में मिनाक्षी, डॉ. स्नेहलता, रूमा, सृष्टि, जया आदि मौजूद रहीं।

### फंदे से लटकता मिला लापता युवक का शव

**सिद्धौर, बाराबंकी, अमृत विचार :** गुरुवार शाम घर से बिना बताए निकले युवक का शव संदिग्ध हालात में फांसी के फंदे से लटकता मिला। परिजन हत्या कर शव लटकाए जाने का आरोप लगा रहे हैं। असंद्रा थाना अंतर्गत सिद्धौर पुलिस चौकी के लोधपुरवा मजरे गंगवई पठनान निवासी मनीष कुमार जब गुरुवार को घर नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश शुरू की। शुक्रवार की सुबह महिलाओं ने नहर पुलिया के पास मेंथा टंकी के ऊपर रखे छप्पर से युवक का शव लटकते देखा। परिजनों के अनुसार मृतक के मोबाइल का पैटर्न लॉक भी बदला हुआ था। उन्होंने हत्या की आशंका जाहिर की है।

### छेड़छाड़ के दो मामलों में दो को कारावास की सजा

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** न्यायालय ने छेड़छाड़ के दो मामलों में अभियुक्त को चार वर्ष कारावास व पांच हजार व नाबालिग से छेडछाड़ के आरोपी को पांच वर्ष कारावास व 10 हजार अर्थदंड अदा करने की सजा सुनाई। छेड़छाड़ की घटना के बारे में पंजीकृत प्रकरण के अभियुक्त जियाउल हक को न्यायाधीश ने चार साल कारावास व पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया। विवरण के अनुसार 23 मई 2016 को वादिनी के साथ अभियुक्त द्वारा छेड़छाड़ करने के संबंध में थाना टिकैतनगर पर सूचना दी गई। सूचना के आधार जियाउल हक पुत्र अब्दुल हक निवासी बनगांवा थाना टिकैतनगर के खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया। विवेचक निरीक्षक चन्द्रशेखर सिंह ने साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। इसी प्रकार छेडछाड़ के आरोपी को 5 वर्ष कठोर कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई। थाना सतरिख पर नाबालिग के साथ छेडछाड़ के सम्बन्ध में पंजीकृत पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त जितेन्द्र पुत्र मोतीलाल निवासी डल्लूखेड़ा थाना सतरिख को दर्ज धाराओं में अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट संख्या-45 ने दोष सिद्ध करते हुए 5 वर्ष का कठोर कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। 11 मार्च 2019 को वादी ने अभियुक्त द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने के सम्बन्ध में थाना सतरिख पर सूचना दी। सूचना के आधार पर पॉक्सो एक्ट बनाम जितेन्द्र पुत्र मोतीलाल निवासी डल्लूखेड़ा थाना सतरिख पंजीकृत किया गया।

### कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना कुर्सी पुलिस टीम ने अभियुक्त सुशील कुमार पुत्र नंदराम रावत निवासी ग्राम गढ़ी मजरे कुर्सी थाना कुर्सी, पप्पू पुत्र रामदुलारे निवासी टिकैतगंज थाना कुर्सी को गिरफ्तार कर कच्ची शराब बरामद की।

## ठाकुरद्वारा मंदिर प्रकरण की जांच को पहुंचे अफसर

**बाराबंकी, अमृत विचारः** बड़ा ठाकुर द्वारा मंदिर में हो रहे भ्रष्टाचार प्रकरण में डीएम सत्येन्द्र कुमार के निर्देश पर तहसीलदार शरद सिंह, नायब तहसीलदार प्रियंका त्रिपाठी आदि मंदिर की जांच करने पहुंचे। समाजसेवी मनीष मेहरोत्रा ने मंदिर को खुर्द-बुर्द होने से बचाने को प्रार्थना पत्र दिया था। मंदिर सरकारी अभिलेखों में भूमि आबादी श्रेणी दो के तहत म्युनिशपल बोर्ड अंकित है। तथाकथित ट्रस्टियों ने एक भू-माफिया के हाथों लाखों रुपये लेकर मंदिर के अग्र भाग को बेच दिया था। नौशाद आलम ने उस जमीन पर तीन मंजिला कॉम्प्लेक्स खड़ा कर दिया था।



सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

### लोकार्पण में दिखी आदिशक्ति की अनोखी झलक

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** बाबा रामसनेहीदास मंदिर में एक करोड़ की लागत से निर्मित रैन बसेरा, सीढ़ी, कल्याणी तट पर घाट, सोलर लाइटें और पेड़ पौधों समेत अन्य सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण खुद राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने करके बल्कि स्थानीय निवासी गुजराती देवी के हाथों से कराया। बुजुर्ग महिला के हाथों लोकार्पण कराकर राज्यमंत्री ने नवरात्रि के दिनों में आदिशक्ति को नमन करने के साथ एक शानदार मिसाल भी पेश की। उन्होंने आधी आबादी को अपने अंदाज में बेहद अनोखा सम्मान दिया। जिससे क्षेत्र में लोगों ने राज्यमंत्री की जमकर प्रशंसा भी की। राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने लोकार्पण करने के बाद कल्याणी नदी तट पर बरगद का पौधा भी रोपित किया। इस अवसर पर पवन सिंह रिंकू, जवाहर वर्मा, जितेन्द्र सिंह, अभिषेक वर्म, विजय कश्यप, संजय निषाद, बीनू तिवारी, पवन वर्मा आदि मौजूद रहे।

## कल एक दूजे के होंगे 101 जोड़े

**बाराबंकी, अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन टिकैतगुट द्वारा आयोजित होने वाले 13वें सामूहिक विवाह व निकाह समारोह की तैयारियां सोमवार को तेल पूजन कार्यक्रम के साथ शुरू हो गयीं। रविवार को नवीन मंडी स्थल पर 13वां सामूहिक विवाह व निकाह समारोह का आयोजन हो रहा है। 101 महिलाओं को दुर दुरैय्या की रस्म अदा कराई गयी। इसके साथ ही 51 बालिकाओं को कन्या भोज कराया गया। इस बार 101 शादियों का लक्ष्य रखा गया है। जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा ने बताया कि 98 शादियों के पंजीकरण हो चुके हैं जिनमे पांच निकाह भी शामिल हैं।

# कटान हुई तेज, नदी का बहाव मोड़ने में जुटा रहा प्रशासन

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचारः** राप्ती नदी में इस वर्ष चौथी बार आई बाढ़ का पानी बहुत तेजी से घट रहा है जिससे नदी के बगल में कटान हो रहा है। शुक्रवार की सुबह राप्ती के तेज बहाव से नदी काटते हुए रमवापुर कोहलचक उर्फ बड़हरा गांव को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग व मार्ग पर बनी पुलिया के बगल पहुंच गई जिससे पुलिया का एक विंग वाल व एक बिजली का पोल नदी में समा गया। स्थिति यह हुई कि गांव में बिजली आपूर्ति ही चरमरा गयी।

ग्रामीणों की सूचना पर एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित मौके पर पहुंचे और काटन रोकने के लिए कार्रवाई शुरू करवाई। सिंचाई निर्माण खंड के एई अशोक कुमार भारती, जेई ज्ञान शंकर, मेट जय प्रकाश की देखरेख व बीडियो आलोक उपाध्याय के निर्देशन में बचाव कार्य शुरू हुआ। ग्रामीणों के सहयोग व बचाव टीम द्वारा मुख्य मार्ग तथा पुल के बगल में कटान रोकने के लिए बड़े-बड़े पेड़ मुख्य मार्ग के बगल में नदी के बहाव वाली जगह पर डाले गए।

वहीं कई बोरियों में ईंटों को भरकर गैबियान व रस्सी की बनी बड़ी जाल में भरकर मार्ग के बगल में बहने वाली नदी के पानी में डाला जाने लगा। काफी मेहनत के बाद राप्ती के बहाव को मोड़ा जा सका। एसडीएम समेत सभी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर कड़ी धूप में बचाव कार्य को रोकने के लिए सुबह से लेकर देर शाम तक लगे रहे। एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित ने बताया कि डीएम के निर्देश पर रमवापुर कोहलचक उर्फ बड़हरा गांव को जोड़ने वाले मुख्य संपर्क मार्ग व पुलिया के बगल राप्ती के बहाव से हो रही कटान को रोकने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।

## फीस के लिए बच्चों को धूप में बैठाने पर विद्यालय सील

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर, अमृत विचारः** इटवा तहसील के एक निजी स्कूल में फीस के लिए बच्चों को धूप में बैठाने के मामले में गुरुवार को प्रशासन ने स्कूल को सील कर दिया। इसके साथ ही बीईओ की तहरीर पर बच्चों को प्रताड़ित करने व अभिभावकों को धोखे में रखकर दाखिला लेने के मामले में नगर पंचायत इटवा के श्यामराजी हाईस्कूल बरगदवा के प्रधानाचार्य पर गुरुवार की देर शाम मुकदमा भी कायम किया गया है।

बीईओ ओपी मिश्र की तहरीर में आरोप लगाया गया है कि प्रधानाचार्य शैलेश कुमार त्रिपाठी ने फीस न जमा करने पर बच्चों को विद्यालय के गेट के बाहर निकाल दिया और अमानवीय तरीके से प्रताड़ना दी। उसके बाद सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। मामला संज्ञान में आने पर जिले के डीएम ने एसडीएम कल्याण सिंह मौर्या व प्रधानाचार्य राजकीय विद्यालय इंद्रीग्रांट समर बहादुर सिंह की दो सदस्यीय टीम को जांच करने का निर्देश दिया। जांच में मामले की पुष्टि होने व मान्यता न होने की बात सामने आई।

लापरवाही — अधिकांश विद्यालयों ने नहीं कराया पंजीकरण, बाल वैज्ञानिकों की प्रतिभा हो रही प्रभावित

# इंस्पायर अवार्ड योजना में विद्यालय ही बने रोड़ा

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचारः** जिले में बाल वैज्ञानिकों की प्रतिभा को निखारने में विद्यालय रोड़ा बनने लगे हैं। इंस्पायर अवार्ड योजना में अधिकांश विद्यालयों का पंजीकरण न कराना इस बात की पुष्टि करता है। सबसे खराब स्थिति बेसिक स्कूलों की है। अंतिम तिथि समाप्त होने में मात्र एक पखवारे का समय शेष बचा है। जनपद में लक्ष्य 4815 के सापेक्ष सिर्फ 792 छात्रों का ही पंजीकरण हो सका है।

शासन से बाल वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने के लिए इंस्पायर अवार्ड मानक योजना का संचालन किया जा रहा है। इसमें कक्षा छह से 10 तक बच्चे प्रतिभाग करते हैं। योजना में चयनित होने पर शासन की ओर से 10 हजार रुपये की धनराशि दी जाती है ताकि बाल वैज्ञानिक अपने मॉडल तैयार कर प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर सकें। यही नहीं बाल वैज्ञानिकों को जिले से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मौका भी मिलता है। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित प्रतिभागी को राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होने का गौरव प्राप्त होता है। बेसिक शिक्षा परिषद, माध्यमिक शिक्षा परिषद, सीबीएसई बोर्ड, संस्कृत बोर्ड से जुड़े विद्यार्थी इसमें हिस्सा ले सकते हैं। पंजीकरण प्रक्रिया को शुरू हुए सवा महीने का समय बीत चुका है। 15 अक्तूबर तक पंजीकरण होने हैं। प्रत्येक विद्यालय को मात्र पांच छात्रों का पंजीकरण कराना है। अब तक 792 पंजीकरण हुए हैं। इनमें से परिषदीय स्कूलों के काफी कम पंजीकरण हुए हैं। सीबीएसई, संस्कृत बोर्ड की स्थिति भी खराब है। जबकि लक्ष्य 4715 का है। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत 15 अक्तूबर तक पंजीकरण होने हैं। जिन विद्यालयों ने अभी तक पंजीकरण नहीं कराए हैं, उनके लिए समय सीमा के भीतर पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि अधिकाधिक छात्रों का पंजीयन कराने के लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को कड़ा पत्र लिखा गया है। शिथिलता पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


# कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिद्धार्थनगर

पत्रांक :– मु0चि0अ0/एन0एच0एम0/विज्ञा0/2024–25/4427 दिनांक : 01/10/2024

## विज्ञप्ति

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या:–179/एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/डिस्ट्रिक वॉक–इन/2728 दिनांक 09.08.2024 के अनुपालन में जनपद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में स्वीकृत संविदा चिकित्साधिकारी के रिक्त पदों की भर्ती, वाक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से की जानी है। इस सम्बंध में जनपद सिद्धार्थनगर में स्वीकृत पदों की भर्ती हेतु नियमानुसार विज्ञापन प्रसारित किया जाना है। रिक्त पदों एवं विज्ञप्ति का प्रारूप विवरण निम्नवत् है।

| क्र0 सं0 | कार्यक्रम का नाम | पद नाम | फैसिलिटी का स्तर | अर्ह शैक्षिक योग्यता | वांछित अनुभव (यदि आवश्यक हो) | रिक्त पदों की संख्या (आरक्षण सहित) | | | रिक्त पद के सापेक्ष अनुमोदित मानदेय (रू0 प्रतिमाह) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | GEN | OBC | SC | |
| 1 | मातृत्व स्वास्थ्य | महिला चिकित्सा अधिकारी | प्रथम संदर्भन इकाई | एम0बी0बी0एस0 के साथ मेडिकल काउन्सिल संस्थान में पंजीकृत | अनुभव का वरीयता | 0 | 0 | 1 | 100000.00 |
| 2 | एन0यू0एच0एम0 | चिकित्सा अधिकारी | नगरीय प्रा0स्वा0केन्द्र0/हेल्थवेलनस सेन्टर | | अनुभव का वरीयता | 0 | 1 | 0 | 80000+ PBI (20000) |
| 3 | बाल स्वास्थ्य | चिकित्सा अधिकारी | एस0एन0सी0यू0 | | अनुभव का वरीयता | 0 | 1 | 0 | 100000.00 |
| | कुल योग | | | | | 0 | 2 | 1 | |

**आवेदन हेतु निर्देश–**

- उपरोक्त समस्त पदों पर वॉक–इन–इण्टरव्यू दिनांक– 16.10.2024 को प्रातः 11:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार, सिद्धार्थनगर में सम्पन्न कराया जाएगा।
- इच्छुक अभ्यर्थी वॉक–इन–इण्टरव्यू के समय नवीनतन बायो डाटा, समस्त वांछित मूल अभिलेख, रजिस्ट्रेशन, दो नवीनतम कलर फोटोग्राफ तथा वांछित प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों के 01 सेट के साथ साक्षात्कार में प्रतिभाग कर सकते है।
- यह पद पूर्णतयः नियत मानदेय पर संविदा शर्तो के अधीन है तथा इस पर स्थायीकरण का कोई दावा स्वीकार नही होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
- उपरोक्त पदों पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिए मान्य होगी, जिसे भारत सरकार से अनुमोदनोपरान्त आगे बढ़ाया जा सकता है।
- कोई भी प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर चयनित अभ्यार्थी की संविदा समाप्त की जा सकती है।
- साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
- इच्छुक अभ्यर्थी का आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हो।
- चयन प्रकिया में उ0प्र0 शासन द्वारा लागू आरक्षण नीति का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया की जायेगी।
- कोई भी प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर जिला स्वास्थ्य समिति/राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 द्वारा एक महीने का नोटिस या नोटिस के बदले एक महीना के वेतन के बराबर राशि देकर चयनित अभ्यार्थी की संविदा/सेवा समाप्त करने का अधिकार होगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
सिद्धार्थनगर

## एक नजर

### अयोध्या की उधैला झील का 3.81 करोड़ से होगा सौन्दर्यीकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या के मिल्कीपुर स्थित उधैला झील को 3.81 करोड़ रुपये से संवारा जाएगा। सौंदर्यीकरण के साथ किड्स प्ले एरिया, घाट का निर्माण, कैंटीन, कॉटेजेज, पार्किंग, प्रवेश द्वार, गार्ड रूम, टिकट काउंटर, टीला, नेचर ट्रेल आदि का निर्माण कराया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि उप्र. ईको टूरिज्म विकास बोर्ड यहां पर्यटकों के लिए सुविधाएं विकसित करेगा। उन्होंने बताया कि इस साल जनवरी से जून तक करीब 11 करोड़ लोगों ने अयोध्या का भ्रमण किया।

### आयुष कॉलेजों में 6,583 अभ्यर्थियों को सीट आवंटित

**अमृत विचार,लखनऊ :** आयुष यूजी काउंसिलिंग में 6,583 अभ्यर्थियों को सीट आवंटित कर परिणाम घोषित किए गए हैं। प्रदेश भर में आयुर्वेदिक, होम्योपैथी और यूनानी के कुल 74 कॉलेजों की 7,414 स्नातक सीटों पर दाखिले होना शुरू हो चुके हैं। होम्योपैथी निदेशक व नोडल अधिकारी डॉ.अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि दाखिले की प्रक्रिया नौ अक्टूबर तक पूरी होगी। इसके बाद दूसरी काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि दाखिले के बाद भी छात्रों को कॉलेज बदलने का अवसर मिलेगा। 11 से 14 अक्टूबर तक उन्हें अपग्रेड होने पर दाखिले की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

### एएसआई के परिवार को सौंपा 95 लाख का चेक

**अमृत विचार , लखनऊ :** डीजीपी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को हादसे में मृत सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) निशांत रंजन के परिवारीजनों को 95 लाख रुपये का चेक सौंपा। पीड़ित परिवार को यह राशि बैंक ऑफ बड़ौदा ने पुलिस सैलरी पैकेज के तहत दी गई है। मूलत : बिहार के वैशाली हाजीपुर निवासी निशांत रंजन की छत से गिर जाने पर मौत हो गई थी।

# उप्र . के 2 .25 करोड़ किसानों को आज मिलेगी सम्मान निधि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को महाराष्ट्र के वेगॉल (वाशिम) में आयोजित एक कार्यक्रम में किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी करेंगे। इससे उत्तर प्रदेश के 2,25,91,884 किसानों के खातों में कुल 4,985.49 करोड़ रुपये की धनराशि स्थानांतरित की जाएगी। वहीं, पूरे देश के लगभग 9.51 करोड़ किसानों लाभांवित होंगे। 20,552 करोड़ रुपये की धनराशि सीधे किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित की जाएगी।

**▸▸ प्रधानमंत्री मोदी महाराष्ट्र के वाशिम से जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त**

**4,985.49** करोड़ रुपये होंगे स्थानांतरित

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को लोकभवन में एक पत्रकारवार्ता में बताया कि उप्र. में योजना की शुरुआत से लेकर जुलाई 2024 तक सभी 17 किस्तों के माध्यम से किसानों को अब तक कुल 74,492.71 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इस अवधि में राज्य के 2.76 करोड़ किसानों को कम से कम एक बार इस योजना का लाभ प्राप्त हुआ है।


लोक भवन में प्रेसवार्ता करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व अन्य प्रशानिक अधिकारी।

इससे पूर्व प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त का वितरण 18 जून 2024 को वाराणसी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने किया था। इस दौरान 2,14,55,237 किसानों को 4,831.10 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित की गई थी। इसके साथ ही, जिन किसानों की किस्तें किसी कारणवश रुकी हुई थीं, उन्हें 46.70 करोड़ रुपये की राशि उनके डाटा सुधार के बाद दी गई थी।

# कारीगरों - उद्यमियों को मिलेगा रेशम रत्न सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** रेशम उत्पादन और संबंधित क्षेत्रों में असाधारण योगदान देने वाले व्यक्तियों को पं. दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान दिया जाएगा।

कोकून उत्पादन, रेशम फिनिश्ड प्रोडक्ट में नवाचार, सर्वोच्च कोया, धागा विक्रय, सर्वोच्च फिनिश्ड प्रोडक्ट विक्रय, रेशम निर्मित परिधान एवं अन्य उत्पाद में सर्वोत्तम डिजाइनिंग और लाइफटाइम एचीवमेंट जैसी 8 श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों यह सम्मान दिया जाएगा। हर श्रेणी में प्रथम पुरस्कार के रूप में 50,000 की नकद राशि और द्वितीय पुरस्कार के रूप में 25,000 की धनराशि दी जाएगी। साथ ही विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह दिया जाएगा।

**▸▸ प्रथम पुरस्कार पाने वाले को 50 हजार, द्वितीय स्थान मिलने पर 25 हजार रुपये मिलेंगे**

**08** श्रेणियों में होगा चयन प्रशस्तिपत्र भी मिलेगा

विभागीय मंत्री राकेश सचान ने बताया कि इस सम्मान का उद्देश्य उन कारीगरों और उद्यमियों को प्रोत्साहित करना है जो रेशम उद्योग में निरंतर सुधार और नवाचार कर रहे हैं। आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

# एकेटीयू और बुंदेलखंड विवि के कुलसचिव आयोग में तलब

## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने सुनवाई में अनुपस्थित होने पर जताई नाराजगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव व डॉ अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय एकेटीयू के कुलसचिव को आयोग में व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

शुक्रवार को सुनवाई के दौरान इन अफसरों व संबंधित अन्य अफसरों के उपस्थित न होने पर आयोग ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। आयोग ने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में ऐसा हुआ तो आयोग ऐसे अफसरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखेगा।

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के शिक्षक अवधेश निरंजन ने समय पर प्रोन्नति न होने के मामले में आयोग में कुलपति और कुलसचिव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया गया कि प्रोफेसर पद पर पदोन्नति व विभागाध्यक्ष पद पर नियुक्ति नहीं दी गई है। इस दौरान सुनवाई में कुलसचिव के अनुपस्थित होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अध्यक्ष ने अगली सुनवाई में उन्हें व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिया।

इसी तरह, एकेटीयू में एसोसिएट प्रोफेसर डा. सत्येन्द्र ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी प्रोन्नति नहीं की जा रही है। प्रोन्नति में देरी के मामले में आयोग ने सख्त रुख अपनाते हुए एकेटीयू के कुलसचिव को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया।

### शामली में हत्या प्रकरण में फर्जी फंसाने की शिकायत की जांच दूसरे अधिकारी से कराने के दिए निर्देश

आयोग ने शामली में हत्या के प्रकरण में स्थानीय पुलिस के जरिए स्थानीय निवासी कंवरपाल सिंह व उसके परिवार को कथित तौर पर झूठे तरीके से फंसाने की शिकायत पर गंभीर रुख अपनाया है। आयोग ने इस प्रकरण में गृह विभाग को दूसरे जिले के पुलिस अधिकारी से जांच कराने का निर्देश दिया। शिकायतकर्ता का कहना है कि पोलीग्राफी टेस्ट में परिवार के खिलाफ कोई रिपोर्ट न मिलने के बाद भी उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है।


गोरखपुर में शतरंज खिलाड़ी कुशाग्र अग्रवाल के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# मुख्यमंत्री योगी ने कुशाग्र संग खेला शह-मात का खेल

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ने देश के सबसे कम उम्र के फीडे (विश्व शतरंज महासंघ) रेटेड खिलाड़ी, गोरखपुर निवासी कुशाग्र अग्रवाल (5 साल 11 माह) के साथ शतरंज खेल कर उनका उत्साहवर्धन किया।

योगी ने इस लिटिल चैम्प से शतरंज की चालों से जुड़ी बारीकियों पर भी चर्चा की। यूकेजी के छात्र कुशाग्र शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे।1428 रैपिड फीडे रेटिंग हासिल करने वाले कुशाग्र अब तक पटना, बेंगलुरु, पुणे में आयोजित लगभग अंतरराष्ट्रीय फीडे रेटेड प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर पुरस्कार जीत चुके हैं। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि कुशाग्र की प्रतिभा को और निखारने के लिए राज्य सरकार हर तरह की मदद करेगी।

**▸▸ सबसे कम उम्र के शतरंज चैम्पियन का बढ़ाया उत्साह**

# खारिज नहीं होगा सावरकर पर राहुल की टिप्पणी का मामला

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र के अकोला में भाषण के दौरान सावरकर के विरुद्ध कथित अपमानजनक टिप्पणी मामले में दायर परिवाद को निचली अदालत द्वारा खारिज करने के आदेश को सत्र अदालत ने निरस्त कर दिया है।

एमपी/ एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरवंश नारायण ने इस सम्बन्ध में अधिवक्ता नृपेंद्र पांडे की निगरानी याचिका को मंजूर करते हुए निचली अदालत को पुनः सुनवाई कर विधि सम्मत आदेश पारित करने का आदेश दिया है। एमपी/ एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम द्वारा 14 जून 2023 को इस मामले में दाखिल परिवाद को खारिज कर दिया गया था। परिवादी ने सत्र अदालत में निगरानी याचिका दाखिल करते हुए उक्त आदेश को चुनौती दी थी।

दलील दी गयी कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी द्वारा कहे गए कथनों को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के पत्राचार विभाग द्वारा प्राप्त कर विवेचक को दिया जिसमें विवेचक ने कहा है कि प्रेस विज्ञप्ति एवं प्रार्थना पत्र में लगाए गए आरोपों से वादी के कथनों की पुष्टि होती है।

**▸▸ सत्र न्यायालय ने निरस्त किया परिवाद खारिज करने का निचली कोर्ट का आदेश**

सत्र अदालत ने निगरानी याचिका को स्वीकार करते हुए कहा है कि पत्रावली पर पर्याप्त साक्ष्य मौजूद होने के उपरांत निचली अदालत द्वारा अपने आदेश में इस तथ्य का उल्लेख नहीं किया गया है कि राहुल गांधी के खिलाफ कोई मामला बनता है अथवा नहीं। अदालत ने मामले को पुनः सुनवाई के लिए निचली अदालत को भेजते हुए कहा है कि याचिका में दिए गए दिशा निर्देश को दृष्टिगत रखते हुए विधि सम्मत आदेश पारित करें।

### स्वास्थ्य विभाग में 567 प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ बने

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग में उप्र .प्रयोगशाला तकनीशियन सेवा के 567 प्रशिक्षण प्राप्त वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक, प्रोन्नति पाकर प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ बना दिया गया है। प्रोन्नति के साथ ही सभी का विभिन्न जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के आधीन नियुक्ति दे दी गई है। निदेशक पैरामेडिकल द्वारा शुक्रवार को निर्देश जारी कर दिया गया है।

# पिछड़े वर्ग के युवाओं को फिर मिलेगा कम्प्यूटर प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना का द्वितीय चरण शुरू किया जाएगा । इस योजना के अंतर्गत युवाओं को 'ओ' लेवल और 'ट्रिपल सी' कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे पिछड़े वर्ग के युवाओं को डिजिटल युग में रोजगार के अवसर मिलेंगे।

इस संबन्ध में विभाग की निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने शुक्रवार को बताया कि यह प्रशिक्षण उन पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवाओं के लिए है, जिन्होंने इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की हो और जिनके माता-पिता की वार्षिक आय एक लाख रुपये तक हो। इसके लिए आवेदक 10 से 30 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की आधिकारिक वेबसाइट या कम्प्यूटर प्रशिक्षण पोर्टल पर किया जा सकता है। चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण 15 नवंबर 2024 से शुरू होगा।

**▸▸ इण्टरमीडिएट पास छात्र 10 तक कर सकेंगे आवेदन**

# गड्ढ़ा मुक्ति के नाम पर हो रहा भ्रष्टाचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में गड्ढा मुक्त के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और लूट हो रही है। सात साल से भाजपा सरकार सड़कों के गड्ढे.नहीं भर पाई। हर साल गड्ढा मुक्त करने के नाम पर हजारों करोड़ रुपये का बजट जारी होता है।

सपा प्रमुख ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि पिछले सात सालों में अब तक कई लोग सड़कों के गड्ढों के कारण मौत के मुंह में जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपाई और ठेकेदार इसे अवसर मानकर जश्न मनाते है। गड्ढ़ामुक्त के नाम पर हजारों करोड़ का बजट जारी होता है। जो ऊपर से नीचे तक बंट जाता है। भाजपा ने उप्र. को भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया है।

# 47 हजार गांवों में 80 प्रतिशत खरीफ की फसल का सर्वे पूरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य सरकार ने प्रदेश भर में बोई जाने वाली खरीफ की फसल के डिजिटल क्रॉप सर्वे का 80 प्रतिशत काम पूरा कर लिया है।

खरीफ की फसल के डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत लक्ष्य के सापेक्ष अधिकांश कार्य पूरा करने वाले उप्र. के टॉप टेन जिलों में जौनपुर ने पहला स्थान हासिल कर बाजी मारी है। इसी तरह गाजियाबाद दूसरे स्थान पर है। अमरोहा तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा बस्ती चौथे स्थान पर है। आजमगढ़ पांचवे स्थान पर है जबकि, हमीरपुर छठे, मैनपुरी सातवें, महोबा आठवें, गाजीपुर नौवें और शामली दसवें स्थान पर है। प्रदेश के 84 हजार से अधिक राजस्व गांवों में शुरू किये गये डिजिटल क्रॉप सर्वे (2024-25) के तहत 47 हजार से अधिक गांवों में सर्वे का काम पूरा हो चुका है जबकि कुल साढ़े चार करोड़ से अधिक प्लॉट्स में बोई खरीफ की फसल के सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है।यह कुल (साढ़े पांच करोड़ से अधिक) प्लॉट्स का 80 प्रतिशत है। सर्वे में से 3 करोड़ से अधिक प्लॉट्स के सर्वे को अप्रूवल भी मिल चुका है, जो 82 प्रतिशत है।

**▸▸ डिजिटल क्रॉप सर्वे में जौनपुर ने मारी बाजी, गाजियाबाद दूसरे स्थान पर रहा**

# ठोस कार्ययोजना के साथ गरीबों को तलाशेगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'ड्रीम मिशन' जीरो पावर्टी-उत्तर प्रदेश अभियान को तेजी से आगे बढ़ाने की कवायद शुरु हो गई है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शासन स्तर पर एक ऐसी ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है जिसे मजबूती से जमीन पर उतारने की तैयारी है। कार्ययोजना इस कदर पारदर्शी और सख्त मॉनिटरिंग के साथ क्रियान्वित होगी कि वास्तविक गरीबों के साथ अन्याय न हो सके।

**▸▸ योगी के 'ड्रीम मिशन' जीरो पावर्टी-उप्र. अभियान को तेजी से आगे बढ़ाने की कवायद**

जीरो पावर्टी-उत्तर प्रदेश अभियान के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर अधिकतम 25 निर्धनतम परिवारों का चयन होना है। निर्धनतम परिवारों के चिन्हीकरण एन्युमेरेटर (ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारी व कैडर) करेगा। इसमें पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, समूह सखी, अन्य सामुदायिक कैडर व बीसी सखी सखी शामिल होगें।

### इस तरह होगी गरीब परिवार की खोज

- ऐसे परिवार की सूचना 5 सदस्यीय ग्राम स्तरीय समिति सत्यापित करेगी।
- समिति में ग्राम प्रधान, भूतपूर्व ग्राम प्रधान, विद्यालय के वरिष्ठ प्रधानाध्यापक, दो सबसे पुराने स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष शामिल होंगे।
- हर सदस्य निर्धनतम परिवार के लिए अलग-अलग अभिमत देंगे, जिसे अन्य सदस्य नहीं देख सकेंगे।
- बाद में मुख्य सचिव कैम्प में विशेषज्ञ-टीम सूचनाओं की सत्यता का परीक्षण भी करेगी।
- सूचना पर संदेह होने पर स्थलीय परीक्षण होगा और चयनितों की सूची ग्राम पंचायत सचिवालय में चस्पा होगी।

### निर्धनता का द्विस्तरीय आंकलन होगा

**पहला–** भूमिहीन, आजीविका का कोई विकल्प नहीं, अनिश्चित आय, दिहाड़ी, कृषि मज़दूरी पर आश्रित, आर्थिक संसाधनों की कमी, परिवार में हमेशा खाने-पहनने की तंगी रहती है।

**दूसरा–** एकल महिला (परित्यक्ता, विधवा) सरकारी मदद से वंचित, परिवार का मुखिया, कमाऊ सदस्य विकलांग या मुखिया, कमाऊ सदस्य की उम्र 65 वर्ष या ज़्यादा है। मुखिया, कमाऊ सदस्य प्रवासी मज़दूर है या परिवार का कोई सदस्य गंभीर बीमारी से ग्रसित है। परिवार आपदा प्रभावित स्थान पर निवास करता है अथवा कोई भी सदस्य किसी आजीविका कौशल में सक्षम नहीं है और स्वयं सहायता समूह के सदस्य भी नहीं है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 अक्टूबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया पूर्ण रात्रि तक।

**मेष:** आज प्रभावशाली लोगों के बीच आप काफी लोकप्रिय रहेंगे। व्यापार को आगे बढ़ाने के मौके मिलेंगे। जीवनसाथी से आपको उपहार मिल सकता है। आपके काम रुक-रुककर पूर्ण होंगे। प्रेमी जन को शादी को लेकर प्रपोज कर सकते हैं।

**वृष:** आज अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। नए विषयों के अध्ययन में आप रुचि लेंगे। भावनात्मक रूप से काफी कमजोर महसूस कर सकते हैं। ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाले काम मिलने की संभावना है। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**मिथुन:** आज व्यापारिक यात्राओं के लिए दिन बहुत बढ़िया है। आपके आत्मविश्वास के कारण बॉस प्रसन्न रहेंगे। आपको कुछ समाचार मिल सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में सुधार आएगा। दांपत्य जीवन काफी सुखद रहेगा।

**कर्क:** आज अपनी गलतियों पर सुधार करें। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। पूरा ध्यान अपने काम पर ही रखें। बच्चों के ऊपर किसी कारणवश नाराज हो सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य को लेकर थोड़ी परेशानी होगी। किसी बड़े काम की योजना बनाएंगे।

**सिंह:** आज जॉब में प्रमोशन मिलने की संभावना बन रही है। घर में मेहमान आ सकते हैं। शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा में आपको सफलता मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। जॉब में उच्चाधिकारी काफी प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या:** आज संतान के करियर और भविष्य को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर हो सकता है। प्रेम संबंधों में परेशानी का अनुभव होगा। क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

**तुला:** आज कड़ी मेहनत का लाभ मिलेगा। घर का माहौल काफी अनुशासित रहने वाला है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। आपके जनसंपर्क का दायरा मजबूत होगा। विद्यार्थियों को करियर में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे।

**वृश्चिक:** आज बुरी संगत से आपको बचना चाहिए। सोच-विचार में ज्यादा समय व्यर्थ न गंवाएं। बेवजह के खर्चों से आपको बचना चाहिए। गुस्से के बजाय शांतिपूर्वक कार्य करें। कार्यक्षेत्र में आपको कठिनाई होगी। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।


**धनु:** आज आपकी दिनचर्या काफी अनुशासित रहने वाली है। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। लोग आपके विचारों को काफी महत्व देंगे। मित्र आपकी काफी मदद करेंगे।

**मकर:** आज अनुसंधान पूर्ण कार्यों में आप रुचि लेंगे। दुष्ट प्रवृत्ति के लोग आपको नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें। आप कार्यक्षेत्र में काफी सक्रिय रहेंगे, लेकिन आपके कार्य बाधा के साथ पूर्ण होंगे।

**कुंभ:** आज का दिन नौकरीपेशा लोगों के लिए काफी रोमांचक रहने वाला है। जीवनसाथी का सहयोग आपको आह्लादित करेगा। धार्मिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। आपको आत्मिक सुख की अनुभूति होगी।

**मीन:** आज दिन की शुरुआत नकारात्मक हो सकती है। व्यापार में बड़ा प्रयोग करने से बचना चाहिए। परिजनों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। नया कार्य शुरू करने में कठिनाइयां हो सकती है। विरोधियों के सामने आपको सावधान रहना चाहिए।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 21.33 तक तत्पश्चात विशाखा।

## वर्ग पहेली-212

**बाएं से दाएं**

1. 1. वायु, हवा, पवन, समीर 2. जगत का प्राण 3. (पुराण) वायु के अधिपति देवता।

4. 1. विवाद, झगड़ा, कलह 2. अंकुर, अंखुआ 3. स्वर्ण, सोना 4. युद्ध 5. एक तरह का केला 6. कपाल 7. कलध्वनि, मधुर ध्वनि।

6. 1. छोटा डोल, बालटी जैसा बरतन 2. फल-फूल आदि ढोने के लिए उपयोग किया जाने वाला बेंत या बांस के तनों से निर्मित तीलियों का बना गहरा बरतन।

7. 1. कपड़े आदि पर ज़री के बेल-बूटों का काम 2. वह कपड़ा जिसपर ज़री

8. 1. छोकरा, लड़का, बालक 2. छिछोरा नवयुवक।

**ऊपर से नीचे**


2. भोजन में प्रयुक्त होने वाला मसाला, दारचीनी।

3. सफ़ेद टुकड़ों में प्राप्त किया जाने वाला बांस का सारभाग जिसका प्रयोग औषधि के रूप में होता है।

4. परिवार नियोजन तथा सुरक्षित यौन संबंध के लिए पुरुषों व स्त्रियों द्वारा प्रयोग की जाने वाली एक तरह की थैली; एक गर्भनिरोधक उपकरण।

5. मोटी तह

7. जीव विज्ञान की एक शाखा जिसमें जीवों के विभिन्न अंगों की आंतरिक क्रियाओं एवं उनके परिणामों का अध्ययन किया जाता है, (फ़िज़ियोलॉजी)।



### वर्ग पहेली -211 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ल | | | 2 मू | 3 स | ली |
| हु | | 4 घ | | ज | |
| रा | | ह | | वा | |
| | 5 नि | र | ख | ना | |
| 6 काँ | ख | ना | | | 7 के |
| | र | | 8 लं | ब | क |
| | ना | | | | ड़ा |

## सुडोकू -125

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | | 5 | 4 |
| | | 8 | | | 9 | | 7 | |
| | | | 6 | | 1 | | | 2 |
| | | 1 | | | 2 | 7 | 8 | 5 |
| | 5 | 2 | | | | 9 | 3 | |
| 8 | 6 | 9 | 3 | | | 4 | | |
| 6 | | | 4 | | 8 | | | |
| | 8 | | 7 | | | 3 | | |
| 1 | 9 | | | | 6 | | | |

### सुडोकू - 124 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 1 | 6 | 7 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 7 | 6 | 5 | 2 | 9 | 1 | 3 | 8 |
| 1 | 2 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 | 5 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 | 3 | 2 | 7 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 7 | 1 | 5 | 9 | 4 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 9 | 6 | 4 | 5 | 3 |

## आज की फिल्में

B4U Movies
अल्ला रक्खा
सुबह : 09 .00
डबल धमाल
शाम : 06 .18

&pictures
अंतिम
दोपहर : 12 .09
सैम बहादुर
रात : 08 .59

Sony Pix
वेनम
सुबह : 10 .05
जस्टिस लीग
रात : 08 .27

Zee Cinema
कोई...मिल गया
सुबह : 10 .40
काकुड़ा
रात : 08 .00

Zee Action
परदेसी
सुबह : 11 .27
वीरा द पावर
रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात :08 .59 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- दिन भर सोती रहती हो।
पत्नी- अब मैं आराम भी न करूं?
पति- उठो, चाय बना दो जल्दी से
पत्नी – खुद बना लो न,
पति- मेरे सर में तेज दर्द है।
पत्नी – हां, तो मेरे भी गले में दर्द है।
पति- ठीक है तुम मेरा सर दबा दो और मैं तुम्हारा गला दबा देता हूं।

मैडम कक्षा में पूछती हैं- बच्चे बताओ, अगर मैं एक पक्षी होती तो मैं क्या होती?
एक छात्र जवाब देता है-मैडम आप तोता होंती।
मैडम- बहुत अच्छा! और तुम कैसे जानते हो?
छात्र- क्योंकि आप हमेशा बातें दोहराती रहती हैं।
छात्र की बात सुनकर मैडम का माथा ही घूम गया।

# कैंप में एनसीसी कैडेटों ने सीखे सुरक्षा के गुर

**लालगंज, रायबरेली।** 66 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा बैसवारा डिग्री कॉलेज में एनसीसी बच्चों को प्रशिक्षित करने के लिए एक अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक कैम्प संचालित किया जा रहा है।

शुक्रवार को आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैंप कमांडेंट, बीएस पाल तथा डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल संजीव खुराना के आदेश के निर्देशन में सुरक्षा के दौरान अगर घुसपैठियों से मुकाबला करना हो तो किस प्रकार फायर पोजीशन लेनी है। राइफल चलाने का तरीका और संकेत कला भी बताई गई। हवलदार गजेंद्र लाल ने बताया गया कि किसी प्रकार के खतरे की आशंका होने पर साथियों के साथ फायर पोजीशन लेने सतर्कता बरतने और दुश्मन को भनक लगे बिना उसे पर वार करने के तरीके बताए। सूबेदार मेजर धनदेव की अध्यक्षता में कैंप बीएचएम देवेंद्र कुमार, सूबेदार जगमोहन हवलदार पुष्प ने जानवरों व पंछियों की बोली बोलने को सिखाया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव एवं प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि हमें सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन नियमित करें। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. रमेश चंद्र यादव, निरंजन राय, प्रो. पुष्पा बरनवाल, प्रो. शैलेंद्र सिंह, डॉ. आबिदी, डॉ. नवीन विश्वकर्मा, डॉ. संजीव आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

# रेलकोच फैक्ट्री में सजा मां दुर्गा का भव्य दरबार

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार:** आधुनिक रेल कोच कारखाने के कालोनी परिसर में पिछले वर्षो की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा पूजा बड़े धूम-धाम से मनाई जा रही है। यह पूजा हर वर्ष पंडित गिरिजा शंकर दीक्षित के द्वारा शुद्ध मंत्रोच्चारण से सम्पन्न करवाई जाती है। बतौर मुख्य यजमान प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे द्वारा पूजा सम्पन्न करवाई गई। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम महेंद्र द्विवेदी सहित दुर्गा पूजा समिति के नैब सिंह, आशीष श्रीवास्तव, संतोष कुमार, महेश शर्मा, प्रभात कुमार, संतोष ठाकुर, अभिजीत कुमार, सुशील गुप्ता, मनोज यादव, रोहित रंजन मौजूद रहे।



रेल कोच फैक्ट्री में स्थापित मां दुर्गा का भव्य दरबार। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### नारद मोह लीला देख दर्शक मंत्रमुंबध



डलमऊ में रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला 84 में आयोजित हो रही 16 दिवसीय रामलीला के क्रम में गुरुवार को रामलीला कमेटी के कलाकारों द्वारा नारद मोह लीला का मनमोहक मंचन किया गया। जिसको देखकर मौजूद हजारों दर्शकों ने लीला का आनंद लिया। रामलीला की शुरुआत नारद मोह की लीला के साथ किया गया। जिसमें कामदेव पर विजय प्राप्त करने के पश्चात नारद को गर्व होने लगा और अपनी इस विषय की गाथा जन-जन तक गाने लगे जिस पर भगवान विष्णु और भगवान शंकर ने नारद को इस प्रकार गर्व करने से रोका, लेकिन नारद नहीं रुके जिसके क्रम में भगवान विष्णु ने मोहिनी का रूप धारण भारत के पास गए जिस पर नारद मोहिनी रूप पर मोहित हो गए और उनसे विवाह का आग्रह किया लेकिन मोहिनी ने उन्हें अस्वीकार कर दिया, जिससे उनका घमंड टूट गया और भगवान विष्णु ने उनके मोह को दूर कर दिया। रामलीला के मनमोहक मंचन किया गया, जिसमें विष्णु की भूमिका में अमरेश पांडेय नारद जी की भूमिका में गंगा प्रसाद कामदेव की भूमिका में आशीष श्रीवास्तव एवं विश्व मोहिनी की भूमिका में अंकित दीक्षित ने भूमिका निभाई रामलीला का मंचन देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इस मौके पर पर बृजेश दत्त गौड़, आनंद श्रीवास्तव, विनोद निषाद, राकेश पांडेय, हरिश्चंद्र त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

### शिवगढ़ में बजाज चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटी लांच



शोरूम में ग्राहक को स्कूटी की चाबी सौंपते शाखा प्रबंधक।

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के गुमावां लाही बॉर्डर स्थित नरसिंग ऑटोमोबाइल शोरूम में बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक योगेश नेवली, सहायक शाखा प्रबंधक अनीश कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से केक काटकर बजाज चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटी की लाचिंग की। नवरात्रि के दूसरे दिन चेतक स्कूटी के साथ ही पल्सर, प्लेटिना सहित कुल तीन बाइकों की बिक्री हुई। शाखा प्रबंधक योगेश नेवली ने ग्राहकों को चाबी देकर बाइक की खरीद पर उन्हें ढेरों शुभकामनाएं दीं। शोरूम के प्रबंधक सूरज सिंह ने बताया कि हर बाइक की खरीद पर निश्चित उपहार के साथ ही 95 प्रतिशत तक फाइनेंस सुविधा उपलब्ध। क्यूआर कोड के माध्यम से 3 मिनट में फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही बेटियों के लिए स्कूटी अथवा बाइक खरीदने पर विशेष छूट दी जा रही है। इस मौके पर पूर्व सूबेदार मेजर शेर बहादुर सिंह, सुतन सिंह, अजीत सिंह, बजाज फाइनेंस डिंपल सिंह, सर्विस मैनेजर पल्लवी सिंह, रीशु सिंह, सिंपू सिंह, अभिनाष सिंह सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### ग्राम चौपाल में स्वच्छता का दिया संदेश

**लालगंज रायबरेली, अमृत विचार।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के कर्मिक विभाग द्वारा स्वच्छता पखवाडे के तहत ( स्वच्छता ही सेवा मिशन 4.0 ) कार्यक्रम आयोजित कियागया। आरेडिका के आसपास के गांवों में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में ग्राम चौपाल का शुक्रवार को ऐहार स्थित बाल्हेश्वर मन्दिर के निकट किया गया। इसमें जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस ग्राम चौपाल में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों, एवं किसानों ने भाग लिया। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण भी आरेडिका के चिकित्सालय द्वारा किया गया।

# सीएचसी में डॉक्टर व संसाधनों की कमी से मरीज परेशान

## इलाज कराने में आ रही दिक्कतें, डीएम को प्रार्थना पत्र देकर समस्याओं से कराया गया था अवगत, नहीं हुआ समाधान

संवाददाता,लालगंज, रायबरेली



लालगंज सीएचसी में एक बेड पर लेटे दो मरीज। अमृत विचार



डॉक्टर सत्यजीत के कमरे के बाहर लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की लगातार बढ़ रही भीड़ के कारण अब डॉक्टरों को इमरजेंसी के बाद दिन में ओपीडी भी करनी पड़ रही है। अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर व संसाधनों की कमी होने से मरीजों और तीमारदारों को भारी परेशानी से जूझना पड़ रहा है। इसके बावजूद स्वास्थ्य महकमे के जिम्मेदार इसको लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। अस्पताल में मरीजों को इलाज कराने में आ रही तमाम तरह की दिक्कतों के संबंध में एक प्रतिनिधि मंडल ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर यथा स्थिति से अवगत कराया था, लेकिन आज तक मरीजों के हित में कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए। इसको लेकर लोगों में भारी नाराजगी है।

जिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अगर दो फिजीशियन की तैनाती हो तो लालगंज, सरेनी, खीरों, गुरुबक्शगंज से आने वाले गंभीर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ दे पाना मुश्किल है। यहां की हालत इतनी दयनीय है कि अब तो यहां के डॉक्टर को रात में इमरजेंसी और दिन में ओपीडी भी करनी पड़ रही है। जिस समय यहां पर डेंगू बुखार का प्रकोप बढ़ा हुआ था उसी समय मरीजों के हित का ख्याल न करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा डॉ संजीव सिंह का स्थानांतरण कर दिया गया। जिसके बाद से मरीजों के सामने इलाज कराने का संकट खड़ा है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा और रोहित सोनी ने डॉक्टरों की कमी को जिलाधिकारी के दरबार में उठाया था लेकिन फिर भी कोई सुधार नहीं हुआ है जिसके कारण लालगंज के तैनात डॉक्टरों को इमरजेंसी के साथ-साथ ओपीडी भी करनी पड़ रही है। स्त्री रोग विशेषज्ञ को इमरजेंसी में बैठकर मरीज देखना पड़ रहा है।

शुक्रवार को जब लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की पड़ताल की गई तो फिजिशियन गौरव पांडेय के यहां भारी भरकम मरीजों की भीड़ जमा थी। पड़ताल में सीएचसी में डॉक्टरों की कमी होने के कारण गौरव पांडेय द्वारा रात में इमरजेंसी और दिन में ओपीडी किये जाने की बात सामने आई है। इसी तरह से गाइनोकोलॉजिस्ट के विशेषज्ञ डॉ. अंसारी भी इमरजेंसी में बैठकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। इसके अलावा डॉ. कुमार विमल प्रत्येक दिन ओपीडी और इमरजेंसी करते हैं। डा. सत्यजीत के यहां भी बच्चों को दिखाने वालों की भीड़ लगी थी।

अस्पताल में डॉक्टरों व संसाधनों की कमी होने के कारण पूरे अस्पताल परिसर में मरीजों की भारी भरकम भीड़ लगी रही। वार्डों की अगर बात की जाए तो कई वार्डों में एक ही बेड पर दो मरीजों को लिटाया गया था। वहीं डॉक्टरों की कमी के साथ-साथ अल्ट्रासाउंड की भी सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। अस्पताल में उत्पन्न तमाम समस्याओं के बाद भी आज तक महकमे की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

### 11 बजे तक खाली पड़ी रही नवनियुक्त अधीक्षक की कुर्सी

**लालगंज।** कई दिन पहले नए अधीक्षक की तैनाती हुई थी। मालूम हुआ कि तीन अक्टूबर को रायबरेली के डिप्टी सीएमओ अंबिका प्रसाद ने ज्वाइन किया है, लेकिन दूसरे दिन चार तारीख को 11 बजे तक अस्पताल में उनके दर्शन नहीं हुए। अधीक्षक का कमरा और उनकी कुर्सी 11 बजे तक खाली पड़ी थी।



सुबह 11 बजे तक नहीं पहुंचे थे लालगंज अस्पताल के अधीक्षक। अमृत विचार

> शासन के मंशानुरूप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में पर्याप्त डॉक्टर और संसाधन उपलब्ध हैं। मरीजों के उपचार से संबंधित किसी भी संसाधन की कमी नहीं है। दो तीन दिन में सीएचसी अधीक्षक पहुंच जाएंगे।
>
> **-डॉ. बीरेंद्र सिंह, सीएमओ, रायबरेली।**

# प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के निर्देशानुसार भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्यक्रम मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज -05 के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह का आयोजन किया गया। देदौर बालिका इंटर कॉलेज में बेटियां ही घर की शान होती है विषय पर स्वागत गीत व भाषण में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस दौरान मीना मंच के प्रभारी एसएस पांडे , मनो सामाजिक परामर्शदाता श्रद्धा सिंह भदौरिया, रंजना, दीप्ति मिश्रा द्वारा जनपद रायबरेली ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर विजेता छात्राओं को सम्मान पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना जिसमे योजना की बढ़ाई गई धनराशि 25000 के बारे और स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बाल सेवा योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही वन स्टाप सेंटर और चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह में मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

# आईसीएफ महाप्रबंधक ने आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लांट का किया दौरा

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** आईसीएफ के महाप्रबंधक यू. सुब्बा राव ने शुक्रवार को फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट और आरेडिका का दौरा किया। राव ने आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा और उच्चाधिकारियों के साथ कोच उत्पादन एवं फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण पर चर्चा की। आईसीएफ के महाप्रबंधक ने फोर्ज्ड व्हील फैक्ट्री का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार एवं व्हील फैक्ट्री के अधिकारियों ने कच्चे माल से लेकर फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण के सभी चरणों एवं गुणवत्ता संबंधित मानकों के बारे में विचार विमर्श किया।

इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार, पीसीएमई विवेक खरे, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल, व्हील फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी सदानन्द सरकार आदि मौजूद रहे।




रेल पहिया कारखाने का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार




पूजा समितियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते थानाध्यक्ष। अमृत विचार

# थानाध्यक्ष ने पंडालों को लेकर सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

**बछरावां, रायबरेली।** शारदीय नवरात्र में सजने वाले पूजा पंडालों को लेकर प्रशासन सतर्क है। थानाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी ने थाना क्षेत्र में लगे करीब 32 मूर्तियों के कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें किसी गांव या स्थान पर यदि किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वह बेझिझक अपनी समस्या बताने की बात कही। साथ ही निर्देशित किया कि हर पंडाल स्थल पर दो-दो बाल्टी में पानी और बालू रखे। इससे किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सकेगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मूर्ति विसर्जन के समय कोई भी डीजे में किसी भी तरह का अश्लील गाना नही बजाएगा।

# व्यापारियों ने एसपी से की लूट का खुलासा करने की मांग

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार:** सराफा व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना को एक माह से अधिक समय हो गया है। खुलासा न होने के कारण व्यापारियों में खासा रोष व्याप्त है। व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, व्यापार प्रतिनिधि मंडल हरिओम सोनी के पारिवारिक जनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। विवेक शर्मा ने कहा कि लुटेरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए, जिससे व्यापारियों में व्याप्त दहशत समाप्त हो।

उल्लेखनीय है कि दो सितंबर को पूरे गुर्दी मजरे कोरिहरा निवासी हरि ओम सोनी को लुटेरों ने गोली मार कर झोला छीन लिया था।मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जल्द से जल्द घटना के पर्दाफाश की बात कही थी। लूट और गोली मारने की गंभीर घटना के मद्देनजर आईजी प्रशांत कुमार सहित पुलिस के आला अफसरो ने लालगंज में कैंप कर मामले का गहन निरीक्षण किया था। लेकिन अभी तक पुलिस कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर पा रही है। व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि लूट की घटना और नगर में तमाम चोरी जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। व्यापारी नाराज हैं। अब व्यापार करने के लिए बाहर जाने में डरने लगे हैं। अगर लूट का खुलासा ना हुआ तो व्यापार मंडल रणनीति बनाकर बड़े आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस मौके पर जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, नगर महामंत्री संगठन कौशलेन्द्र, कंचन, मंसाराम सोनी, बबलू सोनी आदि मौजूद रहे।




सर्राफा व्यापारी से लूट के खुलासे को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे व्यापारी नेता। अमृत विचार


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचनाः ओटी-16 - 2024**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर-II/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे/ गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये ''खुली'' निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं० : ओटी–16–2024,** कार्य का विवरण : पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मण्डल अन्तर्गत गोरखपुर कैण्ट –बाल्मिकीनगर दोहरीकरण परियोजना के तहत गोरखपुर कैण्ट (Excl)– बाल्मिकीनगर (Excl) खण्ड के ओएचई (2 x 25 केवी, एसी. 50 हर्ट्ज) के डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य। अनुमानित लागतः रू. 48,55,94,776.74, बयाना राशि : 25,78,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य – रू. निल, कार्य पूर्ण करने की अवधि – **24** महीना। निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समयः 28.10.2024 को 15.00 बजे, **नोटः** ● इस निविदा के विरूद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाईट **www.ireps.gov.in.** को देखें। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर-II/निर्माण**
मुजाधि/विद्युत- 144 **गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 61/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते हैः–

**क्रम सं.-1,** कार्य का विवरणः इज्जतनगर डिवीजन के समइं/फतेहगढ़ के कार्य क्षेत्र में समपार जोन (24–25) का कार्य। अनुमानित लागत रूपयों मेंः ₹ 97,99,287.15, बयाना राशि रूपयों मेंः ₹ 1,96,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। **क्रम सं.-2,** कार्य का विवरणः इज्जतनगर डिवीजन के समइं/मथुरा के कार्य क्षेत्र में समपार जोन (24–25) का कार्य। अनुमानित लागत रूपयों मेंः ₹ 85,60,035.99, बयाना राशि रूपयों मेंः ₹ 1,71,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

(1) ई-निविदा दिनांक 25-10-2024 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।

(2) ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.),**
मुजाधि/डब्लू-264 **इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,**
**सप्तम् मण्डल सिंचाई कार्य,**
**सरोजनी नायडू मार्ग, लखनऊ।**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्याः 02/ SE-VII/2024–25 के लाट संख्याः 8 पर अंकित कार्य ''सुल्तानपुर समानान्तर शाखा की बायीं पटरी के किमी 14.800 से किमी 16.500 तक पक्की सड़क के नवीनीकरण का कार्य'' के स्थान पर कार्य का नाम ''सुलतानपुर शाखा की बायीं पटरी के किमी 14.800 से किमी 16.000 तक पक्की सड़क के नवीनीकरण का कार्य'' पढ़ा जाये।
शेष अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

UP-220285, DATE-03-10-2024
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

**अधीक्षण अभियन्ता**
**सप्तम् मण्डल, सिंचाई कार्य**
**लखनऊ**

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,**
**एकादशम् मण्डल, सिंचाई कार्य, अयोध्या**

**ई–टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्य**
**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या– 07/अधी0अभि0/एकादशम्/2024–25**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन प्री–क्वालिफिकेशन/टेक्निकल एवं प्राइस/फाइनेन्शियल बिड सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 में कार्य हेतु पंजीकृत श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है, जिसकी प्री–क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनाँक– 15.10.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में, विभाग द्वारा गठित समिति द्वारा आनलाईन खोली जायेगी। निविदा सम्बन्धी समस्त प्रपत्र दिनाँक– 07.10.2024 से दिनॉक– 15.10.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। प्राइस/फाइनेन्शियल बिड खोलने की तिथि, कुल प्राप्त निविदाओं की संख्या के आधार पर निर्धारित होगी, जो नोटिस बोर्ड व ई–पोर्टल पर सूचित की जायेगी। निविदा शुल्क व धरोहर धनराशि का भुगतान इण्टरनेट बैंकिग के माध्यम से ही स्वीकार किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

| लाट स0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जनपद बाराबंकी में सरयू (घाघरा) नदी के दायें तट पर स्थित चहलारीघाट गनेशपुर तटबन्ध के किमी0 42.700, किमी0 43.200 एवं किमी0 43.760 पर 03 अद्द स्पर का निर्माण कार्य। | 29.61 | 07 माह | रू0 8614.00 | एए |

1. यह निविदा/बिड सूचना, उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in एवं सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है।
2. निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि, इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से आनलाइन भुगतान द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।

**नोट:–** उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो उसकी सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी जायेगी। अतः निविदा सम्बन्धी अद्यतन जानकारी हेतु निविदादाता नियमित रुप से वेबसाइट का अवलोकन करने का कष्ट करें।

UP-220270, DATE-03-10-2024
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

**अधीक्षण अभियन्ता**
**एकादशम् मण्डल सिंचाई कार्य, अयोध्या**

## एक नजर

### किशोर पर गिरी छत की बीम, हालत नाजुक

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** एक किशोर पर अचानक निर्माणाधीन भवन के छत की बीम गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।यह घटना कोतवाली क्षेत्र के गांव त्रिभुवन का पुरवा मजरे शहजादपुर शुक्रवार की सुबह हुई हैं। गांव के दिलीप कुमार के घर का निर्माण चल रहा है। कुछ दिन पूर्व उनके घर के छत की बीम डाली गई थी। शुक्रवार सुबह उनके बेटा अभिजीत बीम के नीचे खड़ा था। अचानक बीम भरभराकर उसके ऊपर गिर गई, जिससे वहां भगदड़ मच गई। आसपास के लोगों ने किशोर को मलबे से बाहर निकाला और सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### ई-रिक्शा को बस ने मारी टक्कर, तीन घायल

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** रोडवेज बस की टक्कर में ई रिक्शा सवार मां-बेटी समेत तीन सवारियां घायल हो गई, जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार को एक ई रिक्शा जमुनापुर से सवारियां लेकर ऊंचाहार आ रहा था। तभी तहसील के निकट नन्दलाल ढाबा के सामने प्रयाग डिपो की रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा सवार तारा देवी पत्नी संतोष कुमार, उसकी बेटी रूबी निवासी गढ़ी मनिहर थाना गदागंज और अनिल कुमार पुत्र राम शंकर निवासी सेमरी रनापुर घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

### युवती से छेड़छाड़, विरोध करने पर पीटा

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** गांव की एक युवती गांव के सामने पान की दुकान चलाती है। उसका आरोप है कि वह गुरुवार की शाम अपनी दुकान पर बैठी थी। उसी समय गांव का एक युवक आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। उसने युवक का विरोध किया तो उसके पक्ष में कुछ लोग और आ गए और उन लोगों ने उसके साथ मारपीट करने लगे। शुक्रवार को कोतवाली पहुंची पीड़िता ने मामले की तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में जांच करके कार्रवाई की जाएगी ।

### कार की टक्कर से दो महिलाएं घायल

**बछरांवा, रायबरेली, अमृत विचार।** ग्राम बदौरा थाना शिवगढ़ से बछरावां बाइक द्वारा आ रही दो महिलाएं माधुरी व कांती थाना क्षेत्र के ग्राम तिलेंडा पेट्रोल पंप के निकट अनियंत्रित कार ने उन्हें टक्कर मार दी। बाइक चला रहे सुरेश को तो ज्यादा चोंटे नही आयी लेकिन बाइक में पीछे बैठी दोनों महिलाएं रोड पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां माधुरी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### घर पर खड़े ई-रिक्शा की चार बैट्रियां चोरी

**रायबरेली, अमृत विचार।** सलोन कोतवाली क्षेत्र के कस्बा निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता नगर के प्रतिष्ठित थोक व्यवसाई हैं। शुक्रवार की शाम रोज की तरह उनका व्यापारियों के यहां जनरल मर्चेंट की सामाग्रियां डिलीवरी करके ई रिक्सा घर पर ही खड़ा कर दिया था। रात में सभी लोग खाना खाकर घर में सो रहे थे। देर रात अज्ञात चोरों ने ई-रिक्शा का बैटरी बॉक्स खोल कर रिक्शा में लगी चार बैटरी पार कर दी। सुबह जब इसकी जानकारी हुई तो परिजनों में हड़कंप मच गया। पीड़ित का कहना है कि बैटरी चोरी की लिखित शिकायत क्षेत्राधिकारी कार्यालय में दिया है। पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि मामले की तहरीर मिली है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# आंखों में गुस्सा, चेहरे पर गम, पुलिस छावनी में तब्दील सुदामापुर

## अमेठी हत्याकांड : शिक्षक व उसकी पत्नी, दोनों बच्चों के शव गांव लाये गए तो अपनों की चीत्कार से गूंज उठा पूरा गांव, सबकी आंखें हो गयीं नम

**दिलीप सिंह, रायबरेली**

**अमृत विचार:** परिवार का एक मात्र सहारा सुनील, उसकी पत्नी पूनम और दो मासूमों की हत्या से पूरा गांव स्तब्ध है। हर किसी की आंखों में गुस्सा तो चेहरे पर गम साफ झलक रहा था। मिलनसार और शिक्षित होने के कारण वह गांव में हर किसी का प्रिय था। सुबह जब कफन में लिपटकर चारों शव पहुंचे तो अपनों के चीत्कार से पूरा गांव गूंज उठा। हर कोई घटना में शामिल दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा था।

गदागंज थाना क्षेत्र के सुदामापुर निवासी शिक्षक सुनील कुमार (35) पुत्र रामगोपाल अपनी पत्नी पूनम भारती (30), छह साल की बेटी सृष्टि, दो साल की बेटी समीक्षा के साथ अमेठी जिले के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के अहोरवा भवानी कस्बे में रहता था। गुरुवार की देर रात चारों की गोली मारकर हत्या की खबर गांव पहुंची तो हर कोई मृतक के घर जाकर जानकारी लेने लगा। दलित समाज से जुड़ा होने के कारण रात में ही पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया। वहीं सुबह से ही अफसरों का मजमा लग गया। मौके पर अमेठी सांसद केएल शर्मा, राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह, ऊंचाहार विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय, सपा जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव समेत सभी राजनैतिक दलों के नेता पहुंच गए। पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। साथ ही न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

**टूटा गमों का पहाड़, गांव में पसरा सन्नाटा :** जिले के गदागंज थाना क्षेत्र का सुदामापुर गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। बताते है कि सुनील 15 दिन पहले पत्नी व बच्चों के साथ गांव आया था। वह यह कहकर गया था कि अब दिवाली में आऊंगा। दिवाली की खुशियों के पहले गमों का ऐसा पहाड़ टूटने से सुनील के परिजनों के साथ ही पूरा गांव गमगीन हो गया। शुक्रवार की सुबह जब सभी के शव पहुंचे तो चित्कार से पूरा गांव गूंज उठा। हर कोई पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाता दिखाई दिया।



मृतकों के शव सुदामापुर गांव पहुंचने पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार




गदागंज थाना क्षेत्र के सुदामापुर में शव लेकर आता वाहन। अमृत विचार

**चंदन वर्मा और उसके परिवार को पहले से था पता:** पुलिस हत्यारोपी चंदन वर्मा को तलाश कर रही है। पड़ोसियों की माने तो चंदन वर्मा और उसका परिवार एक दिन पहले से ही गायब हो गया। उसका कुछ पता नहीं चल रहा है। हालांकि अंदरखाने में पुलिस द्वारा चंदन वर्मा के गिरफ्तार करने की सुगबुगाहट भी है। लेकिन कोई भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। वहीं परिवार के अचानक चले जाने से आशंका जताई जा रही है कि चंदन वर्मा के इस कारनामे की भनक परिजनों को पहले ही हो गई थी। इसके कारण ही सभी फरार हो गए। आरोपी चंदन वर्मा का परिवार शहर कोतवाली के मटिहा में लल्ला सोनी के यहां किराए पर रहता है। आरोपी के पड़ोसियों से बातचीत करने पर पता चला कि पड़ोसियों से चंदन वर्मा के परिवार के संबंध अच्छे नहीं थे। पड़ोस में होटल चलाने वाले ने बताया कि चंदन ने एक बार जहर खा कर आत्महत्या की कोशिश कर चुका है। संबंध मधुर ना होने के कारण चंदन वर्मा की पड़ोसियों से मुलाकात भी कम होती थी। घर के दूसरे हिस्से में रहने वाले पड़ोसी ने बताया कि आए दिन परिवार में किसी न किसी बात को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न रहती थी।

**▶▶ जहर खाकर जान देने की कर चुका है कोशिश, आए दिन करता था मारपीट**



आरोपी चंदन वर्मा।

### ...नहीं हो सका अंतिम संस्कार

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** सुदामापुर गांव पर जिला ही नहीं बल्कि प्रदेश और देश भर की निगाहें लगी हुई हैं। यहीं वजह रही कि अफसर सतर्क रहे। शिक्षक सुनील, उसकी पत्नी और बच्चों के शव आने के बाद ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। जैसे-तैसे समय बीतता गया। इसके बाद अफसर अंतिम संस्कार को लेकर परिजनों की मान मनौव्वल करते रहे, लेकिन कोई भी तैयार नहीं हुआ। सुबह मृतकों के शव गांव पहुंचने से पहले ही बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स गांव में तैनात कर दिया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक के साथ क्षेत्राधिकारी डलमऊ, उप जिलाधिकारी ऊंचाहार सिद्धार्थ चौधरी मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान मौके पर पहुंचे अफसरों ने शव के अंतिम संस्कार कराए जाने को लेकर जद्दोजहद करते रहे, लेकिन परिजन राजी नहीं हुए। मां रामरती का कहना था कि उनका बेटा मुंबई से आ रहा है। वह अपने भाई से मिलना चाहता है। आ जाने पर ही शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### अमेठी सांसद ने राहुल से पीड़ित के पिता की कराई बात



सांसद राहुल गांधी से मोबाइल पर बात करते सुनील के पिता और बगल में बैठे अमेठी सांसद सांसद किशोरी लाल शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** हत्याकांड की घटना से एक बार फिर सूबे की राजनीति गर्म हो गई है। सांसद राहुल गांधी ने एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा कि उन्होंने इसको लेकर अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा से बात की है। किशोरी जी और हम लोग पीड़ित परिवार के साथ हैं। किशोरी जी आप उनको इंसाफ दिलाने में जुटिए, अगर इंसाफ मिलते न दिखे तो बताइएगा, मै आऊंगा। अमेठी सांसद किशोरीलाल शर्मा ने बताया कि राहुल जी ने पीड़ित के पिता से बात की है। जल्द ही आने का आशवासन दिया है। वहीं अमेठी सांसद केएल शर्मा ने मोबाइल से मृतक के पिता की बात भी कराई। बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी घटना पर शोक जताते हुए एक्स पर स्थानीय पुलिस कर्मियों पर भी कार्रवाई की मांग की।

### लगाया था स्टेटस- जल्द ही पांच लोग मरने वाले हैं

मृतक शिक्षक सुनील कुमार की पत्नी पूनम भारती एवं तिलियाकोट वर्तमान में मटिहा रोड निवासी चंदन वर्मा के बीच प्रेम संबंध थे। मोबाइल चैटिंग एवं वीडियो कॉल रिकॉर्डिंग की स्क्रीनशॉट सामने आई है। मृतक की पत्नी पूनम एवं चंदन वर्मा के बीच आए दिन वीडियो कॉल पर भी बात होती थी। बताया जा रहा है कि पति सुनील के दबाव में पूनम भारती के द्वारा 18 अगस्त को नगर कोतवाली में चंदन वर्मा के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था। शायद इसी बात से नाराज होकर चंदन वर्मा ने घटना को अंजाम दिया। घटना से कुछ ही समय पूर्व उसने अपने फेसबुक स्टेटस लगाया, जिसमें लिखा कि जल्द ही पांच लोग मरने वाले हैं।

### तेलियाकोट का पता आखिर क्यों

इससे पहले 18 अगस्त को छेड़खानी के मामले में सुनील की पत्नी की तहरीर में चंदन वर्मा का पता तेलियाकोट लिखाया गया है, जबकि वर्तमान में वह परिवार के साथ मटिहा में रहता है। ऐसे में पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# अमेठी हत्याकांड के विरोध में प्रदर्शन

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार:** भाकपा माले के पदाधिकारियों ने अमेठी जनपद में शिक्षक व उसकी पत्नी तथा दोनों बच्चों की हुई हत्या के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर धरना प्रदर्शन किया। साथ ही जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की।

इससे पहले भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी भाकपा माले जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अमेठी घटना पर विरोध व्यक्त करते हुए जमकर प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है उससे साफ साबित होता है कि यह कानून का राज खत्म हो गया है। अमेठी जनपद के शिवरतनगढ़ थाना क्षेत्र के अहोरवा भवानी चौराहे पर हुई घटना से भय का माहौल है। कहा कि मृतका पूनम भारती ने 18 अगस्त 2024 को कोतवाली नगर में एक युवक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मारपीट सहित अन्य मामले को लेकर मुकदमा दर्ज कराया था और अपने परिवार के जान की खतरे का भी कई बार उल्लेख किया गया था। इसके बावजदू उक्त मुकदमे में विवेचक ने घोर लापरवाही बरती। सभी ने आरोपियों की गिरफ्तारी और पूर्व में दर्ज मुकदमे के विवेचक को बर्खास्त करने की मांग की है। इस मौके पर उदयभान पटेल, हरीलाल, रामगोपाल, हलीम महमूद, गुलाम अहमद सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते माकपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी। अमृत विचार

# मजदूरी करके सुनील को पढ़ाया, टूट गये सारे सपने

**हर्षित द्विवेदी, रायबरेली**

**अमृत विचार:** बहुत होनहार था मेरा बेटा. पहले पुलिस में सेवा दी थी बाद में शिक्षक बना था और अपने पूरे परिवार का भरसक ख्याल रखता था। लेकिन न जाने किन पापियों की नजर मेरे परिवार पर लगी कि मेरा पूरा परिवार ही टूटकर बिखर गया है। मृतक सुनील के पिता रामगोपाल यह कहते हुए फफक कर रोने लगे। बार-बार यही कहते कि आखिर मेरे बच्चे और मासूमों की क्या गलती थी।

गदागंज थाना क्षेत्र के सुदामापुर गांव के निवासी रामगोपाल आंखों में आंसू भरकर अपना दर्द बयां कर रहे है। मृतक सुनील के पिता बताया मेरा बेटा बहुत होनहार था। सुनील 2017 में पुलिस की नौकरी से त्यागपत्र देकर 2018 में शिक्षक भर्ती में हो गया था। एक दिसम्बर 2021 को सुनील ने अमेठी में पहली जॉइनिंग की थी। पिता रामगोपाल ने बताया ये बदमाश हमारे घर में भी आ चुके हैं, जिसकी सूचना गदागंज थाने में दी गई। लेकिन पुलिस ने दबाव बनवाकर सुलह समझौता करा दिया। बताते हैं कि सुनील को पत्नी के प्रेम प्रसंग की जानकारी थी। इससे वह काफी परेशान रहता था। यही वजह रही कि उसने दूरी बनाने के लिए अहोरवा में कमरा किराए पर ले लिया था। लेकिन शायद उसकी यह कोशिश भी काम नहीं आई। देखते ही देखते पूरा परिवार तबाह हो गया।

**पीड़ित परिवार को मिलेगा न्याय :** भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने युवा नेता शिवेंद्र सिंह के साथ सुदामापुर गांव पहुंचे। यहां पर उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। साथ ही आश्वस्त किया कि मामले में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसी कीमत पर दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री जी मामले को संज्ञान में लिए हुए हैं।



पीड़ित परिवार से मिलते भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी और शिवेंद्र सिंह।

**▶▶ अमेठी जिले में की थी पहली ज्वाइनिंग, पत्नी के प्रेम प्रसंग से रहता था परेशान**

# हत्या की सूचना पर गांव में नहीं जले चूल्हे, पसरा रहा मातम

**राघवेंद्र शुक्ला, जगतपुर**

**रायबरेली:** शिक्षक सुनील कुमार, उनकी पत्नी और दो बच्चों की गोली मारकर हत्या करने की सूचना के बाद सुदामापुर गांव में गुरुवार से ही गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। इस दौरान कई घरों में चूल्हे तक नहीं जले। लोगों की जुबान पर ही सुनील की याद बनी हुई है। सबकी जुबान पर ही उसकी पत्नी को लेकर तरह-तरह की बातें निकाल कर आ रही। लेकिन किसी भी ग्रामीण सुनील के बारे में कुछ ऐसा नहीं कहा। वही शुक्रवार को सुबह लगभग नौ बजे मृतकों का शव पैतृक गांव सुदामापुर पहुंचा तो पिता रामगोपाल, माता राजवती समेत अन्य परिवारीजन दहाड़े मारकर रोने लगे। आसपास के लोग के भी आंखों में आंसू नहीं थम रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि पूरा परिवार उजड़ गया है। मृतक का बड़ा भाई सोनू मुंबई में रहकर दैनिक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। उसके घर पहुंचने के बाद सभी शवों का अंतिम संस्कार किया जाएगा। किसी प्रकार का बवाल ना हो जिसको लेकर गांव में भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। इस दौरान कई थानों की फोर्स गांव में मौजूद है। साथ ही उच्चाधिकारी पूरे मामले में निगरानी बनाए रखे हुए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण कुमार नौहवार व कई थाने के प्रभारी निरीक्षक व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### 2015 में सुनील का यूपी पुलिस में हुआ था चयन

सुनील का चयन यूपी पुलिस 2015 में हुआ था। इसके बाद इन्होंने पुलिस की ट्रेनिंग की। पुलिस विभाग में मन नहीं लगा तो शिक्षा विभाग की ओर रूख कर लिया। यहां पर सहायक अध्यापक के पद पर चयन हो गया। इसके बाद यह अपने परिवार के साथ अमेठी जिले अहोरवा चौराहे के पास किराए के घर में सह परिवार रहने लगा।

### आशनाई बनी परिवार उजड़ने का कारण

सुनील कुमार की पत्नी का अवैध संबंध चंदन वर्मा के साथ होने पर पति भी इस बात का विरोध कर रहा था। 15 दिन पूर्व ही पूरे परिवार को रायबरेली से ले जाकर अमेठी के अहोरवा चौराहे पर किराए के मकान में शिफ्ट हुआ था। मृतक की पत्नी अपने प्रेमी से वीडियो कॉल के माध्यम से बातचीत करती थी। लेकिन किसी बात की खटपट हुई और अपने प्रेमी का नंबर ब्लॉक कर दिया। बताते हैं कि इसके बाद प्रेमी का पारा 7वें आसमान पर चढ़ा और घटना को अंजाम दे दिया।



गांव पहुंचकर जानकारी लेते सपा जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव। अमृत विचार

### गांव में नेताओं का लगा रहा तांता

गांव में मृतकों के शव पहुंचने पर सपा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, बसपा के जिला अध्यक्ष राजेश फौजी, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी व अन्य स्थानीय नेता मौके पर पहुंचे। जगतपुर से जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना भी परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव मदद दिलाने का आशवासन दिया। सूबे के राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर पीड़ित परिवार से मिलने आया हूं। पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाई जाएगी। आरोपियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ऊंचाहार विधायक डा. मनोज पांडे ने कहा कि घटना दुखद है। इसमें राजनीति नहीं होनी चाहिए। आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# परिजनों ने की नौकरी और सहायता की मांग

**संवाददाता, रायबरेली**

अमृत विचार। अमेठी में हुए हत्याकांड के बाद जिले में माहौल काफी गर्म हो गया। मामला दलित परिवार से जुड़ा है ऐसे में विपक्षी दल निशाने पर लिए हैं। शुक्रवार को देर शाम तक अंतिम संस्कार को मान मनौव्वल चलता रहा, लेकिन परिजन तैयार नहीं हुए। अफसर इस बात को लेकर आशंकित हैं कि कहीं इसे तूल न पकड़ा दिया जाए। समझाने-बुझाने के बाद पीड़ित परिवार ने मौके पर मौजूद एएसपी, एसडीएम और सीओ को मांग पत्र सौंपा। जिसमें परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, अपराधी को विधिक कार्रवाई के द्वारा सजा दी जाने का आश्वासन, अपराधी के घर अविलंब बुलडोजर की कार्रवाई, जान माल की सुरक्षा, एक करोड़ की आर्थिक सहायता, पांच बीघा कृषि योग्य भूमि व शस्त्र लाइसेंस दिए जाने की मांग किया।

> उत्तर प्रदेश अपराधों से जकड़ चुका है। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, न जाने कितनी ऐसी घटनाएं कारित की जाएगी। ये तो भगवान ही जाने अमेठी में हुए शिक्षक व उसके परिवार की हत्या के मामले उत्तर प्रदेश पुलिस उस परिवार को न्याय दे पाएगी या नही।
>
> **-अजय राय, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष**

## बैठक

### नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव, परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू ने की विकास कार्यों की समीक्षा, दिए निर्देश

# योजनाओं को धरातल पर लागू करने के लिए सत्यनिष्ठता जरूरी

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार:** नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव, परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। नोडल अधिकारी ने कार्यवृत्त के अनुसार अधिकांश कार्यों पर हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। श्री लू ने जनकल्याणकारी योजनाओं कन्या सुमंगला योजना, मिशन शक्ति, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थियों की जानकारी ली।

समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पत्रों की चयन प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराई जाए जिससे कि कार्यक्रम समय से पूरा हो सके। पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि मंत्री समूह द्वारा दिए गए निर्देशों को समय से पूरा कराया जाए। साथ ही सेतू निगम के अंतर्गत जो भी बाईपास बनाए जा रहे हैं उनका कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए। निर्माण कार्यों के समय यात्रियों की सुविधाओं का भी ख्याल रखे। चिकित्सा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड अधिक से अधिक लाभार्थियों तक पहुंचाएं। राशन वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, पारदर्शिता का पूरा ख्याल रखे। उन्होंने कहा की ऑपरेशन कायाकल्प और अलंकार के अंतर्गत जो भी निर्माण कार्य कराया जा रहा है उनमें गुणवत्ता का ध्यान रखे। सड़क सुरक्षा के तहत जो भी कार्य हो रहे हैं उसमें जन सहयोग का भी सहारा लें। इसके लिए बेसिक और माध्यमिक विभाग मिलकर विद्यार्थियों व छात्रों की जागरूकता रैलियां निकले। मानक विहीन वाहनों को सड़क पर चलने से रोके। ई रिक्शा की समस्या पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा की यह देखे कि ई-रिक्शा चालक यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं साथ ही कुछ चालक निर्धारित आयु से भी काम होते हैं। इस पर उचित कार्रवाई करें। ई-रिक्शा के लिए रूट तय कर दिए जाएं। जरूरत हो तो सिटी बसें चलाई जाए। परिवहन विभाग को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा की विद्यालयों के ड्राइवरों के साथ बैठक कर उन्हें समय समय पर गाइड भी करें। उनकी पहचान भी सुनिश्चित हो जिससे कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। बैठक में डीएम हर्षिता माथुर, एसपी डॉ. यशवीर सिंह, सीडीओ अर्पित उपाध्याय, एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ, एडीएम वित्त अमृता सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।



बचत भवन सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते प्रमुख सचिव।

# समय से पूरे कराएं निर्माण कार्य

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार:** नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू ने उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड के अंतर्गत पुलिस लाइन में निर्माणाधीन आवासीय भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने ने यहां पर चल रहे कार्यों की गुणवत्ता देखी और संबंधित को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और कार्य समय से पूरा करे। कार्य में जो भी सामग्री प्रयोग की जा रही है उसकी गुणवत्ता का ध्यान रखे।

**गो आश्रय स्थल का भी जाना हाल:** नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेंकटेश्वर ने राही ब्लाक स्थित गोचरा निराश्रित गोआश्रय स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार को निर्देश दिया कि आश्रय स्थल में हरे चारे की उपलब्धता हर समय रखी जाए। इसके लिए हरे चारे के उत्पादन की व्यवस्था कराई जाए। गोआश्रय स्थल में प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। पशुओं का समय समय पर चिकित्साकिय जांच कराई जाए। उन्होंने सहभागिता योजनान्तर्गत गोवंश की सुपुर्दगी कराने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी ने गोआश्रय स्थल पर पीपल के पौधे का रोपण भी किया। मौके पर डीएम हर्षिता माथुर, एसपी डॉ यशवीर सिंह, सीडीओ अर्पित उपाध्याय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुली शर्मा, बीडीओ गौरी राठौर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



पुलिस लाइन में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी एल. वेंकटेश्वर लू।

# किसी ने खो दिया पिता तो किसी के घर का बुझ गया चिराग

## मिर्जापुर सड़क हादसा

## भदोही से ढलाई का काम कर वाराणसी लौट रहे थे मजदूर, गुस्साए लोगों ने जाम की सड़क

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** कछवां बाजार थाना अंतर्गत बेकाबू ट्रक ने मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। ट्रैक्टर में सवार दस लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ट्रक पुलिस के कब्जे में है, जबकि उसका चालक फरार है। वहीं, मृतकों में सात का शव मिर्जापुर और तीन का भदोही जिले के थाना औराई पोस्टमार्टम हाउस में पोस्टमार्टम कराया गया है। इस मामले में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि मृतकों को पीएम सहायता राहत कोष से 2 लाख और मुख्यमंत्री सहायता राहत कोष से 2 लाख रूपये की सहायता दी जायेगी। इसके साथ की घायलों की भी मदद भी की जायेगी।


हादसे के बाद घटनास्थल का जायजा लेते अधिकारी। अमृत विचार


नितिन (फाइल फोटो)


राकेश (फाइल फोटो)


सनोहर (फाइल फोटो)


प्रेमकुमार (फाइल फोटो)



अरुण (फाइल फोटो)


सूरज (फाइल फोटो)


अनिल (फाइल फोटो)


रोशन (फाइल फोटो)


भानू (फाइल फोटो)


विकास (फाइल फोटो)

जिले के कछवां थाना क्षेत्र में हुए दर्दनाक हादसे ने 10 मजदूरों की जान ले ली। इससे हर किसी की निगाहें नम हो गई थीं। कई मजदूरों के मासूम बच्चे हैं। उनकी पत्नियां बेसुध हो गई थीं। घटना की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। लिफ्ट मिक्चर मशीन (ढलाई मशीन) के मालिक भानु प्रताप की 4 वर्ष पहले शादी हुई थी। भानु दो भाइयों में बड़ा था। इनको 2 वर्ष की एक बेटी (पीहू) है। पत्नी शशि व मां रीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल रहा। मृतक विकास कुमार तीन भाइयों में सबसे बड़ा और अविवाहित बताया है। स्नातक की पढ़ाई के साथ ही मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मृतक की मां अनीता का रो-रोकर बुरा हाल रहा। अनिल कुमार चार भाइयों में सबसे बड़ा व सूरज छोटा भाई था। दोनों सगे भाई बताए गए। पिता हुबलाल खेती का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते है। छोटा बेटा सूरज दिल्ली में रहकर किसी प्राइवेट कम्पनी में जॉब करता है। 25 दिन पहले वह घर आया था। पिता हुब लाल ने बेटे की शादी करने को घर बुला लिया था। बड़े बेटा अनिल कुमार को आकाश (10) व अमित (8) नामक दो बेटे हैं। मृतक की पत्नी लक्ष्मी की 5 वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। इस हादसे के कारण इन दोनों बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया। मृतक रोशन कुमार दो भाई एक बहन में सबसे छोटा रहा। वह कक्षा 9 का छात्र बताया गया। पिता दीनानाथ फेरी का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मा मंजू सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गईं। मृतक अरुण कुमार पुत्र मुन्ना लाल दो भाइयों में बड़ा था। अरुण का 3 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। निहाल (3) व अरमान (8 माह) दो बेटे है। अरुण कुमार अपने ननिहाल में नवासा पर रहकर काम कर अपने नाना का देखभाल करता था। मृतक प्रेम कुमार गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) रहे। ये भी मजदूरी का काम करते थे। ये तीन बेटे व एक बेटी के पिता हैं। प्रेम कुमार तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक की पत्नी विमला देवी का रो-रो कर बुरा हाल रहा। ट्रैक्टर चालक मृतक सनोहर कुमार अपने पिता का इकलौता पुत्र है, जो अविवाहित था। उसकी दो बहनें हैं। पिता नंदू लाल मजदूरी का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मृतक नितिन चार भाइयों पर तीसरे नंबर पर था, जो 11वीं का छात्र हैं। पिता दौलत राम मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। राकेश कुमार उर्फ मुन्ना तीन माह पूर्व अपने घर आया था, जो इधर उधर मजदूरी कर अर्थोपार्जन करता था। पिता कन्हैया लाल का इकलौते पुत्र था। तीन वर्ष पूर्व राकेश का विवाह हुआ था। पत्नी पूजा देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक चार बहनों में इकलौता भाई था। राकेश को एक बेटा (मयंक) है, जिसका 24 अक्टूबर को पहला जन्मदिवस मनाने की तैयारी चल रही थी। कार्यक्रम संपन्न होने के पहले ही पिता का साया उठ गया। इसीलिए गुजरात न जाकर राकेश इधर-उधर काम करता था।

### पूर्व सांसद रमेश चन्द्र बिंद व सपाजनों ने जाना हाल

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पूर्व सांसद रमेश चन्द्र बिन्द व सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चैधरी ने मृतक के शोकाकुल परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त करते हुए उनको ढांढस बंधाया और प्रत्येक मृतक के परिजनों को दस-दस हजार रूपये दाह संस्कार के आर्थिक सहयोग भी किया। इस अवसर पर सुभाष पटेल, झल्लू यादव, संतोष गोयल, सतीश मिश्रा, दामोदर प्रसाद मौर्या आदि लोग मौजूद रहे।

### अचानक से ट्रक आया और रौंद दिया

ट्रैक्टर ट्राली पर सवार सभी मजदूर भदोही के तिउरी गांव में छत की ढलाई का काम करके वाराणसी अपने घर जा रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे-पीछे बाइक से मजदूरों का ठेकेदार भी चल रहा था, तभी औराई की तरफ से बेकाबू ट्रक आ गया। ट्रैक्टर चालक जब कुछ समझ पाता, तब तक हादसा हो गया। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर फरार हो गया। राहगीरों ने सूचना पर पुलिस पहुंची। राहत बचाव कार्य शुरू किया। क्रेन मंगवाकर ट्रक और ट्रैक्टर को अलग करवाया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया और मृतकों को शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। हादसे के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया। हंगामा करने लगे। इसकी सूचना पर एसपी अभिनन्दन और सीओ सदर पहुंचे। उन्होंने किसी तरह से लोगों को समझा जाम खुलवाया।

# घर से दवा लेने निकली कक्षा दो की छात्रा की हत्या

संवाददाता, प्रयागराज

**16 घंटे बाद घर से 200 की मीटर दूरी पर मिला शव**

**अमृत विचार:** घर से दवा लेने निकली 10 वर्षीय कक्षा दो की छात्रा की हत्या कर शव को घर से 200 मीटर दूर धान के खेत में फेंक दिया गया। वह 16 घंटे से लापता थी। शुक्रवार की सुबह 10 बजे शव मिलने की जानकारी पर घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और अलाधिकारी व फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर शव की शिनाख्त की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बच्ची के शरीर पर मौजूद कपड़े अस्त व्यस्त मिले। घटना में घरवालों ने दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई है। मामला सोरांव थाना अंतर्गत एक गांव का है। टीम ने घटनास्थल पर कई साक्ष्य जुटाकर जांच शुरु करा दी हैं।

गुरुवार की शाम करीब 6 बजे घर से निकली बच्ची के अचानक से लापता होने के बाद परेशान परिजन रात भर बेटी की तलाश करते रहे। परिजनों के मुताबिक बच्ची के वापस न लौटने पर पूरे गांव में खोजबीन की गई, लेकिन कही पता नही चल सका। इसके बाद रिश्तेदारों को भी फोन कर पूछा लेकिन उन्होंने भी बच्ची के बारे में कोई जानकारी नही दी। गांव के व्यक्ति ने बताया कि तुम्हारी बेटी तो दुर्गा पंडाल देखने गई है। परिजन वापस लौटकर दुर्गा पंडाल में भी बेटी को तलाश किया लेकिन वहां भी बच्ची नहीं मिली। परिजन थाने पहुंचकर बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराते उससे पहले बेटी की हत्या की खबर उनके कानों तक पहुंच गई। गांव के कुछ लोगों ने बताया की थोड़ी दूर पर एक लाश मिली है। धान के खेत के पास काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ लगी थी। लोगों ने बताया कि बच्ची के शरीर के कपड़े अस्त व्यस्त थे। उसके सिर और हाथ पर चोट के निशान थे। बच्ची के मामा ने कहा कि पुलिस ने चेहरा नही देखने दिया। सूचना पर सोरांव पुलिस और अलाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। बच्ची कक्षा 2 की छात्रा थी। उन्होंने बताया- बच्ची के पिता को स्पाइनल की परेशानी है। बच्ची इंजेक्शन लेने के लिए मेडिकल स्टोर गई थी। उसके लौटने के इंतजार मे मौत की खबर आ गयी।

> शुक्रवार की सुबह साढ़े 10 बजे सूचना मिली कि सोरांव के एक गांव में धान के खेत में एक बच्ची का शव मिला है। परिजनों की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रथम दृष्टया हाथ और सिर पर डंडे से चोट के निशान मिले हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगा दी गई है। जल्द पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।
>
> -डीसीपी, कुलदीप सिंह गुनावत

### जिले के अधिवक्ताओं में नाराजगी, किया प्रदर्शन

**प्रतापगढ़/रानीगंज अमृत विचार :** लालगंज में संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह की गिरफ्तारी को लेकर शुक्रवार को जिले भर के अधिवक्ताओं में आक्रोश रहा। रानीगंज, कुण्डा में तहसील व दीवानी न्यायालय, सदर तहसील एवं पटटी में भी अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर न्यायिक एवं प्रशासनिक कामकाज का बहिष्कार किया। जिला मुख्यालय पर जूनियर बार एसोशिएसन के अध्यक्ष रोहित शुक्ल की अध्यक्षता में हुई बैठक मे भी लालगंज में अधिवक्ताओं की पुलिस द्वारा रात में गिरफ्तारी के तौर तरीके पर आक्रोश जताया। संचालन महामंत्री संतोष सिंह ने किया। इस मौके पर रूरल बार के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा, पूर्व अध्यक्ष इंदुभाल मिश्र, पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र आदि अधिवक्ता रहे।

# 'मिशन शक्ति-5' के तहत चलेगा विशेष अभियान

संवाददाता, जौनपुर

**जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ की बैठक**

**अमृत विचार:** महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु शारदीय नवरात्र पर 'मिशन शक्ति' के विशेष अभियान (फेज-5) का शुभारम्भ हो गया जिसके सफल क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की जहां उन्होंने कहा कि नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन की दृष्टि से प्रदेश में शारदीय नवरात्र पर मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत विशेष अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया गया है।

यह अभियान 3 अक्टूबर से 90 दिनों तक चलाया जाएगा जिसमें विभिन्न विभागों की सहभागिता से अनेकों गतिविधियां की जाएंगी। सभी विभाग शासनादेश के अनुसार कार्ययोजना बनाकर गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने बताया कि अभियान में महिला पुलिस कर्मी ग्राम न्याय पंचायत हेतु नियुक्त बीसी सखी, राजस्व लेखपाल, एएनएम, आशा वर्कर सहित अन्य सरकारी विभागों के कर्मियों से समन्वय कर 3 बिन्दुओं महिला सुरक्षा, विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना एवं महिला हिंसा से संबंधित सहित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबर फोरम के संबंध में खुली बैठक कर जानकारी प्रदान करेगी। साथ ही उन्होने पंफलेट, होर्डिंग और सेल्फी प्वाइंट बनाए जाने के लिए निर्देश दिए गए। एनजीओ के साथ समन्वय कर कार्यक्रम को सफल बनाए जाने हेतु निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग महिलाओं और बालिकाओं को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करेगा। बेसिक शिक्षा विभाग महिलाओं को शिक्षा से जोड़ेगा।

# लेखपाल संघ अध्यक्ष समेत 28 पर केस

संवाददाता, लालगंज, प्रतापगढ़

**तहसील परिसर में तहसीलदार के विदाई समारोह में फूहड़ गाने पर डांस करने का मामला**

**अमृत विचार :** तहसीलदार लालगंज की विदाई समारोह में राजस्व कर्मचारियों ने फूहड़ गानों पर नृत्यांगनाओं के साथ जमकर डांस किया और खुलेआम रुपये उड़ाये। इस अमर्यादित कृत्य का वीडियो जमकर वायरल हुआ। डीएम के निर्देश पर जांच कर एसडीएम ने लेखपाल संघ के अध्यक्ष सहित तीन राजस्वकर्मियों को निलंबित कर दिया है। शुक्रवार को तीन राजस्वकर्मियों सहित 28 लोगों के खिलाफ लालगंज पुलिस ने केस दर्ज किया है।

लालगंज तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद विदाई समारोह आयोजित किया गया। नृत्यांगनाओं को मंच पर बुलाकर फूहड़ गानों पर कर्मचारियों ने जमकर डांस किया। वीडियो वायरल होने के बाद डीएम संजीव रंजन के निर्देश पर लालगंज एसडीएम नैनसी सिंह ने जांच कर एसडीएम ने पूरे तिलकराम क्षेत्र के लेखपाल कृष्ण कुमार सरोज (लेखपाल संघ अध्यक्ष), देवापुर क्षेत्र के लेखपाल संजय यादव और मेढ़ावां क्षेत्र के संग्रह अमीन बृजेन्द्र बहादुर सिंह को निलम्बित कर दिया। निलंबित राजस्व कर्मचारियों की जांच नायब तहसीलदार (प्रभारी तहसीलदार) को सौपी गयी है। निलंबित राजस्वकर्मियों पर पुलिस ने भी अपना शिकंजा कसा। दरोगा दीपक यादव ने की तहरीर पर तीनों राजस्वकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल नीरज यादव ने बताया कि राजस्वकर्मियों व 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मुकदमा दर्ज होने की जानकारी होने पर शुक्रवार को तहसील में कर्मचारियों में भी खलबली रही।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**कुंडा, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** हथिगवां थाना क्षेत्र के मलाका रजाकपुर गांव निवासी महरानी दीन का 22 वर्षीय बेटा सचिन कुमार धुरिया बिजली का काम करता है। गुरुवार रात करीब दस बजे चन पुरवा जहानाबाद में लगे दुर्गा पूजा पंडाल की लाइट खराब हो गई तो आयोजकों ने बिजली मकैनिक को फोन किया। मकैनिक के साथ ही गांव के दो हेल्पर भी मौके पर पहुंचे। लाइट सही करने के दौरान सचिन अचानक करंट की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस कर अचेत हो गया। युवक के मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता महरानी दीन ने पुलिस को तहरीर दी तो पुलिस ने इत्तेफाकिया घटना दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# प्राचार्य, बीएसए ने पत्रिका ऊंची उड़ान का किया विमोचन

**राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका डॉ. रीनू जायसवाल की सराहनीय पहल**

संवाददाता, प्रयागराज





**अमृत विचार:** प्रयागराज डायट प्राचार्य राजेंद्र प्रताप और प्रयागराज के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने शुक्रवार को पीएम श्री विद्यालय पालपुर चाका की वार्षिक पत्रिका ऊंची उड़ान का विमोचन कार्यालय में किया। डायट प्राचार्य और बीएसए ने वार्षिक पत्रिका के प्रकाशन और विमोचन के लिए राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका डॉ. रीनू जायसवाल को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका डॉ. रीनू जायसवाल ने कहा कि किसी भी विद्यालय की पत्रिका उस विद्यालय का दर्पण होती है। उसी से विद्यालय की सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सामुदायिक गतिविधियों के साथ-साथ साहित्यिक रुचि का भी पता चलता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय की पत्रिका अभिव्यक्ति इस बात का प्रमाण है कि यहां विद्यार्थी के सर्वज्ञ विकास के लिए विद्यालय परिवार प्रतिबद्ध है। राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेता डॉ. रीनू जायसवाल ने कहा कि यह पत्रिका बच्चों की सहायता से तैयार की गई है जिससे छात्रों की तार्किक, काल्पनिक व मानसिक शक्तियों का भी विकास हुआ है। छात्रों में हिंदी भाषा और साहित्य के प्रति अनुराग उत्पन्न हुआ है। विमोचन के पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इस पत्रिका पर अपने कर कमलों द्वारा शुभकामना संदेश लिखा। इस कार्य के लिए उन्होंने डॉ. रीनू जायसवाल, हिना श्रीवास्तव एवं समस्त विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई दी और कहा कि ऐसे कार्य प्रत्येक विद्यालय में होने चाहिए जिससे विद्यालय मे होनेवाली गतिविधियों से यह समाज परिचित हो सके। खंड शिक्षा अधिकारी चाका नरेंद्र देव मिश्र ने विद्यालय पत्रिका के लिए शुभकामनाएं दी गई।

# कार्यालय नगर पंचायत मान्धाता बाजार, प्रतापगढ़

पत्रांक: 76/न0प0मा0या0/2024-25

दिनांक: 04/10/2024

## अल्पकालिक सामान्य निविदा सूचना

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत मान्धाता बाजार, प्रतापगढ़ राज्य वित्त आयोग से स्वीकृत शौचालय मरम्मत कार्य हेतु सामान्य निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 05.10.2024 को समय 04:00 बजे अपरान्ह तक निर्धारित शुल्क जमा करके नगर पंचायत कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है, सामान्य निविदाए दिनांक 14.10.2024 को समय 02:00 बजे तक समस्त अभिलेखो सहित कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में डाली जायेंगी जो उसी दिन 3:30 बजे अपरान्ह निविदा दाताओं की उपस्थिति/अनुपस्थिति जैसी भी स्थिति हो में निविदा समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी। कार्य के संबंध में कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि जी0एस0टी सहित | आगणन धनराशि जी0एस0टी रहित | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य जी0एस0टी सहित (रू में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0 12 सराय – हरनारायाण में शौचालय मरम्मत का कार्य। | 292248.00 | 247668.00 | 24800.00 | 300.00 | 02 माह |
| 2 | वार्ड नं0 11 बासूपुर में शौचालय मरम्मत का कार्य। | 292248.00 | 247668.00 | 24800.00 | 300.00 | 02 माह |
| 3 | वार्ड नं0 08 मे बहरिया में शौचालय मरम्मत का कार्य। | 292248.00 | 247668.00 | 24800.00 | 300.00 | 02 माह |
| 4 | वार्ड नं0 03 लिलौली में शौचालय मरम्मत का कार्य। | 197300.00 | 167203.50 | 16800.00 | 200.00 | |
| 5 | वार्ड नं0 13 मान्धाता पूर्वी में शौचालय मरम्मत का कार्य। | 292248.00 | 247668.00 | 24800.00 | 300.00 | 02 माह |
| 6 | वार्ड नं0 07 कटाता में शौचालय मरम्मत का कार्य। | 292248.00 | 247668.00 | 24800.00 | 300.00 | 02 माह |

**नियम व शर्ते :-**

समस्त शर्ते को पूरा करने वाली फर्म निविदा में प्रतिभाग कर सकती है।

1. सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेगीं।
2. निविदा शुल्क व अग्रिम धरोहर धनराशि नगद/आर.टी.जी.एस. के माध्यम से खाता संख्या **57940100005087 IFSC Code BARB0BUPGBX** बड़ौदा यू0पी0 बैंक शाखा मान्धाता बाजार, प्रतापगढ़ में जमा करना होगा।
3. अग्रिम धरोहर धनराशि यदि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में है, तो ऐसी स्थिति में एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मान्धाता बाजार, प्रतापगढ़ के पक्ष में बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. बिना निविदा शुल्क व धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
5. निविदादाताओं को अनिवार्य रूप से जिलाधिकारी महोदय द्वारा जारी अद्यतन हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र (T4, T5), जी0एस0टी0 पंजियन, आयकर में पंजीयन, श्रम विभाग में पंजियन, सरकारी विभाग में समान श्रेणी के कार्य में पंजियन, किसी भी सरकारी संस्था द्वारा काली सूची में न होने का शपथ पत्र के साथ रू-100 के जनरल स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र (T6) संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, श्रम विभाग में पंजियन के प्रमाणपत्र, सरकारी विभाग में समान श्रेणी के कार्य में पंजियन के प्रमाणपत्र की वैधता वांछित सीमा में ही मान्य होगी। अन्यथा निविदा न्यूनतम दरे प्राप्त होने पर भी निरस्त कर दी जायेगी।
7. ससमय बिन्दु संख्या 02,03,05 में उल्लेखित प्रपत्रो की मूल प्रति उपलब्ध न कराने पर निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
8. अपठनीय / अस्पष्ट स्कैन कापी टेन्डर के साथ अपलोड होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
9. निविदा स्वीकृति होने के उपरान्त कार्य दिवस के अन्तर्गत 48 घण्टे के अन्दर निविदा धनराशि के 0.7 प्रतिशत अथवा 1.2 प्रतिशत की धनराशि के स्टाम्प पर ही अनुबन्ध किया जायेगा। ससमय अनुबन्ध न होने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
10. शासनादेश संख्या-3890/नौ-5-19-149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुपालन में निविदा स्वीकृति के उपरान्त ठेकेदार यदि नगर पंचायत में पंजिकृत नहीं है, तो नगर पंचायत मान्धाता बाजार, जनपद प्रतापगढ में पंजीकरण कराने के उपरान्त ही कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
11. निर्माण कार्यो में परफार्मेन्स सिक्योरिटी के संबंध में पत्र संख्या-11593/नौ-5-2021-142सा/ 2021 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 07 जनवरी, 2022 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार निविदा में निम्न दरे प्राप्त होने पर अनुपालन किया जायेगा। परफारमेन्स गॉरन्टी की धनराशि निविदा खोले जाने की तिथि से तीन दिनों के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत मान्धाता बाजार, जनपद प्रतापगढ में जमा करना अनिवार्य होगा। यदि उक्त समय सीमा के अन्दर परफारमेन्स गॉरन्टी की धनराशि जमा नहीं की जाती है तब जमानत की धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा फर्म/व्यक्ति को काली सूची में डाले जाने की कार्यवाही कर दी जायेगी।
12. ठेकेदार द्वारा निर्धारित समय के अन्दर कार्य पूर्ण न किये जाने की दशा में अनुबन्ध के अनुसार बिलम्ब पर नियमानुसार अर्थ दण्ड देय होगा एवं जमानत धनराशि जब्त कर ठेका निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। ठेकेदार का कोई भी दावा मान्य नही होगा।
13. कार्य हेतु ठेकेदार अथवा उसके सहयोगी द्वारा निविदा इत्यादि कार्य में व्यवधान, अभद्रता, दुर्व्यवहार इत्यादि करने पर सम्बन्धित को ब्लैक लिस्टेड (काली सूची) में करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट सम्बन्धित थाने में दर्ज करायी जायेगी।1
14. ठेकेदारों को कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व, कार्य की प्रगति के दौरान तथा कार्य समाप्ति के उपरान्त कार्य स्थल का फोटो ग्राफ कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
15. जिन ठेकेदारों/फर्मो द्वारा नगर पंचायत मान्धाता बाजार, प्रतापगढ में पूर्व में लिए गये कार्यो को समय से पूर्ण नहीं कराया गया है ये निविदा में भाग नहीं ले सकते हैं।
16. उक्त योजनान्तर्गत समय-समय पर जारी शासनादेशों का अनुपालन निविदादाता/ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।
17. निविदादाता द्वारा उक्त योजनान्तर्गत जारी शासनादेश संख्या-1489/नौ-9-2022-84ज/22 नगर विकास अनुभाग-9 दिनांक 08 अगस्त, 2022 एवं शासनादेश संख्या-125/2022/1954/नौ-9- 2022/001-84जे-22 नगर विकास अनुभाग-9 दिनांक 14 नवम्बर, 2022 में इंगित नियम / शतों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।
18. किसी विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र जनपद प्रतापगढ़ होगा।
19. नगर पंचायत से विवरण प्राप्त कर लोकार्पण पत्थर लगाया जाना अनिवार्य होगा।
20. निविदादाता द्वारा किये गये निर्माण कार्य का अनुरक्षण एवं रख रखाव का कार्य 1 वर्ष तक की जिम्मेदारी कान्ट्रेक्टर / फर्म की होगी तथा 10 प्रतिशत धनराशि गारण्टी के रूप मे 1 वर्ष तक रोंकने के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक होने पर भुगतान किया जायेगा। निर्माण के सम्बंध में शासन द्वारा समय-समय पर प्राप्त होने वाले अन्य आदेशों का पालन फर्म/कान्ट्रैक्टर को करना होगा।
21. कार्य का भुगतान सक्षम स्तर से तकनीकि स्वीकृति उपरान्त प्राप्त दर पर संबंधित फर्म/ठेकेदार को किया जायेगा
22. कार्यो की विस्तृत जानकारी व अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत मान्धाता बाजार, कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
23. निविदादाता को बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा/टेण्डर अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी में निहित होगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत मान्धाता बाजार**
**प्रतापगढ़**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मान्धाता बाजार**
**प्रतापगढ़**



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,688.45 | 25,049.85 |
| गिरावट | 808.65 | 235.50 |
| प्रतिशत में | 0.98 | 0.93 |

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 78,350 |
| सोना रवा | 78,200 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 95,100 |
| चांदी (999) | 95,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत आकर्षक स्थल : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन के तीसरे संस्करण को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी



- बोले- देश आर्थिक वृद्धि का सफर जारी रखने को बदलावों से गुजर रहा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत को आकर्षक स्थल बताते हुए शुक्रवार को कहा कि देश उच्च आर्थिक वृद्धि का सफर जारी रखने के लिए व्यापक स्तर पर बदलावों से गुजर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन के तीसरे संस्करण में कहा कि उनकी सरकार 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने में मदद करने के लिए संरचनात्मक सुधारों को जारी रखने को प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि नौकरियों का सृजन, कौशल विकास, टिकाऊ वृद्धि और लगातार तेज गति से विस्तार पर उनके तीसरे कार्यकाल विशेष जोर है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज एक वैश्विक आपात स्थिति के बीच हम यहां भारतीय युग के बारे में चर्चा कर रहे हैं। यह दर्शाता है कि दुनिया भारत पर किस तरह भरोसा करती है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि वित्त-प्रौद्योगिकी अपनाने की दर के मामले में भारत शीर्ष राष्ट्र के रूप में खड़ा है।

### आम आदमी के जीवन स्तर में होगा सुधार : सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार के उपायों और कुछ साल में प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने के प्रयासों के साथ आम आदमी के जीवन स्तर में तेजी से सुधार आएगा। कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में सीतारमण ने कहा कि भारत में असमानता में कमी आई है। असमानता को मापने के लिए सांख्यिकीय उपाए गिनी गुणांक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सुधार दर्शाता है। क्योंकि ग्रामीण के लिए गिनी गुणांक 0.283 से घटकर 0.266 हो गया है, जबकि शहरी क्षेत्रों के लिए यह 0.363 से घटकर 0.314 हो गया है। उम्मीद है कि ये सुधार जारी रहेंगे।

# मल्टीबैगर स्टॉक : उच्च रिटर्न-संभावनाओं का खजाना

मल्टीबैगर स्टॉक ऐसे शेयर होते हैं जो निवेशकों को उनके प्रारंभिक निवेश की लागत से कई गुना अधिक रिटर्न देते हैं। ये स्टॉक्स उन कंपनियों की ओर से जारी किए जाते हैं जो तेजी से बढ़ती हैं, बाज़ार में उनकी उत्पादों की मांग अधिक होती है, साथ ही उनका प्रबंधन बेहतरीन होता है। इन शेयरों में निवेश से दीर्घकालिक रूप से पूंजी वृद्धि और लाभांश का लाभ मिलता है। हालांकि, मल्टीबैगर स्टॉक्स उच्च जोखिम वाले होते हैं और इनसे जुड़ा अस्थिरता का खतरा भी होता है, इसलिए निवेशकों को सतर्कता और सही रणनीति के साथ ही इसमें निवेश करना चाहिए। आइए इस पर जरा विचार किया जाए ....

### निवेश को लाभ

- **उच्च रिटर्न :** मल्टीबैगर स्टॉक में निवेश से निवेशकों को कई गुना अधिक रिटर्न मिल सकता है।
- **पूंजी वृद्धि :** लंबी अवधि में इन स्टॉक्स से पूंजी में अत्यधिक वृद्धि होती है। ये संपत्ति बढ़ाने के अच्छे साधन हैं।
- **लाभांश :** इन कंपनियों की लाभप्रदता उच्च होती है, जिससे निवेशकों को अधिक लाभांश मिल सकता है।
- **संभावनाओं की खोज :** सही स्टॉक की पहचान करके, आप नए और विकसित होते बाजारों में प्रवेश कर सकते हैं।



### स्टॉक की जानकारी

- **तेजी वृद्धि वाली कंपनियां :** मल्टीबैगर स्टॉक्स अक्सर ऐसी कंपनियों द्वारा जारी किए जाते हैं जो अपने उद्योग में जबरदस्त वृद्धि और विस्तार का अनुभव कर रही होती हैं।
- **उच्च मांग वाले उत्पाद :** इन कंपनियों के उत्पाद अद्वितीय होते हैं और बाजार में उनकी भारी मांग होती है।
- **बेहतर प्रबंधन :** इन कंपनियों में आमतौर पर अनुभवी और कुशल प्रबंधन टीम होती है जो कंपनी के विकास को सही दिशा में ले जाती है।
- **कम जोखिम और ऋण :** ये कंपनियां अक्सर मजबूत बैलेंस शीट और कम कर्ज के साथ काम करती हैं, जो उन्हें बाजार के झटकों से बचने में सक्षम बनाती हैं।

### मल्टीबैगर क्यो करते हैं

ऐसे स्टॉक को मल्टीबैगर इसलिए कहा जाता है क्योंकि ये निवेशकों को उनके निवेश पर कई बैग्स (गुना) का लाभ प्रदान करते हैं। इस टर्म को सबसे पहले प्रसिद्ध निवेशक पीटर लिंच ने अपनी किताब वन अप ऑन वॉल स्ट्रीट में जिक्र किया था तब ये यह लोकप्रिय है।

### निवेश करते समय जोखिम का रखें ध्यान

- **उच्च अस्थिरता :** मल्टीबैगर स्टॉक अस्थिर हो सकते हैं। बाजार में गिरावट या आर्थिक संकट के दौरान, इनके मूल्य में भारी गिरावट आ सकती है।
- **वैल्यू ट्रैप :** कुछ कंपनियां शुरुआत में उच्च विकास दिखा सकती हैं, लेकिन दीर्घकालिक दृष्टिकोण में उनकी वास्तविक मूल्यवृद्धि की क्षमता कम हो सकती है। ऐसे में निवेशक मूल्य जाल में फंस सकते हैं।
- **बाजार बुलबुला :** कुछ मल्टीबैगर स्टॉक उस समय ऊंची कीमतों पर कारोबार कर सकते हैं जब बाजार में बुलबुला हो, जो बाद में फट सकता है और भारी नुकसान का कारण बन सकता है।
- **आर्थिक बुलबुला और गिरावट :** यदि कोई कंपनी आर्थिक बुलबुले का हिस्सा है, तो बुलबुले के फूटने पर स्टॉक की कीमतें गिर सकती हैं, जिससे निवेशक को बड़ा नुकसान हो सकता है।

# पांचवें दिन भी गिरावट, सेंसेक्स 809, निफ्टी 235 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में तनाव और विदेशी पूंजी की निकासी से शुक्रवार को शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक लगातार पांचवें सत्र में गिरावट पर रहे। सेंसेक्स में 809 अंक और निफ्टी में 235 अंक की गिरावट आई। एफएमसीजी, वाहन और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से ऐसा हुआ। बीएसई का सेंसेक्स 808.65 अंक यानी 0.98% फिसलकर 81,688.45 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ये 81,532.68 के निचले और 83,368.32 के ऊपरी स्तर को छुआ। सेंसेक्स में 1,835.64 अंकों का बड़ा उतार-चढ़ाव दिखा। एनएसई का निफ्टी भी 235.50 अंक यानी 0.93% का टूटकर 25,049.85 पर आ गया। कारोबार के दौरान निफ्टी 24,966.80 के निचले और 25,485.05 के ऊपरी स्तर तक गया।

### निवेशकों के डूबे 16 लाख करोड़

मुंबई। बाजार में जारी बिकवाली से चार दिन में निवेशकों के 16 लाख करोड़ से अधिक रुपये डूब गए। सेंसेक्स चार दिन में 4147.67 अंक टूटा। यह शुक्रवार को 81,688.45 अंक पर आ गया। बीएसई की कंपनियों की पूंजी शुक्रवार को 1626691.48 करोड़ कम होकर 4,60,89,598.54 करोड़ रुपये पर आ गई।

# प्याज, आलू की कीमतों ने फीका किया स्वाद

- शाकाहारी भोजन की लागत 28.1 रुपये से 11% बढ़कर 31.3 रुपये हुई
- मांसाहारी भोजन की लागत दो प्रतिशत घटकर 59.3 रुपये हुई
- प्याज, आलू व टमाटर की कीमतें क्रमश: 53, 50 और 18 प्रतिशत बढ़ीं

मुंबई, एजेंसी

आलू, प्याज और टमाटर की कीमतों में उछाल से घर का बना खाना एक साल पहले की तुलना में महंगा हो गया। शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में यह बात कही गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर 2023 में शाकाहारी भोजन की लागत 28.1 रुपये से सितंबर में 11 प्रतिशत बढ़कर 31.3 रुपये हो गई। यह अगस्त में 31.2 रुपये से थोड़ी ही अधिक हुई।

रोटी, राइस, रेट नामक रिपोर्ट में वृद्धि के लिए सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी को जिम्मेदार ठहराया गया है, जो थाली की लागत का 37% हिस्सा है। इसमें कहा गया कि सितंबर में प्याज, आलू तथा टमाटर की कीमतें क्रमशः 53, 50 और 18% बढ़ीं। इसकी वजह प्याज तथा आलू की कम आवक, जबकि बारिश से आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में टमाटर का उत्पादन प्रभावित रहना रही। रिपोर्ट में कहा गया, उत्पादन में कमी से दालों की कीमतों में पिछले साल की तुलना में 14% की वृद्धि हुई, जबकि साल की शुरुआत में कीमतों में कटौती से ईंधन की कीमतों में 11% की गिरावट आई। मांसाहारी थाली की लागत पिछले वर्ष की तुलना में 2% घटकर 59.3 रुपये हो गई, जबकि ब्रॉयलर (मांस) की कीमतों में 13 प्रतिशत की गिरावट आई, जिसका इस थाली में 50 प्रतिशत योगदान है। अगस्त की तुलना में मांसाहारी भोजन की कीमत स्थिर रही।



# सेवा क्षेत्र की गतिविधियां 10 महीने के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां सितंबर में 10 महीने के निचले स्तर पर आ गईं। एक मासिक सर्वेक्षण में शुक्रवार को कहा गया कि नए ऑर्डर, अंतर्राष्ट्रीय बिक्री और उत्पादन वृद्धि में कमी से ऐसा हुआ।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक अगस्त के 60.9 से गिरकर सितंबर में 57.7 पर आ गया। इससे पता चलता है कि उत्पादन में वृद्धि तो हुई है, लेकिन इसकी रफ्तार नवंबर 2023 के बाद से सबसे धीमी थी। खरीद प्रबंधकों से प्राप्त सूचना के आधार पर तैयार सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब है कि गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारत के सेवा पीएमआई आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर में सेवा क्षेत्र में धीमी गति से विस्तार हुआ।



## एक नजर

### तीन इंजीनियरिंग कॉलेजों में बम की सूचना झूठी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में तीन इंजीनियरिंग कॉलेजों को शुक्रवार दोपहर प्राप्त ईमेल में उनके परिसरों में बम की सूचना मिली, जो बाद में झूठी निकली। पुलिस के अनुसार, बासवनगुडी स्थित बेंगलूर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और बीएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग तथा सदाशिवनगर स्थित एमएस रमैया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को अपराह्न एक बजे ईमेल से बम की धमकी मिली। कॉलेज प्रबंधनों ने पुलिस को सूचना दी, जो बम निरोधक और श्वान दस्ते के साथ पहुंची। जांच के बाद, पुलिस को सूचना झूठी मिली।

### कांगड़ा में सड़क हादसे में तीन की मौत

**कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां पुलिस थाना के अंर्तगत गुरुवार देर रात ठानपुरी गांव में मोटर साइकिल और बस दुर्घटना में दो युवकों और एक महिला की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान सदरपुर गांव के राकेश कुमार (35), गुलशन कुमार (34) और गुलशन की पत्नी सुमन (31) के रूप में हुई है। तीनों ही नगरोटा में रिश्तेदारों के घर शादी समारोह में भाग लेने के बाद मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे।


### आठवीं के छात्र की चाकू घोंपकर की हत्या

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में 15 वर्षीय लड़के ने आठवीं कक्षा के छात्र की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस उपमंडल अधिकारी (पाटन) लोकेश डाबर ने शुक्रवार को को बताया कि आरोपी ने पीड़ित रोहित प्रजापति के फोन पर एक मैसेज भी भेजा था, जिसमें झगड़े के बाद उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी।

# कांग्रेस युवाओं को ड्रग्स की दुनिया में धकेल रही

## 5,600 करोड़ की ड्रग्स की जब्ती पर केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने प्रमुख विपक्षी दल को घेरा

नई दिल्ली, एजेंसी



- बोले- मोदी सरकार युवाओं को खेल, शिक्षा व नवोन्मेष की ओर ले जा रही
- कांग्रेस ने आरोपों को निराधार एवं झूठा दिया करार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ड्रग कारोबार से जुड़े 5,600 करोड़ रुपये की जब्ती के मामले में कांग्रेस के पूर्व पदाधिकारी की संलिप्तता पर शुक्रवार को उस पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार जहां युवाओं को खेल, शिक्षा और नवोन्मेष की ओर ले जा रही है, वहीं प्रमुख विपक्षी दल उन्हें ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहता है।

शाह ने एक्स पर कहा कि एक ओर जहां मोदी सरकार नशामुक्त भारत के लिए कतई न बर्दाश्त करने की नीति अपना रही है, वहीं उत्तर भारत से पकड़ी गई ड्रग्स की 5,600 करोड़ रुपये की खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक और शर्मनाक है। भाजपा ने गुरुवार को आरोप लगाया था कि 5,600 करोड़ रुपये की जब्ती के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी को युवा कांग्रेस की दिल्ली इकाई के सूचना का अधिकार (आरटीआई) प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया है।

हालांकि, कांग्रेस ने इन आरोपों को निराधार एवं झूठा करार देते हुए कहा कि सत्तारूढ़ दल ने जिस मुख्य आरोपी तुषार गोयल का जिक्र किया है, उसे 17 अक्टूबर, 2022 को ही संगठन से पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित कर दिया गया था। शाह ने कहा कि कांग्रेस के शासन में मादक पदार्थों से पंजाब, हरियाणा और समग्र उत्तर भारत में युवाओं का जो हाल हुआ, वह सभी ने देखा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार युवाओं को खेल, शिक्षा और इनोवेशन की ओर ले जा रही है, तो वहीं कांग्रेस उन्हें ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहती है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता द्वारा अपने राजनीतिक रसूख से युवाओं को मादक पदार्थो के दलदल में झोंकने का जो पाप किया जाना था, उन इरादों को मोदी सरकार कभी पूरा नहीं होने देगी।

### कोकीन कांग्रेस बन गई प्रमुख विपक्षी पार्टी : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने ड्रग मामले में तुषार गोयल की गिरफ्तारी पर कांग्रेस विपक्षी दल पर आरोप लगाया कि कांग्रेस अब 'कोकीन' का कारोबार करने वाले नेताओं की पार्टी बन गई है। भाजपा मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने युवा कांग्रेस के उस दावे को खारिज कर दिया कि गोयल को 17 अक्टूबर, 2022 को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए निष्कासित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि यह जालसाजी है जिसके लिए कांग्रेस प्रसिद्ध है। जैसे ही वह (गोयल) मामले में आरोपी बना, संगठन से उसके निष्कासन का पत्र पूर्व की तिथि से जारी किया गया। उन्होंने कांग्रेस से उसके दावे की सत्यता का डिजिटल प्रमाण मांगा।

# मोदी की पूंजीवादी नीतियों को तोड़ने के लिए हरियाणीवासी करेंगे प्रहार : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी



- कांग्रेस नेता बोले- हरियाणा में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस रोजगार सृजन पर देगी जोर

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा की आर्थिक नीतियों को लेकर शुक्रवार को उस पर प्रहार किया और कहा कि हरियाणा के लोग जल्द ही प्रधानमंत्री मोदी की पूंजीवादी नीतियों को तोड़ने के लिए अगला प्रहार करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा की सत्ता में आने के बाद कांग्रेस रोजगार सृजन पर जोर देगी तथा राज्य को नशामुक्त किया जाएगा जिससे हर परिवार खुशहाल होगा।

राहुल गांधी ने एक्स पर कहा कि भारत में ऐसे ही छोटे उत्पादकों के 5500 समूह हैं, जो उचित सहयोग पर अपने उत्पादों को दुनिया भर में बेच सकते हैं। उन्हें वित्त, प्रौद्योगिकी, नेटवर्क, ब्रांडिंग और बेहतर आधार प्रदान करने के लिए नीतियों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस सहयोग से दुनिया न केवल हमारी मिठाई का आनंद ले सकती है, बल्कि सोपोर के सेब, बल्लारी की जींस, कोल्हापुरी चप्पल, मेघालय के अनानास, बिहार के मखाने, मुरादाबाद के पीतल के बर्तन और बहुत कुछ का आनंद ले सकती है। बनारसी साड़ियों की वैश्विक सफलता इस बात का एक बड़ा उदाहरण है कि क्या कुछ संभव है।

### भारत से कामगार प. एशिया भेज रही सरकार : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार प. एशिया में युद्ध की स्थिति के बीच इजराइल में 15,000 भारतीय कामगारों की भर्ती में मदद कर रही है। खरगे ने एक्स पर कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच मोदी सरकार की राष्ट्रीय कौशल विकास सहयोग संस्था इजराइल में 15,000 भारतीय कामगारों की भर्ती में मदद कर रही है। इससे पहले कई भारतीय युवाओं को रूस-यूक्रेन युद्ध में जाने के लिए संदिग्ध एजेंटों द्वारा धोखा दिया गया था। उन्होंने दावा किया कि यह मोदी सरकार की युवा विरोधी नीतियों के कारण पैदा हुई बेरोजगारी के बारे में बहुत कुछ बताता है।

## आरक्षण के लिए अनुसूचित जातियों का उप वर्गीकरण

# न्यायालय ने समीक्षा याचिकाएं कीं खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी



- सात सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा- रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नहीं आती नजर

सुप्रीम कोर्ट ने अपने उस फैसले की समीक्षा के अनुरोध वाली याचिकाओं को रद कर दिया, जिसमें कहा गया था कि आरक्षण के लिए राज्यों को अनुसूचित जातियों में उप-वर्गीकरण का संवैधानिक अधिकार है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बीआर गवई, विक्रम नाथ, बेला त्रिवेदी, पंकज मिथल, मनोज मिश्रा और सतीश चंद्र शर्मा की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नजर नहीं आती है। शीर्ष अदालत ने पुनर्विचार याचिकाओं को खुली अदालत में सूचीबद्ध करने के आवेदन भी खारिज कर दिए। एक अलग असहमति वाला फैसला लिखने वाली न्यायमूर्ति त्रिवेदी भी बहुमत से सुनाए निर्णय पर पुनर्विचार का अनुरोध करने वाली याचिकाओं को खारिज करने वाली सात न्यायाधीशों की पीठ का हिस्सा थीं। आदेश 24 सितंबर का है जो आज वेबसाइट पर अपलोड हुआ।

कोर्ट ने एक अगस्त को बहुमत से दिए फैसले में कहा था कि राज्यों के पास अधिक वंचित जातियों के उत्थान के लिए एससी और एसटी के लिए निर्धारित आरक्षण में उप-वर्गीकरण का अधिकार है। सात सदस्यीय संविधान पीठ ने 6:1 के बहुमत से व्यवस्था दी कि राज्यों को एससी और एसटी में उप-वर्गीकरण करने की अनुमति दी जा सकती है ताकि सुनिश्चित हो सके कि इनमें और अधिक पिछड़ी जातियों को आरक्षण दिया जाए।

# रेलवे के निजीकरण का सवाल नहीं, किफायती सेवा पर ध्यान



**नासिक।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि रेलवे के निजीकरण का कोई सवाल ही नहीं है और राष्ट्रीय परिवहन सेवा प्रदाता का ध्यान सभी को किफायती सेवा देने पर है। रेल मंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोग 400 रुपये से कम खर्च में 1,000 किलोमीटर तक आराम से यात्रा कर सकें। उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि पांच वर्षों में रेलवे का पूर्ण कायाकल्प होगा। वंदे भारत, नमो भारत जैसी ट्रेनें, कवच ट्रेन सुरक्षा तंत्र की तैनाती इस बदलाव का नेतृत्व करेंगी। उनका ध्यान प्रदर्शन, सुरक्षा, तकनीक और किफायती सेवा देने पर है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में रेल बजट 2.5 लाख करोड़ रुपये है और 10 वर्षों में 31,000 किलोमीटर नयी पटरियां बिछाई गयी हैं, जो फ्रांस के नेटवर्क से भी अधिक है।

# आदेश की अनदेखी पर ढांचे को करना होगा बहाल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि उसने पाया कि गुजरात के अधिकारियों ने संपत्ति ध्वस्तीकरण संबंधी उसके आदेश की अनदेखी की तो वह उन्हें तोड़े ढांचों को फिर से बहाल करने को कहेगा। न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ 17 सितंबर के आदेश के उल्लंघन पर अवमानना कार्यवाही की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि देशभर में अपराध के आरोपियों सहित अन्य लोगों की संपत्तियों का बिना अदालत की अनुमति के ध्वस्तीकरण नहीं किया जाएगा। पीठ ने सोमनाथ मंदिर के पास ध्वस्तीकरण पर यथास्थिति का आदेश देने से इनकार कर दिया।

# पांच हजार बचाने की कोशिश में महिला ने गंवाए छह लाख

**मुंबई।** मुंबई की महिला ने पांच हजार रुपये बचाने के लिए गूगल पर खोजे एक नंबर को सरकारी हेल्पलाइन समझकर डायल कर दिया और छह लाख की ठगी का शिकार हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि घाटकोपर पश्चिम के चिराग नगर निवासी महिला ने 26 सितंबर को कार्ड विहीन सुविधा का उपयोग कर बैंक मोबाइल ऐप से पांच हजार रुपये निकालने की कोशिश की। किसी तकनीकी खामी से उसे संदेश आया कि पैसा यूपीआई से मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष के खाते केरलसीएमडीआरएफ.कोविड आईसीआईसीआई में चला गया है। महिला ने गूगल की मदद से यूपीआई संचालक भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के टोल फ्री नंबर की तलाश की। सामने आए नंबर पर महिला ने फोन किया और झासे में आर ठगों को खाते, पासवर्ड, पैन संख्या और यूपीआई की जानकारी दे दी, जिसके बाद उसके खाते से छह लाख रुपये निकाले गए।

# वर्तमान में शांति- एकता की महत्ता और बढ़ गई : मुर्मू

जयपुर, एजेंसी



- राष्ट्रपति ने ब्रह्माकुमारीज संस्थान के चार दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन को किया संबोधित

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया के अनेक हिस्सों में व्याप्त अशांति को देखते हुए आज शांति व एकता की महत्ता और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को ये समझना चाहिए कि वह धरती का स्वामी नहीं बल्कि पृथ्वी के संरक्षण के लिए जिम्मेदार है। राष्ट्रपति मुर्मू आबू रोड स्थित ब्रह्माकुमारीज संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय शांतिवन में चार दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में संबोधित कर रही थीं।

सम्मेलन का विषय स्वच्छ व स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिकता है। उन्होंने कहा कि आज विश्व के अनेक हिस्सों में अशांति का वातावरण व्याप्त है तथा मानवीय मूल्यों का क्षरण हो रहा है। मुर्मू ने कहा कि ऐसे समय में शांति व एकता की महत्ता और अधिक बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि शांति केवल बाहरी नहीं बल्कि हमारे मन की गहराई में स्थित होती है। जब हम शांत होते हैं तभी हम दूसरों के प्रति सहानुभूति व प्रेम का भाव रख सकते हैं। इसलिए मन, वचन, कर्म सबको स्वच्छ रखना होता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज जब हम वैश्विक तापवृद्धि और पर्यावरण प्रदूषण के विपरीत प्रभावों से जूझ रहे हैं तब इन चुनौतियों का सामना करने के लिए सभी संभव प्रयास करने चाहिए। मनुष्य को यह समझना चाहिए कि वह इस धरती का स्वामी नहीं है बल्कि पृथ्वी के संरक्षण के लिए जिम्मेदार है। उसे अपने विवेक से इस ग्रह की रक्षा करनी है। मुर्मू ने कहा कि मनुष्य अपने कर्मों को त्याग कर नहीं बल्कि उन्हें सुधारकर ही बेहतर इंसान बन सकता है।

# याचिका के समय से निपटारे का अनुरोध रद, कोर्ट ने कहा- जजों पर बहुत बोझ

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें बंबई हाईकोर्ट में लंबित याचिका के समय से निस्तारण का अनुरोध किया गया है। न्यायालय ने कहा कि न्यायाधीशों पर बहुत काम का बोझ है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट में 92 न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या के मुकाबले वर्तमान में केवल 64 हैं। अदालत ने कहा कि हर न्यायाधीश के पास वाद सूची में 100 से अधिक मामले हैं और जब हाईकोर्ट काम के बोझ से दबा है तो ऐसे निर्देश पारित करना संभव नहीं है, खासकर जब पुराने निष्पादन आवेदन लंबित हों। अदालत निष्पादन याचिका के निपटारे में देरी के खिलाफ एक अपील पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में कहा गया कि निष्पादन याचिका कई बार स्थगित की जा चुकी है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता को शीघ्र सुनवाई के लिए उच्च न्यायालय से अनुरोध करने की स्वतंत्रता होगी।

# एमसीडी स्थायी समिति : चुनाव कराने में जल्दबाजी पर कोर्ट ने उठाए सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- छठे सदस्य का चुनाव कराने में उपराज्यपाल कार्यालय के हस्तक्षेप पर गंभीर
- पीठ ने उपराज्यपाल से कहा- अगली सुनवाई तक अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं कराए

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति के छठे सदस्य का चुनाव कराने में उपराज्यपाल की ओर से की गई जल्दबाजी और प्रक्रिया में हस्तक्षेप पर शुक्रवार को सवाल उठाया। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और आर. महादेवन की पीठ ने उपराज्यपाल से कहा कि वह अगली सुनवाई तक स्थायी समिति के अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं कराए।

अदालत ने 27 सितंबर को स्थायी समिति के सदस्य के लिए चुनाव कराने के वास्ते उपराज्यपाल कार्यालय द्वारा एमसीडी अधिनियम की धारा 487 के तहत शक्ति का इस्तेमाल करने की आलोचना की। पीठ ने कहा कि आपको (एलजी) चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने की शक्ति कहां से मिली? यह विधायी कार्यों में हस्तक्षेप के लिए नहीं है। यह एक सदस्य का चुनाव है। यदि आप इस तरह हस्तक्षेप करते रहेंगे तो लोकतंत्र का क्या होगा? लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा।

## ... तो अगले ओलंपिक में भाग नहीं ले पाएंगे मुक्केबाज

नई दिल्ली, एजेंसी



- विश्व की सर्वोच्च खेल संस्था ने नए सिरे से जारी किए निर्देश
- आईओसी ने कहा- आईबीए से जुड़े राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघों की मान्यता की जाए रद

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने अपने सदस्य देशों से निलंबित अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से संबंध रखने वाले राष्ट्रीय महासंघों की मान्यता खत्म करने के लिए कहा है जिससे इन दोनों खेल संस्थाओं के बीच चल रहा विवाद और गहरा गया है।

आईओसी ने राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) को 30 सितंबर को भेजे गए एक पत्र में दोहराया है कि जो राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ आईबीए के साथ संबंध समाप्त नहीं करेंगे, उन्हें 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में भाग नहीं लेने दिया जाएगा। आईओसी ने कहा एनओसी अब उन राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघों के साथ संबद्ध या संस्थागत संबंध नहीं बनाए रखेगा जो अभी भी आईबीए से संबद्ध है। पत्र में कहा गया है कोई भी मुक्केबाज जिसका राष्ट्रीय महासंघ आईबीए से संबंध रखता है वह लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में भाग नहीं ले पाएगा। संबंधित एनओसी को ऐसे राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ की सदस्यता रद्द करनी होगी। आईओसी ने मई में भी इसी तरह का एक निर्देश जारी किया था। एशियाई मुक्केबाजी परिसंघ ने कुछ सप्ताह पहले आईबीए से अलग होकर वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल होने के खिलाफ मतदान किया था। इसके बाद अब विश्व की सर्वोच्च खेल संस्था ने नए सिरे से निर्देश जारी किए हैं। वर्ल्ड बॉक्सिंग को आईओसी का समर्थन प्राप्त है। भारत भी इस साल की शुरुआत में वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल हो गया था लेकिन उसने यह भी कहा कि वह अपनी आईबीए सदस्यता छोड़े बिना ऐसा कर रहा है। उसके इस कदम की आईबीए ने आलोचना की और कहा था कि वह दो नाव पर सवार नहीं हो सकता। इस मामले में अभी तक कोई स्पष्टता सामने नहीं आई है। आईबीए ने आईओसी के नए निर्देश पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे अपमानजनक राजनीतिक खेल का प्रमाण और महासंघों की स्वतंत्रता का उल्लंघन करने का प्रयास बताया।

### 30 सितंबर को एनओसी को भेजा गया था पत्र

आईबीए ने कहा 30 सितंबर को सभी राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) को भेजा गया पत्र आईओसी के अपमानजनक राजनीतिक खेल का प्रमाण है। आईबीए महासचिव और सीईओ क्रिस रॉबर्ट्स ने इस मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए एनओसी को पत्र लिखा है। यह आईओसी की हमारे राष्ट्रीय महासंघों पर दबाव बनाने की रणनीति है। हम अपने उन राष्ट्रीय महासंघों से शांत बने रहने का आग्रह करते हैं जो आईओसी के मुक्केबाजी को नुकसान पहुंचाने के इन गलत इरादों का पालन नहीं करते हैं।

## 2047 ओलंपिक में शीर्ष पांच में पहुंचाने का लक्ष्य : खेल मंत्री

**ग्वालियर।** खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि भारत 2047 में जब आजादी के सौ साल पूरे करेगा तो देश को ओलंपिक पदक जीतने वाले शीर्ष पांच देशों में शामिल करना है।

उन्होंने यहां लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षण संस्थान के 10वें दीक्षांत समारोह में भाग लेने के बाद पत्रकारों से कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए विश्व स्तरीय कोचों और ट्रेनिंग का पूल तैयार करना होगा। मांडविया ने कहा मुझे ग्वालियर आने की खुशी है क्योंकि यह दिवंगत राजमाता विजयाराजे सिंधिया की कर्मभूमि रही है। देश खेलों के क्षेत्र में आगे बढ रहा है।

भारत जब ओलंपिक 2036 की मेजबानी करेगा तो इसे खेलों में शीर्ष दस देशों में होना चाहिए और जब देश आजादी के सौ साल पूरे होने का 2047 में जश्न मनाएगा तो खेलों में शीर्ष पांच देशों में होना चाहिए। इसके लिए देश को विश्व स्तरीय कोचों का पूल और अभ्यास सुविधाएं चाहिए। इसमें एलएनआईपीए ग्वालियर अहम भूमिका निभा सकता है।

## यूरोपा लीग : मैनचेस्टर यूनाइटेड ने पोर्टो के साथ खेला ड्रॉ मुकाबला

पोर्टो, एजेंसी

स्थानापन्न खिलाड़ी हैरी मैगुइरे के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की बदौलत मैनचेस्टर यूनाइटेड ने यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में पोर्टो के खिलाफ मैच 3-3 से ड्रा खेला।

मैनचेस्टर यूनाइटेड एक समय 2-0 से आगे था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। उसे अंतिम 20 मिनट का खेल 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा क्योंकि ब्रूनो फर्नांडिस को लगातार दूसरे मैच में रेड कार्ड का सामना करना पड़ा। रविवार को प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर यूनाइटेड की टोटेनहम से 3-0 की हार के दौरान भी फर्नांडिस को बाहर भेज दिया गया था। यूरोपा लीग के अन्य मैचों में टोटेनहम ने फेरेन्कवारोस को 2-1 से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। एक अन्य मैच में लाजियो ने भी घरेलू मैदान पर नीस को 4-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

### फीफा का इजराइल को निलंबित करने से इनकार

**ज्यूरिख।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने आयोजित शीर्ष परिषद की बैठक में इजराइली फुटबॉल महासंघ को निलंबित नहीं किया, लेकिन फिलिस्तीन के अधिकारियों द्वारा लगाए गए कथित भेदभाव के आरोपों की अनुशासनात्मक जांच के आदेश दिए। फीफा ने परिषद की बैठक के बाद कहा कि उसका एक सीनियर पैनल फिलिस्तीन के क्षेत्र में स्थित इजराइली फुटबॉल टीमों की इजराइली प्रतियोगिताओं में भागीदारी की जांच करेगा। फिलिस्तीन फुटबॉल महासंघ फीफा से वेस्ट बैंक की बस्तियों की टीमों को अपनी लीग में शामिल करने के लिए इजराइली संस्था के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहा है।

## खेल डायरी

### त्रिकोणीय टूर्नामेंट रद, वियतनाम से मैच खेलेगा भारत

**नई दिल्ली।** वियतनाम में त्रिकोणीय टूर्नामेंट रद होने के बाद भारतीय पुरूष फुटबॉल टीम 12 अक्टूबर को वियतनाम के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दोस्ताना मैच खेलेगी। लेबनान ने देश में जारी संकट के कारण त्रिकोणीय टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया। टूर्नामेंट फीफा के अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो में सात से 15 अक्टूबर के बीच होना था। भारत को वियतनाम के खिलाफ नौ अक्टूबर को और लेबनान के खिलाफ 12 अक्टूबर को खेलना था। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने एक बयान में कहा लेबनान के त्रिकोणीय टूर्नामेंट से नाम वापिस लेने के बाद भारतीय सीनियर पुरूष टीम 12 अक्टूबर को दोस्ताना मैच में वियतनाम से खेलेगी। भारतीय टीम पांच अक्टूबर को कोलकाता में एकत्र होगी आर छह अक्टूबर को अभ्यास करेगी । टीम सात अक्टूबर को वियतनाम रवाना होगी।

### चीमा ने 70 का कार्ड खेला, खिताब के करीब पहुंचे

**विशाखापत्तनम।** चंडीगढ़ के गोल्फर अंगद चीमा ने शुक्रवार को यहां एक करोड़ पुरस्कार राशि के वाइजेग ओपन के अपना दबदबा जारी रखते हुए तीसरे दौर में एक अंडर 70 का कार्ड खेला जिससे वह शीर्ष पर बने हुए हैं। चीमा बीती रात चार शॉट से बढ़त बनाए थे। उन्होंने तीसरे दौर में शानदार कार्ड की मदद से कुल 13 अंडर 200 का स्कोर बना लिया है। अब वह तीन शॉट की बढ़त बनाए हैं। पटना के अमन (66-68-69) ने दो अंडर 69 के कार्ड से से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। उनका कुल स्कोर 10 अंडर 203 अंक है। गुरुग्राम के कार्तिक शर्मा ने दिन का सर्वश्रेष्ठ सात अंडर 64 का कार्ड खेला जिससे वह नोएडा के अमरदीप मलिक और यशस चंद्रा के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

### भारत ने विश्व जू. निशानेबाजी चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

**लीमा (पेरू)।** मुकेश नेलवल्ली, राजवर्धन पाटिल और हरसिमर सिंह रत्था की भारतीय टीम ने आईएसएसएफ विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल की टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारत का यह इस प्रतियोगिता में 11वां स्वर्ण पदक है। वह कुल 16 पदक लेकर पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। भारत ने एक रजत और चार कांस्य पदक जीते हैं। चीन तीन स्वर्ण और एक रजत पदक लेकर दूसरे स्थान पर है। मुकेश का यह प्रतियोगिता में चौथा स्वर्ण पदक है। उन्होंने 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी जीता था। मुकेश और राजवर्धन दोनों ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल के व्यक्तिगत फाइनल में भी जगह बनाई लेकिन वहां वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। राजवर्धन फाइनल में चौथे जबकि मुकेश पांचवें स्थान पर रहे। पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में परीक्षित सिंह बराड़ ने 623 .0 का स्कोर बनाकर भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। शिवेंद्र बहादुर सिंह 618 .4 के स्कोर के साथ 14वें जबकि वेदांत नितिन वाघमारे 613 .2 के स्कोर के साथ 24वें स्थान पर रहे।

### उत्तराखंड के अल्मोड़ा में खेल महाकुंभ का आगाज

**अल्मोड़ा/नैनीताल।** उत्तराखंड में शुक्रवार को खेल महाकुंभ, 2024 का आगाज हो गया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने अल्मोड़ा में इसका शुभारंभ किया। खेल महाकुंभ के तहत आज अल्मोड़ा के हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में खत्याड़ी न्याय पंचायत की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर खेल मंत्री आर्या ने कहा कि खेल महाकुंभ के माध्यम से प्रतिभावान ग्रामीण बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को न्याय पंचायत से ब्लॉक स्तर, जनपद स्तर एवं राज्य स्तर पर अपना दमखम दिखान का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि उत्तराखंड में नई खेल नीति बनी तथा खिलाड़ियों को भी राज्य की सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया गया। खेल महाकुंभ से खेल प्रतिभाओं को सामने आने का मौका मिलता है। अल्मोड़ा के प्रसिद्ध खिलाड़ियों के परिवारजनों को सम्मानित किया तथा लक्ष्य सेन, एकता बिष्ट समेत अन्य खेल प्रतिभाओं के योगदान को सराहा। खेल मंत्री ने मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत चयनित 2049 खिलाड़ियों के खेल उपकरण तथा छात्रवृति के लिए 2,45,88,000 रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में डाली।

## न्यूजीलैंड ने दिया भारत को 161 का लक्ष्य

### कीवी टीम की कप्तान सोफी डिवाइन ने जड़ा अर्धशतक, रेणुका सिंह ने झटके दो विकेट

दुबई, एजेंसी



न्यूजीलैंड की पारी के दौरान कप्तान डिवाइन को स्टंप करने का प्रयास करतीं रिचा, भारतीय महिलाओं ने चूके विकेट लेने के कई मौके। ● एजेंसी

अनुभवी कप्तान सोफी डिवाइन (नाबाद 57 रन) के अर्धशतक से न्यूजीलैंड की महिला टीम ने शुक्रवार को यहां महिला टी-20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में भारत के खिलाफ चार विकेट पर 160 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

पिच पर स्ट्रोक खेलना मुश्किल लग रहा था लेकिन डिवाइन ने 36 गेंद की अपनी पारी के दौरान सात चौके जड़े। दीप्ति शर्मा (चार ओवर में बिना विकेट झटके 45 रन) को छोड़कर ज्यादातर भारतीय गेंदबाजों ने पिच का अच्छा इस्तेमाल किया। डिवाइन और ब्रुक हालिडे (12 गेंद में 16 रन) ने महज 4.2 ओवर में 46 रन की साझेदारी निभाई जिससे पिच को देखते हुए न्यूजीलैंड अच्छा स्कोर बनाने में सफल रही। न्यूजीलैंड के लिए युवा जॉर्जिया प्लिमर ने 34 रन और अनुभवी सूजी बेट्स ने 27 रन का योगदान दिया। डिवाइन ने बल्लेबाजी क्रम में नीचे आने का फैसला किया, उन्होंने भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ शानदार फुटवर्क का प्रदर्शन किया और श्रेयंका पाटिल पर घुटने के बल बैठकर कवर ड्राइव शॉट से अपना अर्धशतक पूरा किया। जेमिमा रोड्रिग्स को छोड़कर भारत का क्षेत्ररक्षण काफी खराब रहा। सूजी और जॉर्जिया ने किस्मत और भारत के खराब क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए पावरप्ले में 55 रन जोड़े। भारतीय गेंदबाज रेणुका सिंह (27 रन देकर दो विकेट) के खराब क्षेत्ररक्षण से भारत ने एक बाउंड्री गंवायी और अरूंधति रेड्डी (28 रन देकर एक विकेट) के ओवर में ऋचा घोष भी बेट्स का ऊंचा कैच लपकने में नाकाम रही जिससे भारत की मुश्किलें बढ़ गईं। लेग स्पिनर सोभना आशा (एक विकेट) ने पावरप्ले के बाद जब गेंदबाजी शुरू की तो उन्होंने न्यूजीलैंड की रन गति पर ब्रेक लगाया। दूसरे छोर पर रेड्डी ने अपनी गेंदों से दबाव बनाया जिससे भारत ने तीन गेंद के अंदर न्यूजीलैंड की सलामी बल्लेबाजों को आउट कर वापसी की।

### स्कोर बोर्ड

**न्यूजीलैंड पारी : 160/4** — 20 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सूजी बेट्स का श्रेयंका बो अरूंधति | 27 | 24 | 2/0 |
| जॉर्जिया प्लिमर का स्मृति बो आशा | 34 | 23 | 3/1 |
| एमेलिया कर का वस्त्राकर बो रेणुका | 13 | 22 | 0/0 |
| सोफी डिवाइन नाबाद | 57 | 36 | 7/0 |
| ब्रूक हैलिडे का स्मृति बो रेणुका | 16 | 12 | 2/0 |
| मैडी ग्रीन नाबाद | 5 | 3 | 1/0 |

अतिरिक्त : 8, गेंदबाजी : पूजा वस्त्राकर 1-0-9-0, रेणुका सिंह 4-0-27-2, दीप्ति शर्मा 4-0-45-0, अरूंधति रेड्डी 4-0-28-1, सोभना आशा 4-0-22-1, श्रेयंका पाटिल 3-0-25-0

## महिला टी-20 विश्व कप

### द. अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को दस विकेट से हराया

**दुबई।** दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के एकतरफा मैच में शुक्रवार को वेस्टइंडीज को दस विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया।

पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 118 रन बनाए। स्टीफानी टेलर ने 41 गेंद में नाबाद 44 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिये बायें हाथ की स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 29 रन देकर चार विकेट लिये जबकि मरियाने काप ने 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 13 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने 55 गेंद में 59 रन बनाए जबकि ताजमिन ब्रिट्ज ने 52 गेंद में 57 रन जोड़े।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को दबाव में रखा। काप ने हीली मैथ्यूज (10 रन) को विकेट के पीछे लपकवाकर पहला झटका दिया। कियाना जोसेफ को बायें हाथ की स्पिनर एमलाबा ने पांचवें ओवर में बोल्ड किया। वेस्टइंडीज के तीन विकेट 32 रन पर गिर गए थे जब काप ने डिएंड्रा डोटिन (13 रन) को आउट किया। इसके बाद से कैरेबियाई टीम बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रही।

## बोपन्ना-डोडिग शंघाई मास्टर्स के दूसरे दौर में

शंघाई, एजेंसी

भारत के रोहन बोपन्ना और क्रोएशिया के उनके जोड़ीदार इवान डोडिग ने शुक्रवार को यहां पाब्लो कैरेनो बुस्टा और पेड्रो मार्टिनेज पर सीधे सेटों में जीत के साथ एटीपी शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई।

बोपन्ना और डोडिग की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 63 मिनट तक चले शुरुआती दौर के मैच में 6-4, 6-3 से जीत हासिल की। इस तरह से इन दोनों ने जोड़ी बनाने के बाद अपने पहले मैच में ही जीत दर्ज की। बोपन्ना और डोडिग ने पांच ऐस लगाए और आठ ब्रेक प्वाइंट में से तीन को भुनाया। उन्होंने अपने सर्विस गेम में चार बार ब्रेक प्वाइंट के मौके भी बचाए और मैच में केवल एक बार सर्विस गंवाई। सुमित नागल और रामकुमार रामनाथन दोनों के पहले दौर में बाहर होने से भारत की एकल में चुनौती पहले ही समाप्त हो चुकी है।

### विश्व टेनिस लीग में हिस्सा लेंगे सुमित नागल

**अबू धाबी।** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल आगामी विश्व टेनिस लीग में हिस्सा लेंगे, जिसमें दुनिया के नंबर पांच खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव, नंबर छह आंद्रे रुबलेव और अमेरिकी ओपन महिला चैंपियन एरिना सबालेंका जैसे कई वैश्विक सितारे खेलते नजर आएंगे। इसकी घोषणा आयोजकों ने शुक्रवार को की। यह लीग 19 से 22 दिसंबर तक प्रतिष्ठित एतिहाद एरिना में आयोजित होगी। डब्लूटीएल में दो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता, पांच ग्रैंडस्लैम चैंपियन, विश्व के शीर्ष 12 पुरुष खिलाड़ियों में से छह और शीर्ष दस महिला खिलाड़ियों में से छह प्रतिस्पर्धा करेंगी।

### स्वियातेक ने कोच से अलग होने का किया फैसला

**वारसॉ।** शीर्ष रैंकिंग वाली पोलैंड की महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने शुक्रवार को अपने कोच टॉमस विक्टोरोव्स्की से अलग होने की घोषणा की और कहा कि यह निर्णय दोनों ने मिलकर लिया है। विक्टोरोव्स्की की कोचिंग में तीन सालों के दौरान स्वियातेक ने अपने पांच ग्रैंडस्लैम खिताबों में से चार जीते और महिलाओं की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंची। स्वियाटेक ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के तीन साल बाद, अपने कोच टॉमस विक्टरोव्स्की के साथ मिलकर हमने अलग होने का फैसला किया। मैं सबसे पहले शुक्रिया कहना चाहती हूं और हमारे कोच के काम की सराहना करती हूं।

## ईरानी ट्राफी : चौथे दिन अभिमन्यु दोहरे और जुरैल शतक बनाने से चूके

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- मुंबई 537 रनों के जवाब में शेष भारत ने बनाए 416 रन

‹‹ अर्धशतकीय पारी खेलने के दौरान पृथ्वी शॉ।

**अमृत विचार :** शेष भारत के सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन (191) जहां अपने अपने दोहरे शतक से 9 रन दूर रह गए। वहीं, विकेटकीपर ध्रुव चंद्र जुरैल (93 रन) भी शतक पूरा करने से 7 रन पहलेआउट हो गये। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद शेष भारत की टीम ज्यादा देर नहीं टिकी। टीम 416 रन बनाकर आउट हो गई। इस प्रकार मुंबई ने पहली पारी में 121 रनों की बढ़त हासिल कर ली है। मुंबई ने चौथे दिन छह विकेट पर 153 रन बना लिए। उसकी बढ़त अब 274 रन हो गई है।

इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में आज सबसे अधिक 12 विकेट गिरे। शेष भारत ने आज चार विकेट 289 रनों के आगे खेलना शुरू किया। टीम का पांचवां विकेट ध्रुव जुरैल (93) के रूप में गिरा। अभिमन्यु ने 191 रनों की खेली। शेष भारत 416 रन तक ही पहुंच सकी।

दूसरी पारी खेलने उतरी मुंबई की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन बाद में विकेटों का पतन तेजी से हुआ। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने 76 रन की पारी खेली। खेल खत्म होने तक मुंबई ने छह विकेट पर 153 रन बना लिए।

## हॉकी इंडिया लीग की सात साल बाद वापसी, पहली बार महिला लीग होगी

नई दिल्ली, एजेंसी



- 28 दिसंबर से नए स्वरूप में होगी वापसी, पुरुष और महिला दोनों टीमें लेंगी भाग

बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की सात साल बाद 28 दिसंबर से नए स्वरूप में वापसी होगी जिसमें पुरुष और महिला दोनों टीमें भाग लेंगी। पुरुषों की प्रतियोगिता में आठ जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता में छह टीमें भाग लेंगी। महिलाओं की स्पर्धा पहली बार आयोजित की जा रही है।

लीग का आयोजन 28 दिसंबर से एक फरवरी तक दो स्थानों राउरकेला और रांची में किया जाएगा। पुरुषों की प्रतियोगिता राउरकेला जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता रांची में खेली जाएगी। लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी यहां 13 से 15 अक्टूबर तक होगी। इसके लिए कुल 10 फ्रेंचाइजी मालिक एकत्र होंगे। खिलाड़ियों की नीलामी तीन श्रेणियों दो लाख रुपये, पांच लाख रुपये और 10 लाख रुपये में की जाएगी। हॉकी इंडिया लीग की वापसी देश में हॉकी के इतिहास में ही एक अहम कदम नहीं है बल्कि महिला हॉकी को बढावा देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। पहली बार महिला लीग शुरू करने से महिला हॉकी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिये मंच मिलेगा। पुरूष वर्ग में फ्रेंचाइजी मालिक चेन्नई (चार्ल्स ग्रुप), लखनऊ (याडु ग्रुप), पंजाब (जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स), पश्चिम बंगाल (श्राची स्पोटर्स), दिल्ली (महेश भूपति की एसजी स्पोटर्स एंड इंटरटेनमेंट), ओडिशा (वेदांता लिमिटेड), हैदराबाद (रिसोल्यूट स्पोटर्स) और रांची (नवोयम स्पोटर्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) हैं।

महिला वर्ग में टीम मालिक हरियाणा (जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स), पश्चिम बंगाल (श्राची स्पोटर्स), दिल्ली (महेश भूपति की एसजी स्पोटर्स एंड इंटरटेनमेंट) और रांची (नवोयम स्पोटर्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) हैं । महिला लीग की बाकी दो टीमों का ऐलान बाद में होगा। हर टीम में 24 खिलाड़ी होंगे जिसमें कम से कम 16 भारतीय खिलाड़ी होंगे। इनमें चार जूनियर खिलाड़ी और आठ अंतर्राष्ट्रीय सितारे होना अनिवार्य है। महिला लीग का फाइनल 26 जनवरी को रांची में होगा जबकि पुरूष का फाइनल एक फरवरी को राउरकेला में खेला जाएगा।

## बॉलीवुड हलचल



### क्रिसमस पर रिलीज होगी आलिया-शर्वरी की अल्फा

**मुंबई।** यशराज फिल्मस के बैनर तले बन रही आलिया भट्ट और शर्वरी स्टारर फिल्म अल्फा क्रिसमस के अवसर पर 25 दिसंबर 2025 को रिलीज होगी। यशराज फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर घोषणा की है कि उनकी बहुप्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर अल्फा, जो वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली महिला प्रधान फिल्म है, 25 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्माण आदित्य चोपड़ा कर रहे हैं। यशराज फिल्मस ने इंस्टाग्राम पर अल्फा का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, क्रिसमस 2025 पर, #अल्फा का उदय होगा! एक एक्शन से भरपूर छुट्टी के लिए तैयार हो जाइए, 25 दिसंबर, 2025। फिल्म अल्फा में बॉलीवुड सुपरस्टार आलिया भट्ट मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी, और उनके साथ उभरती हुई अभिनेत्री शर्वरी होंगी। इस फिल्म में शानदार दृश्य और रोमांचक एक्शन सीक्वेंस के साथ साथ कई अप्रत्याशित ट्विस्ट भी देखने को मिलेंगे।

### स्त्री 2 ने सिनेमाघरों में 50 दिन पूरे किए



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की जोड़ी वाली फिल्म स्त्री 2 ने सिनेमाघरों में हाफ सेंचुरी पूरी कर ली है। फिल्म स्त्री 2 वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म स्त्री का सीक्वल है। फिल्म स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर, राज कुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, तमन्ना भाटिया, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं ।अमर कौशिक के निर्देशन में बनी फिल्म स्त्री 2, का निर्माण दिनेश विजान ने मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे के साथ मिलकर किया है। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज हुई फिल्म स्त्री 2 ने पहले दिन ही शानदार ओपनिंग की थी। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म स्त्री 2 ने पहले हफ्ते में 291 .65 करोड़ रुपये की शानदार कमाई दर्ज की थी। वहीं, दूसरे हफ्ते में फिल्म स्त्री 2 ने अपनी दमदार कमाई जारी रखते हुए 141 .4 करोड़ रुपये की धुंआधार कमाई की। तीसरे सप्ताह स्त्री 2 ने 70 .2 करोड़, चौथे सप्ताह 36 .1 करोड़, पांचवे सप्ताह 24 .65 करोड़, छठे सप्ताह 18 .6 करोड़ की कमाई की। स्त्री 2 को रिलीज हुए 50 दिन हो गए हैं। स्त्री 2 अबतक भारतीय बाजार में करीब 592 करोड़ की कमाई कर चुकी है।

### 25 को रिलीज होगी द लीजेंड ऑफ हनुमान सीजन 5

**मुंबई।** द लीजेंड ऑफ हनुमान सीजन 5 ,डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 25 अक्टूबर को रिलीज होगी। डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने द लीजेंड ऑफ हनुमान सीजन 5 की घोषणा की है, जहां हनुमान एक नए अवतार में प्रकट होंगे इस सीजन में दर्शकों को अद्भुत दृश्य, शानदार ग्राफिक्स और निष्ठा एवं वीरता से भरी एक गहन कथा देखने को मिलेगी। यह सीजन हनुमान के शक्तिशाली पांचमुखी अवतार को पेश करता है, जो उनकी अद्वितीय शक्ति और बुद्धिमानी को दर्शाएगा और दर्शकों को रोमांचक यात्रा पर ले जाएगा। ग्राफिक इंडिया द्वारा निर्मित, शरद देवराजन, जीवन जे. कांग द्वारा सृजित, और शरद केलकर एवं दमन बग्गा की आवाज से सुसज्जित द लीजेंड ऑफ हनुमान सीजन 5, 25 अक्टूबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## मिला खिताब




दक्षिण कोरिया के सियोल में मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में 81 वर्षीय दक्षिण कोरियाई की चोई सून-ह्वा को सर्वश्रेष्ठ पोशाक का पुरस्कार मिला। • एजेंसी

# डिजिटल अरेस्ट में लेकर ठग लूट रहे मोटी रकम

डिजिटल अरेस्ट के मामले इन दिनों तेजी से बढ़ रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट के जरिए साइबर ठग आसानी से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। देशभर में कई लोग इसका शिकार बन चुके हैं। इस मामले में बहुत तरह की सजा हो सकती है। गलत डॉक्यूमेंट बनाने, लोगों से ठगी करने, सरकारी एजेंसी को गुमराह करने की सजा हो सकती है। इसके अलावा मनी लॉन्ड्रिंग हो रही है उसकी सजा, आईटी एक्ट के तहत सजा, ट्राई के कानून के तहत गलत सिम कार्ड लेने की सजा का प्रावधान है।




### क्या है डिजिटल अरेस्ट?

डिजिटल अरेस्ट में किसी शख्स को ऑनलाइन माध्यम से डराया जाता है कि वह सरकारी एजेंसी के माध्यम से अरेस्ट हो गया है, उसे पेनल्टी या जुर्माना देना होगा। डिजिटल अरेस्ट एक ऐसा शब्द है जो कानून में नहीं है। लेकिन, अपराधियों के इस तरह के बढ़ते अपराध की वजह से इसका उद्भव हुआ है। पिछले तीन महीने में दिल्ली-एनसीआर में 600 मामले ऐसे आए हैं, जिनमें 400 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई है। कई सारे अन रिपोर्टेड मामले होते हैं। कई ऐसे मामले भी आते हैं जिसमें ठगी करने की कोशिश करने वाले सफल नहीं हो पाते हैं।

### ऐसे फंसाया जाता है लोगों को

इसमें ठगी करने के 4- 5 तरीके होते हैं। जैसे, किसी कूरियर का नाम लेकर कि इसमें गलत सामान आया है। कुरियर में ड्रग्स है, जिसकी वजह से आप फंस जाएंगे। आपके बैंक खाते से इस तरह के ट्रांजैक्शन हुए हैं जो फाइनेंशियल फ्रॉड रिलेटेड हैं। मनी लॉन्ड्रिंग, एनडीपीएस का भय दिखाकर अधिकतर उन लोगों को फंसाया जाता है, जो पढ़े-लिखे और कानून के जानकार होते हैं। ऐसे लोगों को डराकर उनसे डिजिटल माध्यम से फिरौती मांगी जाती है। अगर उनके खातों में पैसे नहीं हैं तो उनको लोन दिलवाया जाता है। कई बार उनके पास लोन लेने वाले एप्स नहीं होते हैं तो उन एप्स को भी डाउनलोड कराया जाता है। कई बार दो से तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा जाता है।

### इस तरह करें बचाव

- गलत तरीके से सिम कार्ड लेकर बैंक खाता खोला जाता है। पैन कार्ड, आधार कार्ड समेत कई अन्य डेटा को गैरकानूनी तरीके से इकट्ठा किया जाता है। उनके खाते से पैसे ट्रांसफर कराये जाते हैं। इसलिए अपने अपने दस्तावेज संभाल कर रखें।
- कोई भी सरकारी एजेंसी ऑनलाइन तरीके से पूछताछ नहीं करती है। यदि करती है तो आप इसको लेकर सदैव सचेत रहें।
- साइबर फ्रॉड के हेल्पलाइन नंबर या ईमेल से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।
- स्थानीय पुलिस को भी शिकायत दे सकते हैं। अगर आप पुलिस को एक घंटे के भीतर सूचना देते हैं तो ट्रांसफर किए गए पैसे को वापस पाने की संभावना रहती है।

## एक नजर

### श्रीलंका ने 50 भारतीय मछुआरों को रिहा किया

**कोलंबो।** श्रीलंका के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए 50 भारतीय मछुआरों को शुक्रवार को रिहा कर दिया। यह जानकारी यहां स्थित भारतीय मिशन ने दी। दोनों देशों के मछुआरे अनजाने में एक-दूसरे के जलक्षेत्र में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार कर लिए जाते हैं।

### हमलों का जवाब परमाणु हथियारों से देंगे : किम

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने कहा है कि यदि दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने उसके खिलाफ बल प्रयोग किया तो वह उनके हमलों का जवाब परमाणु हथियारों से देगा। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा है कि अगर दक्षिण कोरिया और अमेरिका उसके खिलाफ बल प्रयोग करेंगे तो उनका देश परमाणु हथियारों से जवाब देगा।

### डब्ल्यूएचओ ने डेंगू से निपटने के लिए शुरू की योजना

**जेनेवा।** डब्ल्यूएचओ ने डेंगू और अन्य एडीज मच्छर जनित आर्बोवायरस से निपटने के लिए वैश्विक रणनीतिक तैयारी, तत्परता और प्रतिक्रिया योजना (एसपीआरपी) शुरू की है। संगठन की ओर से शुक्रवार को यह जानकारी दी गयी। अनुमान है कि दुनिया भर में चार अरब लोगों को आर्बोवायरस से संक्रमण का खतरा है, और यह संख्या 2050 तक बढ़कर पांच अरब हो जाने का अनुमान है।

### अवामी लीग के पूर्व सांसद शाहिदुल गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (डीएमपी) ने जून में शुरू हुए विद्रोह के दौरान छात्रों और जनता पर हमलों से संबंधित मामलों में अवामी लीग के पूर्व सांसद शाहिदुल इस्लाम मिलन को गिरफ्तार किया है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, डीएमपी के उपायुक्त तालिबुर रहमान ने कहा कि जेसोर सदर निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित मिलन को जासूसी शाखा ने गुरुवार दोपहर ढाका के गुलिस्तान के फुलबरिया इलाके से गिरफ्तार किया।

### चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू से संक्रमित कई बाघों की मौत

**हनोई (वियतनाम)।** दक्षिणी वियतनाम के एक चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू से संक्रमित होने के बाद 12 से अधिक बाघ मारे गए जिनके अवशेषों को जला दिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सरकारी मीडिया वीएनएक्सप्रेस ने बिएन होआ शहर में वुन जोई चिड़ियाघर के संरक्षक के हवाले से बताया कि पशुओं को पास के फार्म से लाई गईं मुर्गियां खाने के लिए दी गई थी। मारे गए पशुओं में पैंथर और कई शावकों सहित 20 बाघ शामिल थे, जिनका वजन 10 से 120 किलोग्राम के बीच था।

### पहले एमपॉक्स डायग्नोस्टिक परीक्षण को मंजूरी दी

**जिनेवा।** डब्ल्यूएचओ ने अपनी आपातकालीन उपयोग सूची (ईयूएल) प्रक्रिया के अंतर्गत पहले मंकीपॉक्स (एमपॉक्स) इन विट्रो डायग्नोस्टिक (आईवीडी) को सूचीबद्ध किया है, जो वैश्विक स्तर पर एमपॉक्स परीक्षण में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उल्लेखनीय है कि 2024 में, पूरे अफ्रीका में 30,000 से ज्यादा एमपॉक्स के संदिग्ध मामले सामने आए हैं।

# जरूरत पड़ी तो फिर हमला करेंगे : ईरान

## ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनई ने मिसाइल हमले की सराहना कर इजराइल को दी धमकी

तेहरान, एजेंसी

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजराइल पर अपने देश के हालिया मिसाइल हमले की शुक्रवार को सराहना की और कहा कि जरूरत पड़ी तो यह फिर से ऐसा करने के लिए तैयार है। सरकारी टेलीविजन की खबरों में यह जानकारी दी गई। खामेनेई ने पांच साल में पहली बार, शुक्रवार की नमाज के दौरान नेता के तौर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए मिसाइल हमले को ईरान के सशस्त्र बलों का एक शानदार काम करार दिया। मंगलवार को ईरान ने इजराइल पर कम से कम 180 मिसाइलें दागीं, जो दोनों देशों तथा उनके सहयोगियों के बीच तेजी से बढ़ते हमलों की श्रृंखला में नवीनतम है। इसके साथ ही, पश्चिम एशिया एक क्षेत्रव्यापी युद्ध की कगार पर पहुंच गया है।

इजराइल ने कहा कि उसने कई मिसाइलों को नष्ट कर दिया। वहीं, वाशिंगटन में अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी युद्ध पोतों ने इजराइल की रक्षा में सहायता की। ईरान ने कहा है कि उसकी ज्यादातर मिसाइलों ने अपने लक्ष्य को भेदा। खामेनेई (80) ने तेहरान के मुख्य नमाज स्थल मुसल्ला मस्जिद में हजारों लोगों को संबोधित करते हुए, 40 मिनट के अपने भाषण में कहा कि लगभग एक साल पहले 7 अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजराइल पर हमास के नेतृत्व में किया गया हमला फलस्तीनी लोगों की एक वैध कार्रवाई थी। उन्होंने कहा कि मंगलवार को किया गया मिसाइल हमला अंतरराष्ट्रीय कानून, देश के कानून और इस्लामी मान्यताओं पर आधारित था। उन्होंने अफगानिस्तान से लेकर यमन, और ईरान से लेकर गाजा एवं यमन तक के देशों से दुश्मन के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। साथ ही ऐसी कार्रवाई करने के दौरान जान गंवाने वाले लोगों की सराहना की। उन्होंने कहा लेबनान और फिलिस्तीन में प्रतिरोध करने वाले हमारे लोग, आप बहादुर लड़ाके, वफादार और संयमी हैं...ये शहादतें और जो खून बहा है, उससे आपका दृढ़ संकल्प नहीं डगमगाना चाहिए, बल्कि आपको और अधिक दृढ़ बनाना चाहिए। खामेनेई ने अरब देशों को संबोधित करते हुए अपना आधा भाषण अरबी भाषा में



ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई।

### 17 इजरायली सैनिक मारे गए: हिजबुल्ला

**बेरूत।** हिजबुल्ला ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उसने दिन भर सीमा पर हुए संघर्ष में 17 इजरायली सैनिकों को मार डाला। लेबनानी सैन्य सूत्रों और हिजबुल्ला सूत्रों ने सिन्हुआ से कहा कि लगभग 10 घंटे तक चली झड़पों के बाद, हिजबुल्ला लड़ाकू समूह अदाइसेह और काफ़र किला के दक्षिण-पूर्वी गांवों की ओर इजरायल को बढ़ने से रोकने में कामयाब हुए।

### लेबनान में 37 की मौत 151 घायल: मंत्रालय

**बेरूत।** लेबनान के विभिन्न इलाकों में पिछले 24 घंटों में हुए इजरायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या 37 हो चुकी है, जबकि 151 लोग घायल हुए हैं। यह जानकारी लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को दी। मंत्रालय ने कहा कि बेरूत में नौ लोगों की मौत हुई और 24 अन्य घायल हो गए।

### बेरूत इलाकों में भीषण हवाई हमला सीरिया से मुख्य सड़क संपर्क को काटा

**बेरूत।** इजराइल ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरीय इलाकों में रातभर कई चरणों में भीषण हवाई हमले किये तथा लेबनान एवं सीरिया के बीच के मुख्य सड़क संपर्क को काट दिया। इजराइली बमबारी के कारण लेबनान से भाग रहे हजारों लोग जिस सीमावर्ती स्थल से सीरिया में प्रवेश करते हैं वह इसी मार्ग पर स्थित है। रात भर हुए विस्फोटों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरीय इलाकों को हिलाकर रख दिया। हवाई बमबारी के कारण रात में आकाश में धुएं के गुबार और आग की लपटें उठती दिखीं। विस्फोट इतने शक्तिशाली थे कि लेबनान की राजधानी से कई किलोमीटर दूर तक की इमारतें हिल गईं। इजराइली सेना ने फिलहाल यह नहीं बताया है कि उसका लक्ष्य क्या था। हताहतों के बारे में भी अभी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। इजरायली सेना ने शुक्रवार को कहा कि एक दिन पहले बेरूत में एक हमले में हिजबुल्ला के संचार प्रभाग के प्रमुख मोहम्मद राशिद स्केफी की मौत हो गई थी। सेना ने एक बयान में कहा कि स्केफी हिजबुल्ला का एक वरिष्ठ आतंकवादी था जो वर्ष 2000 से संचार इकाई के लिए जिम्मेदार था और संगठन के उच्चाधिकारियों के साथ 'घनिष्ठ रूप से जुड़ा था। लेबनान की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात क्षेत्र में लगातार 10 से अधिक हवाई हमले किये गये। एजेंसी ने बताया कि इजराइली हवाई हमले के कारण व्यस्त 'मसना बॉर्डर क्रॉसिंग' के पास सड़क संपर्क कट गया, जहां से पिछले दो हफ्तों में लेबनान में युद्ध के कारण हजारों लोग भागकर सीरिया में घुस गए थे। दोनों देशों को जोड़ने वाले सबसे व्यस्त सड़क संपर्क को काटने वाले हवाई हमले के एक दिन पहले एक इजराइली सैन्य प्रवक्ता ने कहा था कि हिजबुल्ला सीमा पार से सैन्य उपकरणों के परिवहन की कोशिश कर रहा है।

# भारत का सबसे महत्वपूर्ण और विश्वसनीय भागीदार है अमेरिका : पीयूष गोयल

- वाशिंगटन में अपने डेढ़ दिन के प्रवास के दौरान द्विपक्षीय व्यापार बैठकें कीं

वाशिंगटन, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका को भारत का सबसे महत्वपूर्ण और विश्वसनीय भागीदार बताते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच के बीच व्यापार के क्षेत्र में ऐसे कोई मुद्दे बाकी नहीं रह गये हैं ,जिनका समाधान न किया जा सके । उन्होंने कहा अब हमें विवाद के मुद्दे पर कोई विशेष ध्यान देने की जरूरत नहीं पड़ती , बल्कि अब हम देख रहे हैं कि हम कैसे संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए पहले से, पहले से तैयारी कर सके।

गोयल वाशिंगटन में अपने डेढ़ दिन के प्रवास में विभिन्न द्विपक्षीय व्यापार बैठकों समाप्ति के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। संवाददाता सम्मेलन का आयोजन वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने किया था जिसमें राजदूत विनय क्वात्रा तथा वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में संदीप सचिव संयुक्त सचिव राजेश अग्रवाल भी उपस्थित थे। गोयल वाशिंगटन में अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि और व्यापार मंत्री के साथ क्रमशः व्यापार नीति और पारस्परिक व्यापारिक संबंध हो पर चर्चा के साथ साथ अमेरिका भारत सीईओ फोरम की बैठक की संयुक्त अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि आज दोनों देशों के संबंध बहुत अच्छे दौड़ में हैं, विश्व व्यापार मंच के फोरम पर भी हमारे सारे विवाद समाप्त हो चुके हैं, अब हम और अच्छे विस्तृत संबंध की ओर देख रहे हैं न कि समस्याओं की ओर। भारत की कुछ वस्तुओं को अमेरिका में विशेष वरीयता देने के मुद्दे और और एक दूसरे के यहां अस्थाई तौर पर काम के लिए जाने वाले नागरिकों द्वारा सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में अंशदान के मुद्दे से जुड़े एक सवाल पर गोयल ने कहा इस समय अमेरिका में चुनाव का माहौल है।



पत्रकारों से बात करते पीयूष गोयल।

## कैलिफोर्निया में नए एच5एन1 बर्ड फ्लू के मामलों की पुष्टि

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने गुरुवार को कैलिफोर्निया में एच5एन1 बर्ड फ्लू के दो मानव मामलों की पुष्टि की, जो गोल्डन स्टेट में एच5एन1 का पहला मानव मामला है। ये मामले संक्रमित डेयरी गायों के संपर्क में आने वाले लोगों में सामने आए हैं। सीडीसी के अनुसार, कैलिफोर्निया के नेतृत्व में एक जांच चल रही है। सीडीसी के अनुसार, वर्तमान में, कैलिफ़ोर्निया में पहले और दूसरे पुष्ट मामलों के बीच कोई ज्ञात लिंक या संपर्क स्थापित नहीं हुआ है, जिससे पता चलता है कि ये जानवरों से मनुष्यों में वायरस फैलने के अलग-अलग उदाहरण हैं। संक्रमित जानवरों से मनुष्यों में एच5एन1 के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए सीडीसी कैलिफ़ोर्निया और अन्य राज्यों में सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मिलकर सहयोग कर रहा है।

# बांग्लादेश, भारत और नेपाल में 40 मेगावाट बिजली समझौते

- काठमांडू में त्रिपक्षीय समझौते पर किए हस्ताक्षर

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश, भारत और नेपाल ने बांग्लादेश सरकार की पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन और जल संसाधन सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन की उपस्थिति में 40 मेगावाट के ऊर्जा समझौते पर हस्ताक्षर किये। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड (बीपीडीबी), नेपाल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी (एनईए) और भारत के एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड (एनवीवीएन) द्वारा काठमांडू में एक समारोह में त्रिपक्षीय बिजली बिक्री समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

यह सौदा जून से नवंबर तक पांच महीनों के लिए नेपाल से भारत के रास्ते बांग्लादेश तक 40 मेगावाट बिजली प्रवाहित करने की अनुमति देता है। दीपक खड़का, नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्री, नजमुल अहसन, बांग्लादेश के जल संसाधन सचिव और बांग्लादेश में नेपाल के राजदूत घनश्याम भंडारी भी गुरुवार को समारोह में शामिल हुए। अपने भाषण में सैयदा रिज़वाना हसन ने बताया कि यह समझौता बढ़ते क्षेत्रीय ऊर्जा वाणिज्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, यह न केवल हमारी तात्कालिक ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के बारे में है, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल तरीके से हमारे देशों की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के बारे में भी है। इससे पहले पर्यावरण सलाहकार ने द्विपक्षीय मुद्दों को संबोधित करने के लिए सिंघा दरबार में नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात की।

## न्यूजीलैंड ने शुल्क लगाया तो समाचार के लिंक साझा करना बंद कर देंगे : गूगल

**वेलिंगटन।** गूगल ने शुक्रवार को कहा कि यदि न्यूजीलैंड की सरकार प्रौद्योगिकी कंपनियों को अपने मंच पर प्रदर्शित लेखों के लिए भुगतान को अनिवार्य बनाने वाला कानून पारित करती है, तो वह देश की समाचार सामग्री का अपने मंच पर लिंक साझा करना बंद कर देगी और स्थानीय मीडिया कंपनियों से सहयोग भी रोक देगी। गूगल ने न्यूजीलैंड की समाचार साइट को अपनी सेवा से हटाने का संकल्प शुक्रवार को एक ब्लॉग पोस्ट जारी कर व्यक्त किया। यह उन रणनीतियों की याद दिलाता है, जिसे कंपनी ने तब अपनाया था, जब ऑस्ट्रेलिया और कनाडा हाल के वर्षों में इसी प्रकार के कानून बनाने की तैयारी कर रहे थे। न्यूजीलैंड सरकार ने इस साल जुलाई में हतप्रभ करते हुए घोषणा की थी कि सरकार उस विधेयक पर आगे बढ़ेगी।

# श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व से आर्थिक संकट से उबरने में सहयोग का वादा

- विदेश मंत्री जयशंकर ने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात की

कोलंबो, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच जारी सहयोग को प्रगाढ़ करने के तरीकों एवं भारत-श्रीलंका संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। जयशंकर ने श्रीलंका को आर्थिक संकट से उबरने में भारत के सहयोग जारी रखने के प्रति भी आश्वस्त किया।

श्रीलंका के राष्ट्रपति के रूप में दिसानायके के शपथ लेने के पखवाड़े भर के अंदर, जयशंकर एक दिवसीय दौरे पर शुक्रवार सुबह यहां पहुंचे। उन्होंने श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या और विदेश मंत्री विजिता हेराथ से भी मुलाकात की। दिसानायके के नेतृत्व वाली 'नेशनल पीपुल्स पावर' (एनपीपी) की सरकार के 23 सितंबर को सत्ता में आने के बाद जयशंकर श्रीलंका का दौरा करने वाले पहले विदेशी राजनयिक हैं। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, (श्रीलंका के) राष्ट्रपति से कोलंबो में मिलकर अच्छा लगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं।



श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात करते जयशंकर।

# बांग्लादेश पहुंचे मलेशिया के प्रधानमंत्री, द्विपक्षीय चर्चा की

- 11 वर्षों में किसी मलेशियाई नेता की बांग्लादेश की पहली राजकीय यात्रा की

ढाका, एजेंसी

मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम बांग्लादेश के प्रमुख सलाहकार मुहम्मद यूनुस से मुलाकात करने के लिए शुक्रवार को यहां पहुंचे। यूनुस ने अगस्त में पदभार संभाला था, जब जन-विद्रोह के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पद छोड़ कर देश से चली गयी थीं।

अधिकारियों और मीडिया की खबरों के अनुसार, अनवर की यात्रा व्यापार एवं निवेश, प्रवासी श्रमिकों और रोहिंग्या शरणार्थी संकट पर केंद्रित होगी। यूनुस ने ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर अनवर का स्वागत किया, जहां उन्हें बंदूकों की सलामी दी गयी। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत चले जाने के बाद आठ अगस्त को यूनुस के सत्ता संभालने के बाद से यह किसी विदेशी नेता की बांग्लादेश की पहली यात्रा है। 11 वर्षों में किसी मलेशियाई नेता की बांग्लादेश की पहली राजकीय यात्रा भी है।



मलेशिया के प्रधानमंत्री का स्वागत करते युनस। • एजेंसी

## हैती में गिरोह के हमले में 20 से अधिक की मौत, 50 घायल

**पोर्ट ऑ प्रिंस (हैती)।** अफ्रीकी देश हैती के पोंट सोनडे शहर में एक गिरोह के लोगों ने बृहस्पतिवार को तड़के हमला किया जिसमें बच्चों सहित 20 से अधिक लोग मारे गए और 50 लोग घायल हो गए। एक मानवाधिकार संगठन ने यह जानकारी दी। वार्ता, सुलह एवं जागरुकता आयोग की प्रवक्ता बेर्टाइड हारेस ने बताया कि ग्रान ग्रिफ गिरोह के लोगों ने पोंट-सोनडे शहर में हमला किया और घरों और कारों को आग लगा दी जिसमें कम से कम 20 लोग मारे गए और 50 लोग घायल हो गए। उन्होंने 'रेडियो किस्केया' से कहा, बहुत से लोग इलाका छोड़कर भाग गए। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में लोगों का एक समूह झाड़ियों के बीच से भागता हुआ दिखाई दे रहा है।

**खगोल विज्ञान** | यह बाहरी ग्रह हमसे 210 प्रकाशवर्ष दूर

# पहली बार दुर्लभ वातावरण वाले बाहरी ग्रह की खोज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** खगोलविदों ने पहली बार दुर्लभ वातावरण वाले ग्रह की खोज की है। यह बाहरी ग्रह है, जो हमसे 210 प्रकाशवर्ष दूर है। यह गैसीय ग्रह है, जो बृहस्पति से थोड़ा छोटा है। इसका नाम डब्लूएएसपी 107 बी है। ब्रह्मांड में अनगिनत ग्रह हैं। हमारे ग्रह पर जीवन की मौजूदगी ने पृथ्वी को ब्रह्मांड में विशेष बना दिया है। मगर बाहरी ग्रहों की दुर्लभता को नकारा नही जा सकता है।

हर ग्रह अपने आप में अलग विशेषता रखता है। खोज गया नया बाहरी ग्रह भी कुछ ऐसा ही है, जो पहली बार देखने को मिला है। जेम्स वेब स्पेस टेलस्कोप ने इसके वातावरण को देखा है और पता लगाया कि इसका वातावरण पूर्व से पश्चिम तक असामान्य रूप से दुर्लभ है। यह पहली बार है जब खगोलविदों ने किसी एक्सोप्लैनेट पर ऐसी विषमता का पता लगाया है। यह अपने तारे के सामने से गुजर रहा है और फूला हुआ है। बड़ी बात यह है कि अपने द्रव्यमान के मुकाबले इसका वातावरण बहुत अधिक फुला हुआ है। इसका अपने तारे के सामने से गुजरना असामान्य है। यह बृहस्पति के आकार का लगभग 3/4 है और द्रव्यमान का केवल 10वां हिस्सा है। एरिज़ोना विश्वविद्यालय के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने इस ग्रह के वातावरण का खुलासा किया है।



वेब द्वारा खोजा गया दुर्लभ ग्रह का प्रतीकात्मक चित्र।

### चंद्रमा की तरह है ऑर्बिट

नैनीताल : हमारे चंद्रमा की तरह यह ग्रह भी ज्वारीय रूप से अपने तारे से बंधा हुआ है। इसका मतलब है कि ग्रह का एक हिस्सा हमेशा तारे का सामना करता है, ठीक उसी तरह जैसे चंद्रमा का एक ही पक्ष हमेशा पृथ्वी का सामना करता है। यह ग्रह एक चिलचिलाती भीषण गर्म दुनिया है, जिसका तापमान लगभग 890 डिग्री फ़ारेनहाइट है।